राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 12 , अंक : 362, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शनिवार 15 जूलाई 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का ईडी, सीबीआई को नोटिस

.... पेज 03

नदी में नहाते हुए डूबे दो युवक,एक की मौत दूसरे की तलाश जारी

.... पेज 05

इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान ने आयोजित की प्रशिक्षण कार्यशाला

.... पेज 07

**मंडी में बाढ़**



मंडी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री पूर्व सीएम जय राम ठाकुर और अन्य।

## जम्मू-कश्मीर में सड़क हादसे में तीन मजदूरों की मौत

किश्तवाड। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में एक हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई। ये किरू बिजली परियोजना में काम कर रहे थे। मृतकों की पहचान मशीन ऑपरेटर इरशाद अहमद, ड्राइवर बादल सिंह और वेल्डर चाजू राम के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि इससे पहले गुरुवार को जीटी करनाल रोड पर दो ट्रकों की टक्कर हो गई थी। जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और 14 लोग घायल हो गए।

# गाड़ी सहित परिवार के 5 लोग नदी में डूबे

## हादसे में दो बच्चियों समेत चार की मौत

बिजनौर। बिजनौर के नगीना में दर्दनाक हादसा हो गया। दवाई लेकर मैजिक में सवार होकर वापस अपने घर जा रहे परिवार के पांच लोग गाड़ी सहित नदी में डूब गए। एक तैरकर बाहर आ गया।

वहीं बचे चार लोग नदी में बह गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने हाइड्रोलिक के जरिए रेस्क्यू अभियान चलाया। करीब 10 घंटे के बाद चारों लोगों के शव बरामद हो गए हैं। मरने वालों में ननद, भाभी सहित दो बच्चियां शामिल है।

दरअसल, नगीना के मोहल्ला कलालान रहने वाला अनवर पुत्र अब्दुल जब्बार अपनी पत्नी रूबी (27) बहन शानवी (15) व पुत्री उमेदा साढ़े तीन वर्ष व आयशा डेढ़ वर्ष के साथ शाम 5 बजे नगीना से दवाई लेने पुरैनी गया था। वह पुरैनी से दवाई लेने के बाद नेशनल हाईवे पर जाने के बजाय कस्बा कोटरा से नगीना के लिए रवाना हुआ।

### टोल टैक्स के 150 रुपये बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

दवा लेकर घर लौटते वक्त हाईवे से नगीना जाने में टोल प्लाजा पड़ता है। टोल टैक्स के 150 रुपये बचाने के चक्कर में वह कस्बा कोटरा के रास्ते नगीना अपने घर वापस जा रहा था। रास्ते में पावधोई नदी पड़ती है, जो बारिश होने के कारण विकराल रूप धारण किए हुए हैं।

पुरैनी से निकलते ही समय लगभग 21: 30 बजे पावधोई नदी के पास काफी अधिक जलभराव के कारण सड़क दिखाई न देने पर गाड़ी मैजिक सहित नदी में गिर गया। गिरने की वजह से पांचों में लोग नदी में बह गए। वहीं अनवर अनवर खुद ही तैर कर बाहर आ गया। चार लोग नदी में डूब गए।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हाइड्रोलिक की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाया गया। पुलिस ने गाड़ी को क्रेन की मदद से बाहर निकाला। पुलिस और गोताखोरों ने रेस्क्यू अभियान करीब 10 घंटे चलाया। 10 घंटे बाद अनवर की पत्नी रूबी व बहन शानवी और दोनों बच्चियों के शव बरामद हो गए हैं। एक ही परिवार के चार लोगों की मौत से परिजनों का रो-रोकर बूरा हाल है।

# दिल्ली में बाढ़ से तीन बच्चों की मौत

## यमुना 4 दिन से खतरे के निशान के ऊपर; सुप्रीम कोर्ट, लाल किले तक पहुंचा पानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुकुंदपुर में तीन बच्चों की जलभराव में डूबने से मौत हो गई। दिल्ली पुलिस ने बताया कि तीनों शव अस्पताल भेजे गए हैं। जलभराव में बच्चे कैसे डूबे, इसकी जांच की जा रही है।

इधर, दिल्ली में 4 दिन से यमुना नदी खतरे के निशान के ऊपर है। शुक्रवार सुबह यमुना नदी का जलस्तर 208.40 मीटर पहुंच गया है। यह खतरे के निशान 205 मीटर से 3.4 मीटर ज्यादा है।



दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट के बाहर सड़क पर पानी भर गया है। बाढ़ का पानी यमुना बाजार, लालकिले, राजघाट और आईएसबीटी-कश्मीरी गेट तक पहुंच गया है। यहां 3 फीट तक पानी भर गया।

हालात बिगड़ते देख सीएम अरविंद केजरीवाल ने ड्रेनेज ठीक करने के लिए सेना की मदद मांगी। दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज के मुताबिक, आईटीओ के पास 12 नंबर ड्रेनेज का रेगुलेटर टूटने से बाढ़ का पानी आ रहा है। सीएम ने कहा- रेगुलेटर को आज ठीक कर लिया जाएगा। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और सीएम अरविंद केजरीवाल ने आईटीओ के पास टूटे ड्रेनेज का निरीक्षण किया। स्त्र ने कहा, यह समय किसी को दोष देने या टिप्पणी करने का नहीं है। अभी हमें टीम वर्क करने की जरूरत है। मैं भी बहुत कुछ कह सकता हूं लेकिन अभी इसकी जरूरत नहीं है।

### इन राज्यों में तेज बारिश

दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मिजोरम, मणिपुर, त्रिपुरा, ओडिशा, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल।

### एलजी ने मिलकर काम करने की जरूरत बताई

हालांकि उपराज्यपाल ने कहा कि मौजूदा चुनौती से मिलकर निपटने की जरूरत है। स्थिति को देखते हुए सुबह ही सेना बुला ली गई थी। वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना के जलस्तर में गिरावट आ रही है। सेना, एनडीआरएफ और सरकार की टीमें पूरी मेहनत से काम कर रही हैं। हम पूरी स्थिति पर नजर रख रहे हैं।

### आईपी नाले का रेगुलेटर टूटने से बिगड़ी स्थिति

गुरुवार रात आठ बजे यमुना का जलस्तर 208.66 मिलीमीटर दर्ज किया गया था, जिसमें लगातार गिरावट देखने को मिली। शुक्रवार सुबह 10 बजे यमुना का जलस्तर 208.38 मिलीमीटर आ गया, लेकिन इस कमी के बाद भी दिल्ली के बड़े हिस्से में बाढ़ का पानी भर गया। गुरुवार को आईपी नाले का रेगुलेटर टूटने के बाद यमुना का पानी लगातार वापस जाने लगा।

### केंद्र सरकार के दफ्तरों में भरा पानी

रात 10 से 11 बजे के बीच पानी रिंग रोड के साथ आईपी डिपो, डीटीसी मुख्यालय, निर्माणाधीन डब्ल्यूएचओ भवन, विकास भवन और आसपास स्थित केंद्र सरकार के दफ्तरों में भरने लगा। शुक्रवार सुबह होने तक सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन से लेकर आईटीओ का बड़ा हिस्सा पानी में डूबा था, जिसके चलते रिंग रोड को बंद कर दिया गया। रिंग रोड से आईटीओ की तरफ जाने वाले वाहनों को भी बीच में काफी समय के लिए रोक दिया गया।

**विरोध**



बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान गुरुवार को पटना में विधानसभा मार्च के दौरान पार्टी समर्थकों पर पुलिस की कार्रवाई के विरोध में भाजपा विधायकों ने काले स्कार्फ पहने।

# न्यायमूर्ति भुइयां, भट्टी ने ली सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश पद की शपथ

नयी दिल्ली। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति एस वेंकटनारायणन भट्टी ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पद की शपथ ली।


मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने आज उच्चतम न्यायालय सभागार में दोनों न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलायी। इसके साथी उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों के कुल स्वीकृत 34 पदों के मुकाबले संख्या 32 हो गई है। न्यायमूर्ति भुइयां का कार्यकाल दो अगस्त 2029 और न्यायमूर्ति भट्टी का कार्यकाल छह मई 2027 रहेगा। शीर्ष अदालत के न्यायाधीश पद पर नियुक्त होने से पहले न्यायमूर्ति भुइयां तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति भट्टी केरल उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे। गौरतलब है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम की सिफारिश पर न्यायमूर्ति भुइयां और न्यायमूर्ति भट्टी को पदोन्नत कर उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश 12 जुलाई को नियुक्त किया था। शीर्ष अदालत की कॉलेजियम ने पांच जुलाई को न्यायमूर्ति भुइयां और न्यायमूर्ति भट्टी को पदोन्नत कर उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की थी।

# कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन अर्थव्यवस्था की ताकत : शाह

## भारत में लगभग 65 प्रतिशत लोग कृषि और इससे संबद्ध गतिविधियों के साथ जुड़े है

नयी दिल्ली। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि कृषि, पशुपालन और मत्स्यपालन-आधारित आर्थिक गतिविधियां भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत हैं, लेकिन कभी इनके बारे में देश में चर्चा नहीं होती।

शाह ने सहकारिता से जुड़े एक कार्यक्रम में यहां कहा कि आज ये तीनों सेक्टर मिलकर भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 18 प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं। एक प्रकार से कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और इन्हें मज़बूत करने का मतलब देश की अर्थव्यवस्था को मज़बूत करना है। उन्होंने कहा कि अगर मैन्युफैक्चरिंग द्वारा जीडीपी बढ़ती है तो रोज़ग़ार के



आंकड़े इतने नहीं बढ़ते, लेकिन अगर कोऑपरेटिव के माध्यम से कृषि, पशुपालन और मत्स्यपालन को मज़बूत करते हैं तो जीडीपी के साथ-साथ रोज़ग़ार के अवसर भी बढ़ेंगे।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि भारत में लगभग 65 प्रतिशत लोग कृषि और इससे संबद्ध गतिविधियों के साथ जुड़े हैं, लगभग 55 प्रतिशत कार्यबल कृषि और इससे संबद्ध गतिविधियों में लगा है। उन्होंने कहा कि परोक्ष रूप से देखें, तो इन 65 प्रतिशत लोगों और 55 प्रतिशत कार्यबल के आधार पर ग्रामीण क्षेत्रों में बाकी सभी सेवाएं भी एक प्रकार से कृषि पर ही निर्भर हैं। देश के 86 प्रतिशत किसान छोटे और सीमांत किसान हैं, जिनके पास एक हेक्टेयर से कम भूमि है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में सिर्फ भारत एकमात्र ऐसा देश है, जिसने छोटे किसानों को मज़दूर नहीं बनने दिया और वे अपनी भूमि के मालिक हैं। उन्होंने कहा कि कृषि को आधुनिक बनाने, कृषि उपज के अच्छे दाम पाने और कृषि को फायदेमंद बनाने के लिए हमें परंपरागत तरीकों से बाहर निकलकर आज के समयानुकूल तरीकों को अपनाना होगा और ये पैक्स इसी क्रम में एक नयी शुरूआत हैं।

### एमपी में कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 4 प्रतिशत बढ़ा

**भोपाल।** चुनावी साल में मध्य प्रदेश सरकार सभी वर्गों को खुश करने में जुटी हुई है। शिवराज सिंह चौहान ने आज कर्मचारियों को लेकर बड़ा ऐलान किया है। मध्य प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान 42 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। जनवरी से जून तक महंगाई भत्ते का एरियर 3 बराबर किस्तों में दिया जाएगा। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। प्रदेश में अभी कर्मचारियों को 38 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलता है। इसे 4त्र बढ़ाया गया है। इससे कर्मचारी-अधिकारी को 400 से लेकर 6000 रुपए प्रतिमाह तक का फायदा होगा। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा, हमारी सरकार सदैव से कर्मचारी हितैषी सरकार रही है। कर्मचारियों के हितों में भी हमने अनेकों क्रांतिकारी फैसले किए हैं। पिछले दिनों हम ने घोषणा की थी कि हम राज्य के कर्मचारियों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता देंगे।

# चंद्रयान-3 पृथ्वी की कक्षा में पहुंचा

## 23 अगस्त को शाम 5.47 बजे लैंडिंग होगी

श्रीहरिकोटा। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन यानी इसरो ने शुक्रवार दोपहर 2 बजकर 35 मिनट पर चंद्रयान-3 मिशन लॉन्च किया। आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से एलएमवी3-एम4 रॉकेट के जरिए चंद्रयान को स्पेस में भेजा गया।

16 मिनट बाद चंद्रयान पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक पहुंच गया। इसरो चीफ एस सोमनाथ ने लॉन्च के बाद कहा कि यान ने चंद्रमा की ओर अपनी यात्रा शुरू कर दी है। अगर सब कुछ प्लान के अनुसार रहा तो 23 अगस्त को शाम 5.47 बजे यह चांद पर उतरेगा।

चंद्रयान-3 में लैंडर, रोवर और प्रोपल्शन मॉड्यूल हैं। लैंडर और रोवर चांद के साउथ पोल पर उतरेंगे और 14 दिन तक वहां प्रयोग करेंगे। प्रोपल्शन



मॉड्यूल चंद्रमा की कक्षा में रहकर धरती से आने वाले रेडिएशन्स का अध्ययन करेगा। मिशन के जरिए इसरो पता लगाएगा कि चांद की सतह पर कैसे भूकंप आते हैं। यह चंद्रमा की मिट्टी का अध्ययन करेगा।

### मुर्मू , मोदी ने चन्द्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण पर दी बधाई

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भारत के तीसरे चन्द्र मिशन चन्द्रयान-3 के सफलतापूर्वक प्रक्षेपण पर भारतीय अतंरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को बधाई दी और वैज्ञानिकों की सराहना की। मुर्मू ने जहां इसे अंतरिक्ष अन्वेषण में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया, वहीं मोदी ने कहा



कि चंद्रयान-3 ने भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नया अध्याय लिखा है और हर भारतीय के सपने और महत्वाकांक्षाओं ने ऊंची उड़ान भरी है। राष्ट्रपति ने एक ट्वीट में कहा, भारत ने चंद्रयान-3 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया जो अंतरिक्ष अन्वेषण में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इसरो और उनकी टीम और इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए अथक प्रयास करने वाले सभी वैज्ञानिकों को हार्दिक बधाई ! मुर्मू ने कहा, यह उन्नति के प्रति देश की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उन्नति के लिए देश की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। चंद्र मिशन की सफलता के लिए मेरी शुभकामनाएं। मोदी ने सफल मिशन के बाद ट्वीट किया, चंद्रयान-3 ने भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नया अध्याय लिखा है। यह हर भारतीय के सपनों और महत्वाकांक्षाओं को ऊंचा उठाते हुए ऊंची उड़ान भरता है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हमारे वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण है।

**अलर्ट** — लोगों को नदी-नालों के आसपास न जाने की हिदायत; 1 हजार सड़कें अभी भी बंद

# हिमाचल प्रदेश में 5 दिन भारी बारिश का अलर्ट

शिमला। हिमाचल में आपदा से जनजीवन अभी सामान्य भी नहीं हो पाया है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले पांच-छह दिन के लिए भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी कर दिया है। पहाड़ों पर मानसून आज एक्टिव होगा और कुछेक स्थानों पर तेज बारिश हो सकती है। कल से अगले 96 घंटे तक ज्यादा क्षेत्रों में भारी बारिश का पूर्वानुमान है।

राज्य सरकार ने मौसम विभाग के अलर्ट को देखते हुए प्रदेशवासियों और सैलानियों से सावधानी बरतने की अपील की है। इस दौरान उफनते हुए नदी-नालों, लैंडस्लाइड संभावित क्षेत्रों, जलभराव वाले स्थानों पर नहीं



जाने और गैर जरूरी यात्राएं टालने की सलाह दी है। प्रदेश में 19 जुलाई तक मौसम साफ होने के आसार नहीं है। ऐसे क्षेत्रों में जाना खतरनाक साबित हो सकता है। राहत की बात यह है कि पिछले 48 घंटों के दौरान प्रदेश में बहुत कम बारिश हुई है। इससे जगह-जगह फंसे हुए 60 हजार से ज्यादा लोग रेस्क्यू हो पाए हैं। कुछ सड़कों, पेयजल योजनाओं और बिजली के ट्रांसफार्मर को भी शुरू करने में सफलता मिली है।

प्रदेश में 8 से 10 जुलाई के बीच हुई भारी बारिश से 4 हजार करोड़ रुपए की सरकारी व निजी संपत्ति तबाह हुई है। आज भी 1 हजार से ज्यादा सड़कें लैंडस्लाइड, पुल बहने तथा जमीन धंसने की वजह से अवरुद्ध पड़ी हैं। इससे 1200 से ज्यादा रूटों पर बस सेवाएं शुरू नहीं हो पाई हैं। इसका असर जनता की आवाजाही पर पड़ा है। लोगों को एक स्थान से दूसरे जगह जाने में कठिनाई हो रही है।

प्रदेश में 800 से ज्यादा पेयजल योजनाएं और 2500 के करीब बिजली के ट्रांसफार्मर ठप हैं। इससे दर्जनों गांव में चार-पांच दिन से अंधेरा पसरा हुआ है। कई घरों में पीने को साफ पेयजल नहीं मिल पा रहा है। पेयजल योजनाएं ठप होने से कई शहरों व गांव में पेयजल संकट गहरा गया है।

### कुल्लू में अब तक 18 शव बरामद

कुल्लू जिले में अभी तक करीब 18 शव बरामद हो गए हैं। इनमें से पांच की पहचान नहीं हो पाई है। 8 से 10 जुलाई की भारी बारिश के कारण आपदा में 34 लोगों ने जान गंवाई है। प्रदेश में 24 जून से अब तक सड़क हादसों, ढांक से गिरने, लैंडस्लाड, बादल फटने, फ्लैश फ्लड की चपेट में आने से 91 लोगों की मौत हो गई है।

# हिमाचल में श्रद्धालुओं की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, पांच की मौत, चार गंभीर

एजेंसी

शिमला। हिमाचल प्रदेश की सड़कों पर वाहन चालकों की लापरवाही के कारण हादसों में इजाफा होता जा रहा है। ताजा मामले में मंडी जिला के बीएसएल थाना के तहत कुशला क्षेत्र में एक बोलेरो गाड़ी गहरी खाई में जा गिरी जिससे पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को देर रात गहरी खाई से निकाल कर मेडिकल कॉलेज नेरचौक पहुंचाया गया। जहां उनका उपचार जारी है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक वाहन पर सवार लोग देव कमरूनाग मंदिर के दर्शन कर लौट रहे थे। जैसे ही बोलेरो गाड़ी कुशला गांव के समीप पहुंची तो अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी।

हादसे में गाड़ी में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिन्हें मेडिकल कॉलेज नेरचौक में भर्ती करवाया गया है। घटना की भनक लगते ही पुलिस व स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायलों व मृतकों के शवों को खाई से सड़क मार्ग पहुंचाया।

वहीं डीएसपी दिनेश कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम व स्थानीय लोग मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्य में जुटे रहे। लेकिन अंधेरा होने के कारण राहत व बचाव कार्य में परेशानी झेलनी पड़ी। जिसके बाद कड़ी मशक्कत कर घायलों व मृतकों के शवों को सड़क मार्ग तक पहुंचाया।

हादसे में घायलों की पहचान चालक अनिल दत्त (51) पुत्र स्वर्गीय रूपचंद गांव कोलथी, संजीव कुमार (38) पुत्र केशव दत गांव पंजराह, किरपा राम (38) पुत्र मजरू राम गांव पौडाकोठी, कमल कुमार (22) तुला राम गांव डोलाधार हुई है, जबकि मृतकों की पहचान लाला राम (50) पुत्र गंगू राम गांव डोलधार, रूप लाल (50) पुत्र परस राम गांव डोलधार, सुनिल कुमार (36) पुत्र बेशर राम गांव पंजराह, गोबिन्द राम (60) पुत्र रघुराम गांव डोलधार, मोहण (50) पुत्र किरपा राम गांव कुशला के तौर पर हुई है।

## चीतों की मौत के मामले में कमलनाथ का जिम्मेदारों से आग्रह

मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों की लगातार मौत के मामले में आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने कहा कि जिम्मेदार व्यक्ति शीघ्र ही ऐसी कोई योजना बनाएं, जिससे इन प्राणियों के जीवन की रक्षा हो सके। पूर्व मुख्यमंत्री ने ट्वीट के माध्यम से कहा कि कूनो में अब तक आठ चीतों की मौत का समाचार प्राप्त हुआ है। चीतों की लगातार मौत के बावजूद अब तक कोई योजना सामने नहीं आयी है, जिसके जरिए इन वन्य जीवों को संरक्षित किया जा सके।



नई दिल्ली
शनिवार 15 जूलाई 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### एपीएचसी सदस्य पर पीएसए के तहत मामला दर्ज

श्रीनगर। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में एक पूर्व आतंकवादी एवं अलगाववादी समूह ऑल पार्टीज हुर्रियत कॉन्फ्रेंस (एपीएचसी) के सदस्य पर राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के निवासी अमीर हमजा शाह को गिरफ्तार किये जाने के बाद जिला जेल बारामूला में बंद कर दिया गया है। बांदीपोरा पुलिस ने एक ट्वीट किया, बांदीपोरा पुलिस ने एक पूर्व आतंकवादी एवं एपीएचसी के सदस्य अमीर हमजा शाह निवासी क्विलमुकाम बांदीपुरा के खिलाफ पीएसए के तहत मामला दर्ज किया और उसे लगातार राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहने के कारण जिला जेल बारामूला में बंद कर दिया। गौरतलब है कि जम्मू और कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) और एपीएचसी के 10 कार्यकर्ताओं को श्रीनगर में गिरफ्तार किया गया और गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया गया, क्योंकि वे कथित तौर पर प्रतिबंधित संगठनों को पुनर्जीवित करने की योजना बना रहे थे।

### सिद्दारमैया ने भाजपा का मजाक उड़ाया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शुक्रवार को विधान परिषद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का मजाक उड़ाते हुए कहा कि वह (भाजपा) एचडी कुमारस्वामी को नेता प्रतिपक्ष बनाना चाहती है, क्योंकि भगवा पार्टी ने अभी तक किसी को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त नहीं किया है। सिद्दारमैया ने कहा, आप दावा करते हैं कि भाजपा अनुशासन वाली पार्टी है और फिर भी नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति नहीं कर सकी। मुझे नहीं पता था कि भाजपा राजनीतिक रूप से इतनी दिवालिया हो जाएगी। मुझे लगता है कि भाजपा ने एचडी कुमारस्वामी को नेता प्रतिपक्ष बनाने का फैसला किया है। उन्होंने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा स्टॉक रखने के बावजूद राज्य को चावल उपलब्ध कराने से इन्कार करने का मुद्दा उठाते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता कम हो रही है क्योंकि भाजपा को राज्य के सात जिलों में एक भी सीट नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सत्ता में रहते हुए बहुत सारी गलतियां की हैं और इसलिए राज्य की जनता ने उन्हें विपक्ष में बैठाया है। भाजपा के सदस्यों ने इसके थोड़ी देर बाद मोदी पर सिद्दारमैया की टिप्पणी का विरोध करते हुए उच्च सदन से बहिर्गमन किया।

### गंगा नदी में खनन मामले में हाईकोर्ट की दूसरी बेंच करेगी सुनवाई

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने गंगा नदी में अवैध खनन के मामले में मातृ सदन की ओर से दायर जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो पाई। इस मामले में अब 11अगस्त को दूसरी पीठ सुनवाई करेगी। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी व न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की युगलपीठ में आज इस मामले को सुनवाई के लिए दूसरी पीठ के लिए भेज दिया है। इस बीच गंगा नदी में खनन पर रोक जारी रहेगी। दरअसल हरिद्वार की मातृ सदन व अन्य की ओर से पृथक पृथक जनहित याचिका दायर कर गंगा नदी में रायवाला से भोपुर के बीच खनन को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि नियमों को ताक पर रखकर अवैध खनन किया जा रहा है। इससे न केवल गंगा नदी के अस्तित्व को खतरा उत्पन्न हो गया है बल्कि केन्द्र सरकार के नेशनल मिशन क्लीन गंगा (एनएमसीजी) को भी पलीता लग रहा है। आरोप लगाया गया है कि सरकार खुद खनन कार्य करवा रही है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि केंद्र सरकार ने गंगा नदी के संरक्षण के लिए एनएमसीजी का गठन किया है।

### प्रदेश में महिलाओं पर बढ़ती हिंसा के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने किया प्रदर्शन

**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने प्रदेश में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ जिला कलक्टर पर प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया तथा राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग की। शहर भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष भारती श्रीवास्तव के नेतृत्व में भाजपा महिला कार्यकर्ता थाली-चम्मच बजाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और राज्य की कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यह विरोध प्रदर्शन करौली के नादौती थानाक्षेत्र में 18 वर्षीय दलित युवती के साथ बलात्कार के बाद हत्या मामलें में किया गया। अजमेर भाजपा महिला अध्यक्ष भारती वास्तव ने कहा कि - दलितों एवं महिलाओं पर अत्याचार के मामलें में राजस्थान प्रथम है। संगठन इस अत्याचार को बर्दाश्त नहीं करेगा। इस अत्याचार के खिलाफ आन्दोलन तेज किया जायेगा।

### स्टेट ओपन स्कूल परीक्षा का 'पर्सनल कांटेक्ट प्रोग्राम' अब ऑनलाइन होगा

**जयपुर।** राज्य में इस बार राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल परीक्षा के लिए आयोजित होने वाले पीसीपी (पर्सनल कांटेक्ट प्रोग्राम) को ऑनलाइन मोड पर आयोजित किया जाएगा। इस पहल से परीक्षार्थी प्रोग्राम अवधि की समाप्ति के बाद भी अपने से सम्बंधित कंटेंट का ऑनलाइन रिवीजन करते हुए अपनी सुविधा के अनुसार तैयारी कर सकेंगे। स्कूल शिक्षा के शासन सचिव नवीन जैन ने शुक्रवार को शिक्षा संकुल में राजस्थान एजुकेशन इनिशिएटिव (आरईआई) में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के साथ एमओयू के तहत कार्यरत संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ दूसरे चरण की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उनके साथ यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इसके लिए पीसीपी प्रोग्राम के कंटेंट को डिजिटाइज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में ई-कंटेंट नहीं होने से वहां के युवा प्रतियोगिताओं में पीछे रह जाते हैं, ई-कंटेंट को ग्रामीण विद्यार्थियों का अधिकार मानें, इसके लिए डिजिटल क्रांति पैदा करनी है।

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से एचडीएफसी बैंक के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज झारखंड मंत्रालय में एचडीएफसी बैंक रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने एचडीएफसी बैंक की ओर से ग्रामीण क्षेत्र के विकास में सीएसआर के तहत किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री के समक्ष प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि एचडीएफसी बैंक सीएसआर के तहत राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, पेयजल, कृषि आदि क्षेत्र के विकास में अपनी भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित मॉडल स्कूलों के बेहतर संचालन हेतु एचडीएफसी बैंक सीएसआर के तहत सहयोग करे। इन स्कूलों में आधुनिक सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने में भी संस्थान योगदान करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एचडीएफसी बैंक राज्य में पशुपालकों को नुकसान से राहत देने निमित्त पशु बीमा पर बेहतर कार्य योजना बनाएं।

### मध्यप्रदेश में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर भारी वर्षा के आसार

भोपाल। मध्यप्रदेश में कई स्थानों पर हुई हल्की से मध्यम बारिश के बीच अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के महाकौशल अंचल समेत अन्य कई स्थानों पर मौसम विभाग ने कहीं-कहीं गरज चमक के साथ भारी बारिश होने की चेतावनी दी है। राज्य के पश्चिमी हिस्से में आने वाले शिवपुरी जिले में बीते चौबीस घंटों के दौरान दूसरे स्थानों की तुलना में सर्वाधिक वर्षा दर्ज की गई। शिवपुरी जिले में 87 मिमि वर्षा दर्ज की गई। वहीं रायसेन में 49, ग्वालियर, 28 2, उज्जैन 25 4, छिंदवाड़ा 20 4, दतिया में 13,नर्मदापुरम 12 8, नौगांव 11 और इंदौर, सागर, गुना, पचमढ़ी, रतलाम, खंडवा, मंडला, बैतूल, भोपाल में 3 मिमि से 1 मिमि के बीच वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने बुलेटिन के माध्यम से बताया कि प्रदेश के जबलपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, सागर, रायसेन, भोपाल, नर्मदापुरम, हरदा, खंडवा, देवास, शाजापुर, मंदसौर और नीमच, सीहोर, उज्जैन, बैतूल जिले में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। संभावना व्यक्त की गई है कि इन स्थानों पर 64 5 मिमि से 115 5 मिमि के बीच वर्षा हो सकती है।

# सुप्रीम कोर्ट का महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को नोटिस, दो सप्ताह में मांगा जवाब

## विधानसभा अध्यक्ष ने 23 जून 2022 से लंबित अयोग्यता याचिकाओं के संबंध में कोई बैठक नहीं बुलाई

**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और कुछ अन्य विधायकों के खिलाफ एक साल से अधिक समय से लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर विधानसभा अध्यक्ष को निर्णय लेने का निर्देश देने की मांग वाली शिवसेना उद्धव ठाकरे धड़े की रिट याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को नोटिस जारी किया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी एस नरसिंहा और मनोज मिश्रा की पीठ ने महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से दो सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा। शीर्ष अदालत के समक्ष ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी के मुख्य सचेतक सुनील प्रभु ने चार जुलाई 2023 को एक नई रिट याचिका दायर करके लंबित अयोग्यता की कार्यवाही



पर निर्णय लेने में अध्यक्ष पर निष्क्रियता का आरोप लगाया है। इसके साथ ही याचिका में अयोग्यता पर एक निश्चित अवधि और हो सके तो दो सप्ताह के भीतर कोई फैसला करने का निर्देश देने की गुहार लगाई गई है।

रिट याचिका में दावा किया गया है कि अयोग्यता की कार्यवाही पर निर्णय लेने में विधानसभा अध्यक्ष की निष्क्रियता संवैधानिक नजरिए से गंभीर अनुचित कार्य है, क्योंकि इससे अयोग्य ठहराए जाने वाले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री सहित कई विधायकों को विधानसभा और जिम्मेदार पदों पर बने रहने की अनुमति मिल गई है।

ठाकरे गुट ने अपने नई याचिका में तर्क दिया कि विधानसभा अध्यक्ष ने 23 जून 2022 से लंबित अयोग्यता याचिकाओं के संबंध में कोई बैठक नहीं बुलाई है, जबकि सर्वोच्च संविधान पीठ के 11 मई 2023 के आदेश के बाद उन्हें तीन प्रतिनिधिमंडल भेजे गए थे। इनमें उन्हें निर्णय एक उचित अवधि के भीतर करने को कहा गया था।

याचिका में यह भी कहा गया कि शीर्ष अदालत के लिए यह सुनिश्चित करने के लिए उचित निर्देश जारी करना संवैधानिक रूप से अनिवार्य है कि दसवीं अनुसूची (दल-बदल विरोधी कानून) के प्रावधान केवल अध्यक्ष की निष्क्रियता के कारण निष्प्रभावी न हो जाएं। याचिका में कहा गया है कि महाराष्ट्र विधानसभा के तत्कालीन अध्यक्ष का कार्यभार संभाल रहे उपाध्यक्ष के समक्ष 23 जून 2022 को कुल 16 अयोग्यता याचिकाएं दायर की गई थीं। इसी के मद्देनजर 25 जून 2022 को उपाध्यक्ष द्वारा नोटिस जारी किए गए, जिसमें बागी विधायकों को 27 जून 2022 तक अपना जवाब दाखिल करने का समय दिया गया था। शीर्ष अदालत ने 27 जून 2022 को अपने आदेश द्वारा शिंदे और भरत गोगावले और अन्य विधायकों को जुलाई 2022 तक अपना जवाब दाखिल करने का समय दिया था, लेकिन स्थिति यह है कि चार जुलाई 2023 तक कोई जवाब दाखिल नहीं किया गया।

## तबाही के मंजर के बीच 65 हजार लोगों को सुरक्षित निकाला

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के मनाली में तबाही के मंजर के बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 'नायक' के रोल में नजर आए और 65 हजार लोगों को खुद मौत के मुंह से बाहर निकाल लाए।



सुक्खू ने स्वयं प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में चल रहे बचाव कार्यों की तीन रातें जागकर निगरानी की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा समन्वित प्रयासों से लोगों की सकुशल वापसी सुनिश्चित की।

पैर में दर्द की परवाह किए बगैर मुख्यमंत्री ग्राउंड जीरो पर डटे रहे और मंत्रियों की टीम को आपदा प्रभावित क्षेत्रों में तैनात कर वहां फंसे लोगों की मदद करने के आवश्यक निर्देश दिए। लोसर पहुंचकर मुख्यमंत्री ने बचाव कार्यों की समीक्षा की और राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी व मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी को चंद्रताल के लिए बचाव दल के साथ भेजा। सुबह पांच बजे तक मुख्यमंत्री भी खुद इसकी निगरानी करते रहे। राजस्व मंत्री और मुख्य संसदीय सचिव के मार्गदर्शन में बचाव दल के सदस्य बर्फ की चार फीट तक बिछी चादर को हटा कर गाड़ियों को निकालने के लिए काम करते रहे। सुक्खू के निर्देश पर जिला प्रशासन ने लोसर में आपात स्थिति के लिए सभी तैयारियां कर रखी थी। यहां दवाइयों और खाने-पीने की सामग्री प्रदान करने के लिए कैंप लगाया गया था। सुबह सात बजे पहला दल चंद्रताल से रवाना हुआ और विकट परिस्थितियों का सामना करते हुए जगत सिंह नेगी और संजय अवस्थी के नेतृत्व में शाम साढ़े छह बजे चंद्रताल में फंसे सभी लोगों को सुरक्षित काजा पहुंचा दिया गया।

## वायु सेना ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से 146 लोगों को बचाया

नयी दिल्ली। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में वायुसेना का राहत और बचाव अभियान जारी है और इस अभियान में पिछले 48 घंटों में वायुसेना के विमानों ने 40 उड़ानें भरी है और 126 लोगों को बचाया है।

वायुसेना, पिछले कुछ दिनों से हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव अभियान चला रही है। पिछले 48 घंटों में वायुसेना के विमानों और हेलीकॉप्टरों की कुल 40 उड़ानें भरी गईं, जिनमें 126 लोगों को बचाया गया है और विभिन्न इलाकों में 17 टन राहत सामग्री वितरित की गई है। पिछले 24 घंटों में हरियाणा के बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों के बड़े अभियान चलाए गए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों निहारा, अलाउदीन माजरा, बिशनगढ़, सेगटा, भुन्नी, मुमनी, सेगटी और जनसुई गांवों को एम-17 हेलिकॉप्टरों द्वारा राशन, तिरपाल, चादरें, ताजा भोजन और पानी की बोतलें सहित राहत सामग्री पहुंचाई गई।

इस अभियान के लिए वायु सेना के अधिकारी तथा जवान और एम-17 और चीनूक हेलिकॉप्टर, एएन-32 और सी-130 परिवहन विमान आदि जरूरी संचालन और राहत उपायों के लिए तैयार हैं।

### केटीआर आरोपों के लिए सुकेश के खिलाफ करेंगे कानूनी कार्रवाई

**हैदराबाद।** तेलंगाना के आईटी और उद्योग मंत्री के टी रामाराव (केटीआर) ने कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि वह कुख्यात व्यक्ति सुकेश के खिलाफ उसके निराधार आरोपों के लिए कानूनी कार्रवाई करेंगे। केटीआर ने ट्विटर पर कहा, मैंने हाल ही में सुकेश नाम के एक भ्रमित जालसाज और जाने-माने अपराधी द्वारा मेरे खिलाफ लगाए गए अपमानजनक आरोपों के बारे में मीडिया रिपोर्ट देखी। मैं इस व्यक्ति से पूरी तरह से अपरिचित हूं और मेरा उसके साथ किसी भी तरह का कोई संबंध नहीं है। मैं इस बात के लिए प्रतिबद्ध हूं।

## द्वारकाधीश मंदिर में ड्रेस कोड लागू

### कोई भी श्रद्धालु छोटे कपड़े पहनकर मंदिर में प्रवेश नहीं कर सकेगा

**द्वारका।** देश के कई मंदिरों में ड्रेस कोड लागू होने के बाद अब गुजरात के द्वारकाधीश मंदिर में भी श्रद्धालुओं के पहनावे को लेकर बड़ा फैसला किया गया है। मंदिर ट्रस्ट के निर्णय के अनुसार अब से कोई भी श्रद्धालु छोटे कपड़े पहनकर मंदिर में प्रवेश नहीं कर सकेगा।

मंदिर ट्रस्ट से मिली जानकारी के अनुसार जगत मंदिर द्वारका की गरिमा बनाए रखने के लिए भारतीय संस्कृति के अनुरूप ही कपड़े पहनने होंगे। मंदिर के बाहर चारों तरफ ड्रेस कोड को लेकर गुजराती-हिंदी-अंग्रेजी



भाषा में लिखे बोर्ड भी लगा दिए गए हैं। मंदिर के बाहर लगे बोर्ड पर लिखा है कि मंदिर दर्शन की जगह है, खुद की प्रदर्शनी की नहीं। मंदिर में आने वाले सभी भक्तों से निवेदन है कि वे सादे कपड़े पहनकर ही मंदिर में प्रवेश करें। छोटे कपड़े, हाफ पैंट, बरमूडा, मिनी टॉप, मिनी स्कर्ट, नाइट सूट, फ्रॉक और रिप्ड जींस जैसे कपड़े पहने हुए लोगों को मंदिर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इस बारे में ट्रस्टी पार्थ तलसाणिया ने बताया कि कि यह फैसला मंदिर आने वाले कई श्रद्धालुओं की शिकायत के बाद ही लिया गया है। इस बार में कई लोगों का कहना था कि ऐसे कपड़े पहनने से दूसरे भक्तों का ध्यान भटकता है। इसी के चलते देश के की मंदिरों में अब ड्रेस कोड लागू किया जा रहा है।

## चुनावी बॉन्ड की अपारदर्शी व्यवस्था को खत्म करेंगे : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने इलेक्ट्रॉल बॉन्ड के माध्यम से राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे को अपारदर्शी करार देते हुए कहा है कि पार्टी इसका लगातार विरोध करती रही है और सत्ता में आने के बाद वह भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली इस अपारदर्शी व्यवस्था को खत्म कर देगी।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनावी बॉन्ड के माध्यम से पार्टियों को दिए जाने वाले चंदे की पहले की पारदर्शी व्यवस्था को अब खत्म कर दिया गया है। नयी



व्यवस्था के तहत अब किसी कंपनी, व्यक्ति या संगठन से किसी राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले चंदे की सीमा हटा दी गई है। किस दल को किस कंपनी ने कितना चंदा दिया है इस बारे में अब कहीं कोई पूछताछ नहीं की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि चुनावी बॉन्ड के जरिये दो वित्त वर्षों में एक पार्टी के खाते में 5200 करोड़ रुपए आये। यह पैसे कहां से आया और किसने दिया, इसका कहीं कोई हिसाब किताब नहीं है। इस बारे में कोई पूछताछ करने वाला नहीं है।

यह सब भाजपा सरकार कि उस मनमानी के कारण हुआ है। पहले कंपनियों को बताना पड़ सकता था कि किस पार्टी को कितना पैसा दिया है लेकिन अब इस व्यवस्था को हटा दिया है और चुनावी बॉन्ड से पार्टियों को मिलने वाले चंदे को अपारदर्शी बना दिया गया है।

प्रवक्ता ने कहा, इलेक्टोरल बॉन्ड के कारण इलेक्टोरल फंडिंग गैर-पारदर्शी हो गई।

इस बॉन्ड के खिलाफ चुनाव आयोग, सुप्रीम कोर्ट, आरबीआई सभी की आपत्तियां थीं। लेकिन इसे मनी बिल की तरह पारित किया गया है। इस एक मनी बिल के जरिए भजपा ने विधायकों को खरीदने और सरकारें गिराने का काम किया है।

## कश्मीर में जालसाजी के आरोप में 19 के खिलाफ आरोपपत्र पेश

**श्रीनगर।** केन्द शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने शुक्रवार को 19 आरोपियों के खिलाफ यहां यात्री कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया, क्योंकि ये लोग पुलिस विभाग में फर्जी और जाली नियुक्तियां करवाने में शामिल थे। दरअसल, अपराध शाखा को शिकायत मिली थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि फर्जी और जाली नियुक्ति आदेशों के आधार पर कुछ व्यक्तियों को जम्मू-कश्मीर पुलिस में नियुक्त किया गया है। इसके बाद, यह मामला 2015 में अपराध शाखा थाने में दर्ज किया गया और आगे की जांच शुरू हुई। जांच के दौरान पता चला कि नियुक्ति के दौरान, आदेश नियमों और स्थापित मानदंडों का स्पष्ट उल्लंघन करने और रिकॉर्ड में हेरफेर के बाद ही नियुक्तियां की गयी थीं। आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ कृत्यों से धोखाधड़ी, धोखाधड़ी और जालसाजी सहित विभिन्न भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

### श्रीनगर में विदेशी पर्यटकों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की ग्रीमकालीन राजधानी श्रीनगर के एक होटल में शुक्रवार को हंगामा और दो विदेशी पर्यटकों के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यहां बताया कि आरोपियों की पहचान उमर मेहराज हकीम, आशिक अहमद, उबैद गुलजार और उबैद बिलाल बंदे के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने पॉश राजबाग इलाके के एक होटल में हंगामा किया और दो विदेशी महिला पर्यटकों के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार कर रहे थे। श्रीनगर पुलिस ने ट्वीट कर कहा, चार युवकों उमर मेहराज हकीम, आशिक अहमद, उबैद गुलज़ार उबैद बिलाल बंदे को राजबाग के एक होटल में हंगामा करने और दो विदेशी पर्यटकों के साथ दुर्व्यवहार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## अमरनाथ के लिए 7245 तीर्थयात्रियों का नया जत्था रवाना

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के भगवती नगर आधार शिविर से शुक्रवार को 'बम बम भोले' के जयकारों के बीच 7245 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था अमरनाथ गुफा के लिए रवाना हुआ। तीन दिनों तक निलंबित रहने के बाद यात्रा मंगलवार को जम्मू आधार शिविर से फिर शुरू हुई। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामबन में बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कार्य के कारण यात्रा स्थगित कर दी गई थी।

एक अधिकारी ने आज यहां बताया कि 7245 तीर्थयात्रियों का जत्था 226



वाहनों के काफिले में आधार शिविर से रवाना हुआ है। उन्होंने बताया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 125 वाहनों के काफिले में 4101 तीर्थयात्री पहलगाम के लिए रवाना हुए और 101 वाहनों के काफिले में 3144 तीर्थयात्री बालटाल के लिए रवाना हुए हैं। तीर्थयात्रियों का स्वागत करते हुए रामबन के उपायुक्त ने आज सुबह ट्वीट किया कि अमरनाथ यात्री चंद्रकोटे में एसएएसबी यात्री निवास पहुंच गये है।

अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को 16,061 अमरनाथ यात्रियों ने पवित्र गुफा का दौरा किया और दर्शन किए, इसी के साथ ही इस सीजन में अब तक कुल 1,62,569 तीर्थयात्री अमरनाथ गुफा में दर्शन कर चुके हैं।

उन्होंने बताया कि पवित्र गुफा के दर्शन करने वालों में 12701 पुरुष, 2945 महिलाएं, 236 बच्चे, 176 साधु और तीन साध्वियां शामिल हैं।

## ट्रक-पिकअप की टक्कर में तीन कांवड़ियों मौत, सात घायल

**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत जिले के गोहाना क्षेत्र में पानीपत-रोहतक राजमार्ग पर एक ट्रक के पिकअप वाहन को पीछे से टक्कर मारने से उसमें सवार तीन कांवड़ियों की मौत हो गई तथा कम से कम अन्य सात घायल हो गये।

पुलिस ने बताया कि हादसा चिड़ाना गांव के निकट हुआ जब कांवड़ियों को ले जा रहे एक पिकअप वाहन को एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि इसमें पिकअप के परखच्चे उड़ गये तथा इस रखा गया जैनरेटर भी गिर गया।

इस घटना में तीन कावड़ियों की मौके पर ही मौत हो गई तथा सात अन्य घायल हो गये। मृतकों की शिनाख्त सज्जन(33), प्रवीन(37) और कपिल (27) के रूप मे की गई है। हादसे की सूचना मिलते ही मुंडलाना चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को बीपीएस महिला मेडिकल कॉलेज खानपुर में दाखिल कराया गया तथा जहां से तीन घायलों दिनेश (27), सुरेंद्र (25) और विकास (26) को गम्भीर हालत के चलते पीजीआई रोहतक भेजा गया है। अन्य घायलों की शिनाख्त रविंदर, उद्यम, निदेश और अमित के रूप में की गई है। शवों को भी पोस्टमार्टम के लिये मेडिकल में लाया गया है।

पुलिस के अनुसार कांवड़िये महेंद्रगढ़ जिले के सुहेरती पिलानिया गांव के थे तथा हरिद्वार से गंगाजल लेकर जा रहे थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा जांच कर रही है।

## चंद्रयान-3 : इसरो परिवार की 73 दिनों की तपस्या का फल मिला



श्रीहरिकोटा (आन्ध्रप्रदेश)। वरिष्ठ वैज्ञानिक और भारत के तीसरे चंद्रमा खोजी मिशन चंद्रयान-3 के मिशन निदेशक एस.मोहन कुमार ने शुक्रवार को सटीक कक्षा में अंतरिक्ष यान का सफल प्रक्षेपण को इसरो परिवार की 73 दिनों की तपस्या का इनाम बताया है। इसरो के सबसे भारी और हेवी लिफ्ट रॉकेट एलवीएम3-एम4 द्वारा दूसरे लॉन्च पैड से शानदार उड़ान भरने के बाद अंतरिक्ष यान को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित करके चंद्रमा की ओर चंद्रयान -3 की 42-दिवसीय यात्रा शुरू करने के बाद मिशन नियंत्रण केंद्र में अपने संबोधन में कुमार ने कहा कि यह इसरो परिवार के लिए 73 दिन की तपस्या फल है। उन्होंने कहा कि अंतत: इसे सटीक कक्षा में अंतरिक्ष यान के सफल प्रक्षेपण से पुरस्कृत किया गया है। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के निदेशक एस.उन्नीकृष्णन ने कहा कि यह एलवीएम3 रॉकेट का सातवां सफल मिशन है। एलवीएम3 को इसरो का 'फैट बॉय' प्रक्षेपण वाहन कहा जाता है। उन्होंने कहा कि रॉकेट को पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान के लिए आदर्श वाहन बनाने के लिए इसमें कई बदलाव किए गए हैं।

## उत्तराखंड : काली नदी के जलस्तर में हुई वृद्धि, खतरे के निशान को किया पार

एजेंसी

**नैनीताल।** भारत-नेपाल सीमा पर बहने वाली काली नदी खतरे के निशान से ऊपर बहने लगी है। पिथौरागढ़ जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया है।

जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि काली नदी खतरे के निशान से ऊपर बहने लगी है। उसका जलस्तर खतरे के निशान 889 से कुछ ऊपर 889.30 पहुंच गया है। अतिवृष्टि की स्थिति में उसके जलस्तर में और वृद्धि होने की आशंका जताई गयी है।

पत्र में कहा गया है कि ऐसी स्थिति में काली नदी के तटों और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों और ग्रामीणों को सतर्क करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही असुरक्षित और निचली इलाकों में रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिये कहा गया है। इसके अलावा लोगों को नदी नालों व पुलों पर आवाजाही से बचने की भी सलाह दी गयी है। सभी विभागों को सम्पर्क और समन्वय से काम करने के निर्देश भी दिये गये हैं। पुलिस, राजस्व विभाग के साथ ही सीमा पर तैनात एसएसबी को भी एहतियात बरतने के निर्देश दिये गये हैं।

### कूनो नेशनल पार्क में एक और चीता की मौत

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के चंबल संभाग के श्योपुर जिला स्थित कूनो नेशनल पार्क में आज एक और सूरज नामक चीता की मृत्यु हो गयी। जबकि पिछले पांच महीने में तीन शावकों समेत 8 चीतों की मौत हो चुकी है। वन विभाग के सूत्रों के अनुसार चीता सूरज पार्क में आज सुबह इनक्लोजर के बाहर लेटा था जब पास में कूनो प्रबंधन के अधिकारियों ने जाकर देखा तो वह मृत मिला। एक हफ्ते के अंदर ही यह दूसरे चीते की मौत है।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
शनिवार 15 जुलाई 2023
Www.gauravshalibharat.com

# शार्ट न्यूज

## जूते का सोल बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग

**नोएडा।** थाना फेस 1 सी-90 सेक्टर-8 में की एक फैक्ट्री में आग लग गई। फैक्ट्री जूतों के लेमिनेशन फॉर्म की है। यहां जूतों के सोल भी बनते है। आग फैक्ट्री के फर्स्ट फ्लोर पर लगी। आग की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है। मौके पर एक के बाद 6 दमकल की गाड़ियां पहुंची जिन्होंने आग पर काबू पाया। इस दौरान जन हानि नहीं हुई। फर्स्ट फ्लोर पर जूतों साले बनाने वाला चमड़ा और उसके रोल रखे थे। यहां सोल की कटिंग की जाती थी। इसलिए केमिकल और चमड़ा दोनों ही फर्स्ट फ्लोर पर थे। यहां शॉट सर्किट हुआ और तेजी से आग फैल गई। इस दौरान कंपनी के गार्ड ने पुलिस और दमकल विभाग को जानकारी दी। फैक्ट्री में सभी लोग ग्राउंड फ्लोर पर थे। इसलिए वो बाहर आ गए। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान लाखों का मॉल और मशीनरी जलकर राख हो गई। ग़नीमत रही कि फैक्ट्री के अंदर कोई फंसा नहीं अन्यथा जन हानि हो सकती थी। आग को बुझाने में करीब दो घंटे का समय लग गया। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि चमड़ा होने की वजह से काला धुंआ बहुत ज्यादा था। ये सुलग भी रहा था। इसलिए आग बुझाने में थोड़ा समय लगा। आग तेज थी इसलिए सावधानी के तौर पर आस पास की कंपनी के लोगों को भी बाहर कर दिया गया था।

## 22 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्लीं। सीबीआई ने पंजाब नेशनल बैंक से कथित तौर पर 22 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के बाद करीब छह साल से फरार चल रहे एक व्यक्ति को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया।अधिकारियों ने बताया कि नोएडा स्थित कंपनी आर.वी. कंट्रोल्स के निदेशकों में से एक विनोद कुमार शर्मा पर 2014 में बैंक की नोएडा सेक्टर-27 शाखा से लिए गए कई ऋणों और क्रेडिट कार्ड से निकाली राशि को न चुकाने का आरोप है। उनके खिलाफ 23 मार्च 2015 को सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की थी।उन्होंने बताया कि उसकी पत्नी और कंपनी की एक अन्य निदेशक कांता शर्मा को 2016 में एक विशेष अदालत ने दोषी ठहराया था। इसके बाद शर्मा फरार हो गया और 20 दिसंबर, 2016 को अदालत ने उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि फरारी के दौरान शर्मा गिरफ्तारी से बचने के लिए अपना आवास बदलता रहा।उन्होंने बताया कि हाल ही में, सीबीआई को उसके स्थान के बारे में एक इनपुट मिला और उसकी गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए एक बड़ा निगरानी जाल बिछाया गया। आखिरकार उसे नोएडा के सेक्टर-16 मार्केट से पकड़ लिया गया और एजेंसी मुख्यालय लाया गया।

## धोखाधड़ी: कंपनी समेत पांच पर केस दर्ज

**नोएडा।** दिल्ली की एक होलसेल कंपनी और वहां के चार पदाधिकारियों के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर फेज-2 थाने में केस दर्ज किया। सभी पर माल लेने के बाद 90 लाख रुपये का भुगतान न करने का आरोप है।न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में फैशन कर्मा प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी अतुल सागर ने बताया कि उनकी कंपनी होजरी कॉम्प्लेक्स में है। वह कई वर्षों से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के लिए रेडीमेड कपड़ों का उत्पादन करके नोएडा में थोक व्यापार करते हैं। अतुल फरवरी 2020-21 से दिल्ली के दिलशाद गार्डन स्थित बीएमआई होलसेल प्राइवेट लिमिटेड के साथ व्यापार कर रहे हैं। अतुल का आरोप है कि बीएमआई होलसेल ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड ने उनके साथ धोखाधड़ी की। अतुल ने इसी कंपनी को छह करोड़ 50 लाख रुपये का माल बेचा था, लेकिन उसमें केवल पांच करोड़ 60 लाख की ही पेमेंट की गई। आरोप है कि बाकी के 90 लाख रुपये आरोपियों ने हड़प लिए। बची रकम जब पीड़ित ने मांगी तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में एमएस बीएमआई होलसेल ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी, विजय मोहन मुरजानी, दीपेन रोथिया, गौरव खन्ना और गणेश नर के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज हुआ है।

## सफाई कर्मचारियों का ग्रेनो प्राधिकरण पर धरना

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो के सफाई कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है। चार दिन से धरना चल रहा है, लेकिन किसी अधिकारी ने पूछा तक नहीं है।ग्रेनो प्राधिकरण के सफाई कर्मचारियों ने बताया कि प्राधिकरण ने नया टेंडर किया है। इसके चलते 160 कर्मचारियों को निकाल दिया गया। प्राधिकरण के अंदर काम करने वाले सफाई कर्मचारियों को अधिक पैसा दिया जाता है, जबकि सेक्टर और गांव में काम करने वालों को कम पैसा दिया जाता है। यह दुर्व्यवहार बंद किया जाए। काम करते समय अगर किसी कर्मचारी निधन हो जाता है तो उनके आश्रितों को 10 लाख की सहायता दिलाई जाए। सभी कर्मचारियों का हेल्थ कार्ड बनवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक उनका धरना चलता रहेगा। आरोप लगाया कि सफाई कर्मचारी सड़कों पर बैठे हैं, लेकिन उनकी कोई नहीं सुन रहा है। धीरे-धीरे पूरे शहर की सफाई व्यवस्था ठप करेंगे। इस मौके पर भूरा, कपिल मकवाना, महेश चंदेलिया समेत सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे। सफाई व्यवस्था खराब होगीसफाई कर्मचारियों का अगर धरना खत्म नहीं हुआ तो शहर की सफाई व्यवस्था खराब हो जाएगी। शहर में कूड़ा निस्तारण प्रभावी तरीके से नहीं हो पा रहा है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि शहर की सफाई व्यवस्था ठीक है।

## नौकरी का झांसा: युवती से साढ़े तीन लाख ठगे

**नोएडा।** साइबर ठगों ने सेक्टर 74 स्थित एक सोसाइटी में रहने वाली युवती को पार्ट टाइम नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनके साथ तीन लाख 50 हजार रुपये की ठगी की कर ली। इसको लेकर उन्होंने सेक्टर 113 थाने में शिकायत दी है।पीड़िता शिखा ने बताया कि उनके पास एक हफ्ते पहले व्हाट्सऐप पर एक मैसेज आया। इसमें पार्ट टाइम जॉब के जरिये रुपये कमाने की बात कही गई थी। उन्होंने मैसेज में दिए नंबर पर कॉल की। एक व्यक्ति ने उनकी कॉल को उठाया और खुद को कंपनी का मैनेजर बताया। आरोपी ने उनको घर बैठे काम करने के बारे में समझाया। इसके साथ ही आरोपियों ने उनको कंपनी के बारे में भी काफी देर तक जानकारी दिया। इस दौरान उनको एक टेलीग्राम के ग्रुप में जोड़ दिया गया। इसके बाद उनको हर रोज कुछ ई-कॉमर्स कंपनी के पेज और यूट्यूब चैनल के वीडियो पर रिव्यू और शेयर करने का टास्क दिया गया। इससे उनको कुछ कमाई हुई। कुछ दिन बाद ठगों ने उनको प्रीमियम टास्क देकर उनसे तीन लाख 50 हजार रुपये ऐंठ लिए। जब उन्होंने अपने रुपये उनसे वापस मांगे तो उनको टेलीग्राम ग्रुप से बाहर कर दिया गया।

## सोसाइटी में 18वीं मंजिल से छात्र गिरा, मौत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की एस डिवाइनो सोसाइटी में गुरुवार की शाम 18वीं मंजिल के एक फ्लैट की बालकनी से सातवीं कक्षा का छात्र नीचे गिर गया। घायल छात्र को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सोसाइटी में मनीष कुमार गिरी परिवार के साथ रहते हैं। वह एक कंपनी में इंजीनियर है, जबकि उनकी पत्नी सपना डॉक्टर है। पुलिस के मुताबिक मनीष कुमार का 12 वर्षीय बेटा विराट कक्षा सातवीं का छात्र था। गुरुवार की शाम मनीष किसी काम से बाहर गए थे, जबकि उनकी पत्नी सोसाइटी में नीचे घूम रही थी। इस दौरान उनका बेटा विराट बालकनी में खड़ा था। विराट अचानक जमीन पर आ गिरा। गंभीर रूप से घायल विराट को नजदीक के एक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस विराट के बालकनी से गिरने की जांच कर रही है। सोसाइटी में लगे सीसीटीवी की फुटेज देखी जा रही है।पूर्व हुई घटना16 जून 2023नोएडा के सेक्टर-78 स्थित हाइड पार्क सोसाइटी में चार साल के बच्चे की आठवें फ्लोर की बालकनी से नीचे गिरने से मौत हो गई थी।12 जनवरी 2022ग्रेनो वेस्ट के शाहबेरी गांव में पांच वर्षीय एक बच्चे की अपने घर की बालकनी से गिरकर मौत हो गई थी।23 अगस्त 2021ग्रेनो वेस्ट के कासा ग्रीन-1 सोसाइटी में पहले जन्मदिन पर मासूम की 12वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई थी।

# सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का ईडी, सीबीआई को नोटिस

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय न्यायालय ने शराब नीति में अनियमितता के आरोप में तिहाड़ जेल में करीब छह माह से न्यायिक हिरासत में बंद दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री की अंतरिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर उन्हें अगली सुनवाई 28 जुलाई तक अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद दोनों केंद्रीय जांच एजेंसियों को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया था।

न्यायमूर्ति खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ शुरूआत में इस मामले की अगली सुनवाई 21 अगस्त को रखना चाहती



थी, लेकिन सिसोदिया का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने याचिकाकर्ता की पत्नी की बीमारी का हवाला देते हुए इस मामले को शीघ्र सुनवाई की गुहार लगाई। इसके बाद पीठ ने अगली सुनवाई की तारीख 28 जुलाई मुकर्रर की।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सिसोदिया को सीबीआई ने भ्रष्टाचार निरोधक रोकथाम अधिनियम के तहत 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय ने लंबी पूछताछ के बाद धन शोधन के आरोप में उन पर प्राथमिकी दर्ज किया था।

सिसोदिया ने दोनों मामले में अलग-अलग तारीखों पर निचली अदालत से जमानत याचिका खारिज होने के बाद दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, जहां उन्हें निराशा हाथ लगी थी। सिसोदिया ने अंतरिम जमानत नहीं देने के उच्च न्यायालय के फैसले को विशेष अनुमति याचिका दायर कर शीर्ष अदालत में चुनौती दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सिसोदिया की याचिका पर शीघ्र सुनवाई की गुहार 10 जुलाई को स्वीकार करते हुए इसे संबंधित मामले को 14 जुलाई के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था। पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने विशेष उल्लेख के दौरान सिसोदिया की पत्नी के अस्वस्थ होने का जिक्र करते हुए उनकी याचिका पर शीघ्र सुनवाई की गुहार लगाई, जिसे स्वीकार कर लिया गया। पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने सीबीआई और ईडी की ओर से दर्ज प्राथमिकियों के मामले में उच्च न्यायालय से अपनी जमानत याचिका खारिज होने के बाद छह जुलाई को उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी की शराब नीति-2021-22 (जो बाद में रद्द कर दी गई थी) में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के मामले में तीन जुलाई और इससे पहले केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा दर्ज मामले में 30 मई को सिसोदिया एवं अन्य की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

# दिल्ली में बाढ़ के लिए भाजपा जिम्मेदार : 'आप'



**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली में बाढ़ के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जिम्मेदार ठहराते हुए शुक्रवार को कहा कि अगर हथिनी कुंड से उत्तर प्रदेश और हरियाणा की ओर भी पानी छोड़ा जाता तो राष्ट्रीय राजधानी में बाढ़ की स्थिति नहीं बनती।

'आप' के वरिष्ठ नेता एवं विधायक सोमनाथ भारती ने आज कहा कि हरियाणा स्थित हथिनी कुंड से ईस्ट यमुना कैनाल के जरिए उत्तर प्रदेश, वेस्ट यमुना कैनाल के जरिए हरियाणा और यमुना नदी के जरिए दिल्ली की ओर पानी छोड़ा जाता है। अगर हथिनी कुंड से उत्तर प्रदेश और हरियाणा की ओर भी पानी छोड़ा जाता तो दिल्ली में बाढ़ के हालत नहीं बनते लेकिन जानबूझ कर 10-12 जुलाई तक सिर्फ यमुना में पानी छोड़ा गया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गृहमंत्री को पत्र लिखकर यमुना में कम पानी छोड़ने का अनुरोध भी किया था, लेकिन उनके आग्रह को नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आई बाढ़ का कारण दिल्लीवासियों के प्रति भाजपा की नफरत है, क्योंकि दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल को बार-बार चुन रहे हैं। उन्होंने कहा, देश में सामान्य परिस्थिति के दौरान राजनीतिक पार्टियों को अपनी-अपनी राजनीति करने के लिए खुली छूट है, लेकिन जब प्राकृतिक आपदा जैसा माहौल हो तो सभी पार्टियों को एक साथ काम करने की जरूरत होती है। उस दौरान बदले और नुक़सान पहुंचाने की भावना से काम करने से बहुत दुख होता है।

## डीयू में पांच वर्षीय लॉ कोर्स शुरू होने में देरी

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में आगामी शैक्षणिक सत्र से शुरू होने वाले पांच वर्षीय लॉ पाठ्यक्रम की दाखिला प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं हो सकी है। यह पाठ्यक्रम बार काउंसिल की अनुमति के इंतजार में अटका हुआ है। काउंसिल की ओर से मंजूरी देने से पहले पर्याप्त सुविधाओं व संसाधनों का निरीक्षण किया जाता है। यह निरीक्षण भी अब तक नहीं हो सका है। ऐसे में पाठ्यक्रम शुरू होने में देरी की संभावना बन रही है। जबकि डीयू प्रशासन इसे अगस्त में शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र 2023-24 से शुरू करना चाहता है। डीयू ने इस पाठ्यक्रम को शुरू करने के लिए पूरी तैयारी की हुई है, लेकिन अब तक बार काउंसिल की ओर से अनुमति नहीं मिली है, इस कारण से दाखिला प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। डीयू प्रशासन अपने अकादमिक कैलेंडर में 16 अगस्त से नया सत्र शुरू करने की घोषणा कर चुका है, लेकिन लॉ पाठ्यक्रम समय से शुरू होने की संभावना नहीं लग रही है, जबकि विवि प्रशासन बीते सप्ताह ही तीन नए बीटेक पाठ्यक्रमों की दाखिला प्रक्रिया को शुरू कर चुका है। मालूम हो कि डीयू ने पांच वर्षीय बीए एलएलबी, बीबीए एलएलबी कोर्स को शुरू करने की तैयारी की है। इस पाठ्यक्रम में क्लैट स्कोर के माध्यम से 120 छात्र दाखिला ले सकेंगे। इसके लिए पाठ्यक्रम का कार्य भी पूरा किया जा चुका है। प्रशासन का कहना है कि जल्द ही पांच वर्षीय लॉ कोर्स की दाखिला प्रक्रिया को भी शुरू कर दिया जाएगा।

# यमुना का जलस्तर घटना शुरू हुआ : केजरीवाल

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यमुना का जलस्तर कम होना शुरू हो गया है, लेकिन कल फिर बारिश होने के आसार है इसलिए सरकार द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

केजरीवाल ने शुक्रवार को आईपी बस स्टैंड और डब्ल्यूएचओ बिल्डिंग के पास ड्रेन नंबर-12 पर बने रेगुलेटर (आईएनएफसी रेगुलेटर) का दौरा कर जायजा लिया। यह रेगुलेटर गुरुवार शाम पानी का भारी दबाव पड़ने पर क्षतिग्रस्त हो गया था। मुख्यमंत्री ने बताया कि यमुना में पानी का बहाव बहुत ज्यादा है। पानी के तेज बहाव के कारण डीजेबी का यह रेगुलेटर मुड़



गया है। इसकी वजह से यमुना का पानी शहर के अंदर घुसने लग गया। इसकी मरम्मत की जा रही है। पूरी रात इंजीनियरों और स्टाफ ने मिलकर इसकी मरम्मत करने की कोशिश की है। उम्मीद है कि शाम तक इसको दुरूस्त कर लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना का जलस्तर भी कम होना शुरू हो गया है, लेकिन कल फिर बारिश होने के आसार है। फिर भी हम उम्मीद करते हैं कि यमुना का जलस्तर जो नीचे जा रहा है, वो धीरे धीरे नीचे उतरता रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल शाम रेगुलेटर के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिली थी। रेगुलेटर के क्षतिग्रस्त होने पर भाजपा द्वारा की जा रही राजनीति पर श्री केजरीवाल ने कोई भी प्रतिक्रिया देने से साफ इन्कार कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा को इस समय राजनीति नहीं करनी चाहिए। भाजपा जो भी कह रही है उस पर कोई जवाब नहीं देना चाहता।

उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे यमुना का जल स्तर नीचे जा रहा है। दिल्ली के लोगों को अब राहत मिलनी शुरू हो जाएगी।

गौरतलब है कि कल रात यमुना का जलस्तर 208.66 मीटर पहुंच गया था और आज यमुना का जलस्तर 208.66 मीटर से घट कर 208.38 मीटर पर आ गया है, हालांकि अभी भी यमुना खतरे के निशान से करीब तीन मीटर ऊपर बह रही है। जैसे-जैसे यमुना का जलस्तर नीचे जाएगा, वैसे-वैसे लोगों को राहत मिलती जाएगी। उन्होंने कहा यमुना का जलस्तर नीचे आने के बाद सभी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट काम करना शुरू कर देंगे।

# दिल्ली में आई बाढ़ के पीछे भाजपा और मोदी सरकार की गहरी साजिश : संजय सिंह

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने यमुना का जल स्तर बढ़ने से दिल्ली में पैदा हुए बाढ़ के हालात के पीछे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मोदी सरकार की गहरी साजिश करार दिया है।

'आप' के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आज कहा कि दिल्ली में आई बाढ़ भाजपा और केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित थी। इसका मकसद दिल्ली को बर्बाद करना था। दिल्ली में तीन दिनों से बारिश नहीं हुई है, फिर भी यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया, क्योंकि हथिनी कुंड से सारा पानी दिल्ली की ओर यमुना में छोड़ा गया। ऐसी स्थिति में हथिनी कुंड से उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली की तरफ बराबर पानी छोड़ा जाता है लेकिन केंद्र सरकार ने नफरत और दुर्भावना के चलते नौ से 13 जुलाई तक सारा पानी दिल्ली की ओर छोड़ा गया।

उन्होंने कहा दिल्ली के अंदर बिना



बारिश के जो बाढ़ आई है, यह एक प्रायोजित की हुई आपदा है यह प्राकृतिक आपदा नहीं है। इस बात को हम पूरी जिम्मेदारी के साथ कह सकते हैं। ऐसे समय में जब हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में लोग बाढ़ की तबाही झेल रहे हैं, देश के प्रधानमंत्री भारत छोड़कर फ्रांस की सैर पर निकल गए हैं। इसमें कोई दिक्कत नहीं, मगर कम से कम उन्हें जाते अपनी पार्टी के लोगों को समझाकर जाना चाहिए था कि ऐसी परिस्थिति में संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। मगर ये लोग तो अभी भी वही घटियां राजनीति करने में लगे हुए है। सांसद संजय सिंह ने कहा कि आखिर भाजपा के लोग ऐसा क्यों कर रहे हैं? दिल्ली के लोगों ने तो इनके सात सांसदों को जिताया है। बेहतर यह होता कि सातों सांसद हरियाणा की सरकार और प्रधानमंत्री से अपील करते कि पानी को सभी जगह बराबर छोड़ा जाए। सारा पानी दिल्ली की तरफ क्यों छोड़ रहे हैं? अगर बराबर पानी छोड़ते तो इतनी भयावह स्थिति नहीं पैदा होती। आपदा प्रबंधन के लोग आपस में बातचीत करते और पानी का फैलाव बराबर होता, तो शायद यह बाढ़ की स्थिति न ही दिल्ली को झेलनी पड़ती और न उत्तर प्रदेश और हरियाणा को झेलनी पड़ती। 'आप' की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा, पिछले तीन दिनों से दिल्ली में बारिश नहीं हुई है। आज हम दिल्ली में यमुना के निचले इलाकों में जो बाढ़ देख रहे हैं, वह भाजपा द्वारा 'मैन मेड' बाढ़ है। केंद्र सरकार ने पूरी मंशा से ये सुनिश्चित किया कि हथिनी कुंड बैराज का पूरा पानी हरियाणा से दिल्ली आए।

## जेवर में पांच गांवों की फसल बर्बाद

**जेवर।** यमुना के पानी ने जेवर क्षेत्र के गांवों में तबाही मचा दी है। यहां के पांच गांवों की हजारों बीघा फसल बर्बाद हो गई है। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह शुक्रवार को अधिकारियों के साथ रामपुर पहुंचे। उन्होंने पुश्ता बांध से होते हुए बाढ़ प्रभावित गोविंदगढ़, कानीगढ़ी, पुरननगर, शमशमनगर और झुप्पा बार्डर का दौरा किया।किसानों ने विधायक से कहा कि फसलें बर्बाद होने से अनाज और पशुओं के लिए चारा का संकट गहरा गया है। जेवर से हरियाणा जाने वाले रास्ते बंद हो गए हैं। बाढ़ का पानी जेवर खादर, सिरसा मांचीपुर और रामपुर बांगर गांव की ओर बढ़ रहा है। इसके चलते मजदूर पुश्ता को दुरुस्त करने में लगे हैं। इस मौके पर एसीपी रुद्र कुमार सिंह, तहसीलदार विवेक सिंह भदौरिया, किसान संजय शर्मा, किशनपाल सिंह प्रधान, मुकेश प्रधान, अमरचंद सिंह, हरफूल सिंह, वीरेन्द्र सिंह, चौधरी छिददी सिंह, डा चन्द्र सिंह, अशोक शर्मा, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली हवाईअड्डे का चौथा रनवे, ऐलीवेटेड टैक्सीवे का उद्घाटन

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के आज चौथे रनवे और एक एलीवेटेड टैक्सीवे के आज उद्घाटन के साथ यह चार रनवे वाला देश का पहला हवाईअड्डा बन गया।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने हवाई अड्डे पर नए रनवे और एक दोहरे मार्ग वाले एलिवेटेड टैक्सीवे का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में केंद्रीय नागरिक उड्डयन, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त), भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण के अध्यक्ष संजीव कुमार तथा जीएमआर समूह के अध्यक्ष जी.एम. राव, उपस्थित थे।

चार रनवे संचालन और ईस्टर्न क्रॉस टैक्सीवे (ईसीटी) इंदिरागांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि करेंगे जिससे यह विमानों के 1700 से अधिक आवागमन को संभालने में सक्षम हो जाएगा। ईसीटी लैंडिंग के बाद और टेक-ऑफ से पहले यात्रियों द्वारा टरमैक पर बिताए गए समय को करीब आठ-नौ मिनट कम करके यात्री अनुभव को बेहतर करने में मदद करेगा।

चौथे रनवे की कुल लंबाई 4.4 किमी है, और इसकी चौड़ाई 45 मीटर है। यह रनवे ए-380 एवं बी-777 सहित अधिक चौड़ाई विमानों को संभाल सकता है। रनवे को एयरोड्रम रेफरेंस कोड 4 एफ के अनुपालन में डिजाइन किया गया है। 2.1 किमी लंबा और 44 मीटर चौड़ा डुअल-वे एलिवेटेड टैक्सीवे उत्तरी और दक्षिणी हवाई क्षेत्रों को जोड़ता है। ऐलीवेटेड टैक्सीवे विमान के लिए टैक्सीइंग की दूरी 7 किमी और वार्षिक कार्बन उत्सर्जन 55 हजार टन की कमी करने में मदद करेगा।

# गुरुग्राम में सीएम फ्लाइंग ने दबोचे 3 बांग्लादेशी

## बॉर्डर पार से लड़कियां लाकर देह व्यापार कराते थे

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम सीएम फ्लाइंग ने अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेश के नागरिकों के ठिकानों पर रेड कर 3 युवकों को गिरफ्तार किया है।

इनसे पूछताछ में खुलासा हुआ है कि ये लड़कियों को अवैध रूप से बॉर्डर पार करवाकर भारत में बैंगलोर, चेन्नई, मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद, गुरुग्राम, कोलकता, नोएडा व अन्य शहरों पर बैठे अपने एजेंट के पास भेजकर उनसे देह व्यापार कराते थे। विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि गुरुग्राम के डीएलएफ फेस 3 यू ब्लॉक में अवैध रूप से बांगलादेश के नागरिक रह रहे हैं। सीएम फ्लाइंग की टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ मिल कर मौके पर रेड की। एक व्यक्ति मोटर साईकिल पर बैठा मिला। उसने अपना नाम रूहान बाबू हुसैन बताया।

### कमरे में मिले 2 बांग्लादेशी

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बतलाया कि वह बांगलादेश का रहने वाला है और उसके दो साथी भी उसके कमरा नम्बर 402, यू ब्लाक डीएलएफ फेस 3 गुरुग्राम में उसके फ्लैट में मिलने के लिये आये हुए हैं। टीम कमरे में रेड करने गई तो 2 युवक जिनका नाम आमीन हुसैन व अरको हुसैन निवासी बांगलादेशी पाए गए। पूछताछ में दोनों युवकों ने बताया की वह भी यू ब्लाक में ही अलग अलग कमरे में किराये पर रहते हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया की वह करीब 2 साल से गुरुग्राम के डीएलएफ फेस 3 यू ब्लाक में अलग अलग पीजी बदल बदलकर रह रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जा से अवैध रूप से बने हुए आधार कार्ड, बैंक खाता, मोबाइल सिम, ड्राइविंग लाईसेंस भी जब्त किए हैं।

गिरफ्तार तीनों आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि इनका मुख्य कार्य बांग्ला देश से लड़कियों को अवैध रूप से बॉर्डर पार करवाकर भारत में अलग-2 स्थानों मैंगलोर, चेन्नई, मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद, गुरुग्राम, कोलकता, नोएडा व भारत के अन्य शहरों पर बैठे अपने एजेंट के पास भेजकर उनसे देह व्यापार करवाने का कार्य करते थे।

## भ्रष्टाचार के कारण यमुना में बाढ़ आई

नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस ने यमुना नदी आईटीओ बैराज के 32 में से पांच गेट बंद होने के मामले में दिल्ली सरकार पर निशाना साधा है। प्रदेश अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि यमुना नदी की सफाई न होने की वजह से गेट बंद पड़े हैं। यह बात स्वयं बाढ़ मंत्री सौरभ भारद्वाज ने स्वीकार की है, परंतु वे अपनी जिम्मेदारी लेने की बजाय दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। चौ. अनिल कुमार ने कहा कि केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार के कारण यमुना में बाढ़ आई है, क्योंकि पिछले नौ वर्षों में यमुना सफाई के नाम पर करोड़ों रुपये डकार गए, परंतु यमुना नदी से गंदगी और गाद को बाहर नहीं निकाला। उन्होंने कहा कि 2013 में आठ लाख क्यूसेक पानी छोड़ने के बावजूद बाढ़ नहीं आई, लेकिन 2023 में 3.50 लाख क्यूसेक पानी छोड़ने पर ही दिल्ली में तबाही मच रही है। उन्होंने शुक्रवार को मयूर विहार मेट्रो स्टेशन के नीचे ठहरे हुए बाढ़ प्रभावित पीड़ितों से मुलाकात की और जरूरतमंदों को खाने का सामान, फल, बिस्कुट, पीने का पानी सहित अन्य राहत सामग्री का वितरण किया। उन्होंने घोषणा की कि जब तक मयूर विहार फेस का राहत कैंप रहेगा, दिल्ली कांग्रेस प्रतिदिन सभी लोगों के लिए पका हुआ स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराएगी।

# पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सिग्नेचर ब्रिज के पास स्थित राहत शिविर का किया दौरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर चूका है। और आपदा की इस परिस्थिति में केजरीवाल सरकार ने हर तरह के खतरे से निपटने के लिए कमर कस ली है। इसी के मद्देनजर आज पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने यमुना नदी से सटे सिग्नेचर ब्रिज के पास स्थित राहत शिविरों का जायज़ा लिया। राहत शिविरों में ठहरे शरणार्थियों के लिए रहने,खाने-पीने,शौचालय, मेडिकल सहित सभी जरूरी सुविधाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।साथ ही यमुना के किनारे सिग्नेचर ब्रिज के पास की स्थिति का भी जायजा लिया।हालातो को देखते हुए सम्बंधित विभाग के अधिकारी को सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर विधायक गिरीश सोनी भी मौजूद रहे। स्थिति का जायज़ा लेने के बाद पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया की दिल्ली में बारिश नहीं हो रही है लेकिन हथिनिकुंड बैराज से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है, जिसके कारण दिल्ली में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर चूका है। और आपदा की इस परिस्थिति में केजरीवाल सरकार ने हर तरह के



खतरे से निपटने के लिए कमर कस ली है। बाढ़ के हालातो को देखते हुए आज हमने यमुना से सटे सिग्नेचर ब्रिज के पास स्थित राहत शिविर का जायज़ा लिया है।

साथ ही राहत और बचाव कार्यो की तैयारियों की समीक्षा भी की गई है। यमुना के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए यहाँ सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियो को त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देश जारी दिए गए है।

गोपाल राय ने कहा कि यमुना के बढ़ते जलस्तर के कारण काफी पानी सड़को तक भी पहुंच गया है, ऐसे में मैं दिल्लीवासियों से अपील करता हूँ की वह यमुना से सटे इलाको में न जाएँ। सरकार की ओर से राहत व बचाव के लिए बेहद पुख्ता इंतजाम किए हुए हैं। लेकिन आपदा की इस घड़ी में अपनी जान को जोखिम में न डाले। उन्होंने बताया की आपदा प्रभावित लोगो के लिए सरकार के रूप में हमारी जिम्मेदारी है की इससे प्रभावित होने वाले लोगों की मदद करे और उन्हें हर जरुरी सुविधाएँ मुहैया करवाए।

इसी के चलते बाढ़ प्रभावित इलाको से लोगों को निकालने और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का कार्य तेजी से चल रहा है। केजरीवाल सरकार द्वारा आपदा प्रभावित लोगो के लिए करीबन 2700 राहत शिविरों की सुविधाएँ उपलब्ध की गई है। इन शिविरों में लोगों के रहने की, खाने-पीने, मेडिकल सहित अन्य तमाम व्यवस्था सुनिश्चित करने के अधिकारियो को निर्देश जारी किए जा चुके है।

# संपादकीय

## चांद पर भारत

2008 में भारत ने चंद्रयान-1 लॉन्च किया था। यह एक ऑर्बिटर अभियान था। ऑर्बिटर ने 10 महीने तक चांद का चक्कर लगाया था। चंद्रयान-2 अभियान 2019 में लांच किया गया जिसकी चन्द्रमा के सतह पर सफल लैंडिंग नहीं हो पाई थी लेकिन चंद्रयान -2 का आर्बिटर अभी तक काम कर रहा है। एक बार फिर चंद्रयान-3 के सफलतापूर्वक लांच होने के बाद भारत अंतरिक्ष में एक बड़ी शक्ति के तौर पर स्थापित हो गया है। जिस देश में कभी साइकिल और बैलगाड़ी पर रखकर रॉकेट इधर से उधर ले जाए जाते थे, उसी देश ने आज चांद और आसमान पर कब्जा करना सीख लिया है। अंतरिक्ष की दुनिया में भारत ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो ने अपने तीसरे चंद्र मिशन, चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। चांद पर कदम रखने वाला ये हिंदुस्तान का तीसरा सबसे बड़ा मिशन है। इसे 642 टन वजनी, 43.5 मीटर ऊंचे एलवीएम3-एम4 रॉकेट से लॉन्च किया गया। यह देश का सबसे ताकतवर बाहुबली रॉकेट है जिसे फैट बाय राकेट के नाम से भी जानतें हैं। चंद्रयान-3 के पृथ्वी की कक्षा में पहुंचने के बाद लूनर ट्रांसफर ट्रेजेक्टरी में डाला गया। 615 करोड़ की लागत से तैयार हुआ यह मिशन करीब 45 से 48 दिन की यात्रा के बाद चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास लैंड करेगा। अगर दक्षिणी ध्रुव पर लैंडर की सॉफ्ट लैंडिग होती है, तो भारत दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला विश्व का पहला देश बन जाएगा। वास्तव में ये भारत के लिए एक ऐतिहासिक समय है। 2008 में भारत ने चंद्रयान-1 लॉन्च किया था। यह एक ऑर्बिटर अभियान था। ऑर्बिटर ने 10 महीने तक चांद का चक्कर लगाया था। चंद्रयान-2 अभियान 2019 में लांच किया गया था जिसकी चन्द्रमा के सतह पर सफल लैंडिंग नहीं हो पाई थी लेकिन चंद्रयान -2 का आर्बिटर अभी तक काम कर रहा है। एक बार फिर चंद्रयान-3 के सफलतापूर्वक लांच होने के बाद भारत अंतरिक्ष में एक बड़ी शक्ति के तौर पर स्थापित हो गया है। चांद हमें पृथ्वी के क्रमिक विकास और सौर मंडल के पर्यावरण की अविश्वसनीय जानकारियां दे सकता है। वैसे तो कुछ परिपक्व मॉडल मौजूद हैं, लेकिन चंद्रमा की उत्पत्ति के बारे में और अधिक स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। चांद की सतह को व्यापक बनाकर इसकी संरचना में बदलाव का अध्ययन करने में मदद मिलेगी। चंद्रमा की उत्पत्ति और विकास के बारे में भी कई महत्वपूर्ण सूचनाएं जुटाई जा सकेंगी। वहां पानी होने के सबूत तो चंद्रयान-1 ने खोज लिए थे और चंद्रयान-2 से वहां की सतह की मैपिंग हो गई थी लेकिन चंद्रयान -3 से वहां पर मौजूद जरूरी मिनरल्स का पता लगाया जा सकेगा। रोवर सतह से जमा किए गए डेटा लैंडर को भेजेगा। लैंडर के जरिए ये डेटा इसरो के अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचेगा। रोवर प्रज्ञान चंद्रमा के एक दिन या पृथ्वी के हिसाब से 14 दिनों तक सक्रिय रहेगा। एक चंद्र दिवस के बराबर चंद्रमा की सतह पर रहकर परीक्षण करेगा। चंद्रमा का एक दिन पृथ्वी के 14 दिनों के बराबर है। लैंडर का भी मिशन जीवनकाल एक चंद्र दिवस ही होगा जबकि ऑर्बिटर आगे भी काम करता रहेगा। इसमें लगे टेरेन मैपिंग कैमरा से चांद के कई और रहस्यों का पता चल पाएगा। चंद्रयान-3 का लैंडर जहां उतरेगा उसी जगह पर यह जांचेगा कि चंद्रमा पर भूकंप आते हैं या नहीं। रोवर चंद्रमा के सतह की रासायनिक जांच करेगा कि तापमान और वातावरण में आर्द्रता है कि नहीं। इसरो का टेलीमेट्री, ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क चंद्रयान-3 के संपर्क में हैं। इसरो के अनुसार चंद्रयान-3 चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में उतरेगा जहां अभी तक कोई देश नहीं पहुंचा है। इसका मकसद, चंद्रमा की जानकारी जुटाना है। ऐसी खोज करना जिनसे भारत के साथ ही पूरी मानवता को फायदा होगा। इन परीक्षणों और अनुभवों के आधार पर ही भावी चंद्र अभियानों की तैयारी में जरूरी बड़े बदलाव होंगे, ताकि भविष्य के चंद्र अभियानों की नई टेक्नोलॉजी को बनाने और उन्हें तय करने में मदद मिले।

## पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव में व्यापक हिंसा

पंचायत चुनाव में व्यापक हिंसा की आशंका पहले ही जताई जा चुकी थी। पश्चिम बंगाल की राजनीति और हिंसा जैसे एक-दूसरे का पर्याय बनते जा रहे हैं। जिस दिन वहां पंचायत चुनावों की तारीख घोषित हुई, उसी दिन से हिंसा शुरू हो गई और अब तक वहां पैंतालीस लोगों के मारे जाने की खबर है। नामांकन से लेकर मतदान और मतगणना के दिन तक हिंसक झड़पें होती रहीं।

जैसा कि पश्चिम बंगाल चुनावों में देखा जाता रहा है, मतदान और नतीजे आने के बाद तक हिंसा की घटनाएं होती रहती हैं, पंचायत चुनाव में भी इसका सिलसिला अभी बने रहने की आशंका है। मतगणना के वक्त विभिन्न जगहों पर विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़पें हुई और छह लोग मारे गए। पंचायत चुनाव में वहां व्यापक हिंसा की आशंका पहले ही जताई जा चुकी थी, जिसके मद्देनजर बड़े पैमाने पर राज्य सुरक्षा बल और बलों की तैनाती की गई थी।

फिर भी हिंसक घटनाएं नहीं रुकीं, तो इसमें किसे दोष देना चाहिए। अब राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने में जुट गए हैं। कांग्रेस और भाजपा राज्य सरकार को इसके लिए दोषी बता रही हैं, तो सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा के उपद्रवी कार्यकर्ताओं ने हिंसा का माहौल तैयार किया और तृणमूल कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया।

इस हिंसा में बेशक सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता अधिक मारे गए हैं, मगर इस आधार पर राज्य सरकार को कानून-व्यवस्था संबंधी अपनी जिम्मेदारियों से मुक्ति नहीं मिल जाती। इसमें दूसरे दलों के कार्यकर्ताओं की भी हत्याएं हुई हैं। यह कोई पहला चुनाव नहीं है, जिसमें इतने बड़े पैमाने पर वहां हिंसक झड़पें हुईं। पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनावों में भी बड़े पैमाने पर हिंसा हुई।

यह समझ से परे है कि आखिर पश्चिम बंगाल में राजनीतिक दलों और उनके कार्यकर्ताओं का लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर भरोसा इतना कमजोर कैसे होता गया है कि वे कानून-व्यवस्था को धता बताते हुए अपने ढंग से मतदान कराने पर उतारू हो जाते हैं। वहां कोई भी राजनीतिक दल ऐसा नहीं दिखाई देता, जो अपने कार्यकर्ताओं को राजनीतिक हिंसा से दूर रहने का अनुशासन सिखाता हो।

बल्कि अब तो लगता है कि वहां के मुख्य प्रतिद्वंद्वी दल सिद्धांतों के बजाय बाहुबल के जरिए मतदाताओं को अपने पाले में खींचने में ज्यादा यकीन करते हैं। इसके चलते वहां साजिशें भी रची जाती हैं और राजनीतिक विद्वेष को सतत बनाए रखने का प्रयास होता है। यही कारण है कि वहां राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं में लगातार एक प्रकार का तनाव नजर आता है।

राजनीतिक दल किस प्रकार अपने कार्यकर्ताओं की हिंसक गतिविधियों को उचित ठहराने और उन्हें प्रोत्साहित करने का प्रयास करते हैं, इसका उदाहरण खुद कुछ साल पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दिया था। उनके कुछ कार्यकर्ताओं को पुलिस ने पकड़ा, तो वे खुद उन्हें छुड़ाने के लिए थाने पहुंच गई थीं। इसी तरह दूसरे राजनीतिक दल भी पुलिस को अपने प्रभाव में लेकर अपने कार्यकर्ताओं की हिंसक गतिविधियों पर पर्दा डालने का प्रयास करते देखे जाते हैं।

मगर ममता बनर्जी अगर सचमुच पश्चिम बंगाल में सुशासन के प्रति गंभीर होतीं, तो इस तरह वहां हिंसक घटनाएं न होने पातीं। चुनावों के समय, खासकर पंचायत चुनावों के समय हुई हिंसक घटनाओं से पैदा हुई दुश्मनी लंबे समय तक बनी रहती है। इस तरह बदले की भावना से नई हिंसक घटनाओं की संभावना भी पलती रहती है। ऐसे चुनाव को भला कैसे कोई लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत हुआ चुनाव कह सकता है!

## प्रकृति का ऑरेंज अलर्ट



राजकुमार भाटिया



कभी कभी प्रकृति भी हरजाना माँग बैठती है, जिसका दर्द कई वर्षों तक रहता है.. हम भौतिकवाद के उस मोड़ तक आ पहुंचे हैं, जहां सही और गलत के मानक बदल चुके हैं, टूट चुके हैं, भुलाये जा चुके हैं। अन्धाधुंध विकास एवं अवैध निर्माण से पर्वतीय पर्यावरण का संतुलन ध्वस्त हो चुका है। प्रकृति के नियत चक्र से छेड़खानी और हठ मानवता को महंगा पड़ रहा है। पहाड़ी पानी नीचे तो आयेगा ही पानी, नदी, नाले जोहड़, सब तो अतिक्रमण से घिर गये। अब पानी अपनी जगह कहाँ ढूँढे ?

दिल्ली में यमुना नदी ने उफान का हर रिकार्ड तोड़ दिया है जलस्तर 208 मीटर के पार जा चुका है। निचले इलाकों में पानी भरने के बाद सड़कों पर तैर रही नाव.. 3 वाटर ट्रीममेंट प्लांट के बंद होने से पीने के पानी का गहराया संकट सड़कों पर पानी के बाद राजधानी में लंबा जाम.. यमुना बैंक मेट्रो स्टेशन के बाहर पानी भरना..... ये जो दिल्ली में यमुना की बाढ़ का हंगामा बरपा है ना, वो और कुछ नहीं, यमुना का अपने स्तर पर चलाया जा रहा वार्षिक स्वच्छता अभियान है. नतीजन पुल से गुजरते वक्त पूरे साल भर बाद फिर लगा किं हम किसी नदी को पार कर रहे हैं। बाकी साल भर तो काली पट्टी वाली रेंगती यमुना ही नजर आती है। यमुना की कार्रवाई को हम यूं भी समझ सकते हैं- फर्ज कीजिए, आपकी किसी बेबसी का फायदा उठाकर कोई आपका घर हथिया ले.. तो मौका मिलने पर आप उसको खदेड़ेंगे ही न दिल्ली की यमुना आज यही कर रही है. अपने घर में जबरदस्ती जमे लोगों को बाहर निकालकर. इसमें उसका दोष कहां, वह तो अभी अपने इलाके में ही खुद को समेटे हुए है। ऐसे में यह विश्लेषण, यह तो ज्यादती है। लोग बेघर हो रहे हैं, और हम इसे प्रकृति का रोष बताकर ऐसे कह रहे हैं जैसे कुछ हुआ ही नहीं। साथियों, यह समझने की बात है। जैसे हमारा आपका बेड होता है वैसे ही नदियों का भी होता है। हम 1.5 फुट चौड़े होते है मगर हमे 4 फुट चौड़ा बेड चाहिए ताकि जगह और करवट बदल सकें। रिवर बेड भी यही काम नदी के लिए करती है। कभी फैलेंगी कभी करवट बदलेंगी तो कभी जगह आप रिवर बेड में घुसेंगे तो ये आपको बेड से बाहर फेंक देंगी। बाढ़ में जहां तक पानी जाता है, वही हर नदी का फ्लड प्लेन है. यह बेहद संवेदनशील क्षेत्र है, जिसमें किसी तरह की छेड़छाड़ नदी के इको सिस्टम को खत्म करती है. भू -माफिया ने इन क्षेत्रों में भूमि उपयोग को नियंत्रित करने वाले नियमों का घोर उल्लंघन करते हुए, यमुना के बाढ़ क्षेत्र की सैकड़ों और हजारों एकड़ भूमि पर कब्जा कर लिया है। इसका अधिकांश भाग नदी के प्रवाह के बहुत करीब है। दिल्ली में यमुना इस वक्त जहां से होकर बह रही है, वह उसका रिहायशी कैंपस है. यह बताने की वह साल भर में कोशिश भी करती है। जिन लोगों ने घुसकर उसमें कब्जा कर रखा है, उन्होंने इसे नहीं छोड़ा तो हर साल उनको बेघर होना पड़ेगा, यही नियति होगी उनकी ।

यकीन मानिए, हथिनी कुंड बैराज से पानी मजबूरी में छोड़ा जाता है। इसकी संभावना कम है कि यमुना में लीन सीजन में हथिनीकुंड से दस क्यूसेक पानी भी छोड़ा जाए, जो अभी हर घंटे दो-तीन लाख क्यूसेक छोड़ा जा रहा है। दिल्ली की समझदारी तो इस पानी का अधिकतम हिस्सा बचा लेने में है।यमुना के लीन सीजन में डिसिल्टिंग होना आवश्यक था, अगर वह दिल्ली सरकार ने करवा रखा होता तो बहुत पानी का संचयन हो जाता। अब पानी आ रहा है, पूरे वेग से आ रहा है। इस वेग को संभालना दिल्ली के बस में नहीं। इस जल को जहां निकास मिलेगा, यह निकल जाएगा, चला जाएगा, बह जाएगा, साथ छोड़ जाएगा तबाही का एक विशाल मंज़र अपने निकम्मेपन के लिए हम फिर हरियाणा पर गरमायेंगे। कोई भी दूसरा राज्य लीन समय में क्यूँ पानी छोड़ेगा। मुद्दा यह है की, आप जल संचयन के लिए क्या कर रहे हैं? 8 साल से आपकी दिल्ली में सरकार है और यह कोई बहुत बड़ा काम नहीं है। आप झीलों का बात करते हैं.. दिल्ली को झीलों का शहर बनाएंगे, सच है, आज दिल्ली की हर सड़क पर बरसाती पानी की झील बह रही है। जब बात हाथ से निकलती दिखाई दी तो केंद्र सरकार से मदद की गुहार लगाने लगे, ताकि भविष्य में अपनी कमियों का ठीकरा उनके सर पर फोड़ सकें।

फिलहाल तो दिल्ली की सरकार आपदा के इस कठिन समय में लोगों तक किसी भी प्रकार की राहत पहुंचाने में असक्षम दिखाई पड़ रही है। किन्तु बाढ़ के उतरते ही यमुना के कुछ कार्यों का दिल्ली की मौजूदा सरकार द्वारा तत्काल रूप से होने अनिवार्य है। जिसमें सर्वप्रथम, उस जगह की पहचान करना, जहां तक बाढ़ का पानी गया है और समाज की पहल होने के नाते लोगों को जागरुक करना कि नदी का घर इस जगह तक है. फ्लड प्लेन वेटलैंड की पहचान कर उसको समाज की मदद से रिस्टोर करना. तत्पश्चात, छोटे डिप्रेशन की पहचान कर संभावित वेटलैंड का चयन करना और ऑफशोर रिजर्वायर की संभावना का पता लगाना। आखिरी तीन तरीकों से बाढ़ के बर्बाद हो जाने वाले पानी की अधिकतम रोकथाम की जा सकती है. सर्दी और गर्मी के मौसम में इस पानी का इस्तेमाल नदी को पुनर्जीवित करने में किया जा सकता है।

यदि सरकार सक्रिय नहीं है तो, एक सजग और जागरुक समाज ये कर सकता है. अगर समाज सजग होगा, तो सरकार को भी अलर्ट होना पड़ेगा। रोज चैनल- समाचार पत्र सुर्खियां बटोरते है, किं यमुना का जल स्तर कैसे नापा जाएगा जब यमुना के पानी में जमा गाद उसका भूतल स्तर कम कर रही है। यक्ष प्रश्न है। यमुना की वार कैपिसिटी क्षमता कम हो चुकी है। तभी तो 3 लाख क्यूजेक पानी छोड़ते ही यमुना उफान पर आती है। आज यमुना पर दिल्ली प्रवेश के समय बैराज की आवश्यकता है। पूर्ववर्ती सरकारे इसका प्रयास करती रही है, किन्तु वर्तमान सरकार इस निर्मित क्या कर रही है, यह कह पाना कठिन है। हरियाणा और दिल्ली के बीच यमुना को लेकर बिना बात विवाद है। सरकारों के बीच समन्वय न होने की परिस्थितियों में जनप्रतिनिधियों के ऊपर एक भारी जिम्मेदारी है। यह उनका दायित्व है कि उन के माध्यम से परस्पर ऐसे संवाद होते रहे जो पार्टी को दरकिनार कर शहर को वोट की कीमत अदा करें और जल निकासी सीवरेज, पेय जल भराव जैसी मूल आवश्यकताओं पर जनचेतना उत्पन्न करें, जिससे हर नागरिक यह सुनिश्चित करे कि अपना भवन निर्माण करते समय मोहल्ले के नाले नाली का प्रवाह अवरुध न हो। ऊंची प्लेटफार्म बनाये ताकि बरसाती पानी व सड़क का पानी सीधा नालो मे जाये। नाली में कूड़ा, प्लास्टिक, पॉलिथीन, इत्यादि न जाने दें। नाली, नाले, वाटरबाडीज या नदियों के प्रवाह हेतु सुगम रास्ते मिले। इतना तो हम कर ही सकते हैं। सरकारों को भी गली, सड़क निर्माण इत्यादि में सतर्कता बरतनी होगी ताकि जल भराव न हो पाये। नदी का प्रस्फुटन, उसके प्रेम का प्रस्फुटन होता है। इस वक्त यमुना मैली नहीं, मटमैली दिख रही हैं। यही इसका वास्तविक स्वरुप भी है. बाढ़ ने इसको अपने वास्तविक रंग में ला दिया है। प्रदूषण खत्म है, फ्लडप्लेन के एक्यूफर लबालब हैं। इसी में दिल्ली के जलसंकट से निपटने का राज भी छिपा है, यदि समय रहते पहचान लिया जाए तो दिल्ली सरकार और दिल्ली के स्थानीय निकायों को समय से पूर्व नालों की सफाई, डीस्लिटिंग और स्लिट सफाई का विशेष ध्यान देना होगा। दिल्ली जल बोर्ड का सीवरेज विभाग या इंजीनियरिंग विभाग केवल दोषारोपण से पल्ला नहीं झाड़ सकते हैं। दिल्ली नगर निगम, डीडीए की अपनी भूमिका है पर दायित्व सुनिश्चित करने होंगे। माननीय उपराज्यपाल कुछ करते हैं तो दिल्ली सरकार उसे अधिकार अतिक्रमण बताती है। कुशल समन्वय से दिल्ली सरकार दिल्ली वासियों को राहत दे सकती है। मेनटेनेंस के मनको को विशेष तावज्जोब देनी होगी। मात्र रेड अलर्ट और ऑरेंज अलर्ट से कुछ नहीं होगा। बाढ़ नियंत्रण विभाग जैसे सजावटी और खर्चीले विभागों के दायित्व राउंड द ईयर फिक्स करने होंगे। सफाई के नाम पर सफाई जरुरी है। नदी माँ है और माँ से बेईमानी बर्दाश्त न होगी । प्रकृति के ऑरेंज अलर्ट से बचना है तो इसे सामाजिक जिम्मेदारी मानना होगा। सरकार, जनप्रतिनिधि, जन सहयोग सभी को कार्य करना होगा। कुछ दिन पूर्व यमुना संसद के माध्यम से यमुना किनारे लाख लोगों का जमावड़ा हुआ था... प्रशासन ने मीडिया की लुकाछिपी से बचने के लिए आनन-फानन हजारों क्यूसेक पानी वजीराबाद से आगे छोड़ दिया ताकि गंदली यमुना का दीदार ना हो पाए। साथियों यह छदम कार्य बंद होने चाहिए। माँ गंदली रही तो संतान किस काम की गोद से गाद हटानी होगी। इस बाढ़ के पश्चात सहेजने संभलने की बारी है नहीं तो फिर से होंगे जलभराव, और फिर ऑरेंज अलर्ट की निरंतरता भी बनी रहेगी ।

## यूक्रेन पर बड़ा हमला कर सकता है रूस

रूस यूक्रेन युद्ध को एक वर्ष से ज्यादा हो चुके हैं और युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस युद्ध में यूक्रेन अब तबाही के कगार पर खड़ा है हालांकि यूक्रेन के साथ अमेरिका तथा नाटो देश पूरी शक्ति तथा ताकत के साथ खड़े है और यूक्रेन की अमेरिका, फ्रांस ,ब्रिटेन ,कनाडा, ऑस्ट्रेलिया जैसे बड़े देश आर्थिक तथा सामरिक मदद निरंतर करते आ रहे हैं। यही वजह है की यूक्रेन अभी तक हार न मानकर युद्ध में डटा हुआ है ।इस युद्ध में यूक्रेन का बहुत बड़ा नुकसान हुआ है पर दूसरी तरफ रूस के लिए यह एक बड़ी रणनीति विफलता मानी जा रही है इस युद्ध में रूस के हजारों सैनिक मारे गए हैं तथा सामरिक उपकरणों का अरबों का नुकसान भी हुआ है। इस युद्ध के बाद रूस की पूरी दुनिया में हैसियत बदल गई है और अमेरिका तथा नाटो देश द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों और निर्यात नियंत्रण के फल स्वरुप रूस की अर्थव्यवस्था काफी हद तक प्रभावित हुई है। अब चौंकाने वाला रूस का निर्णय सामने आया है। पुतिन और वैगनआर ग्रुप के प्रमुख प्रिगोझिन के बीच 29 जून 23 को 3 घंटे की मीटिंग के बाद समझौता हो गया है।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव के बयान को मान्यता दे तो पुतिन की ओर से वैगनर ग्रुप को पीठ में छुरा भोंकने वाला गद्दार करार देने के बाद यह 3 घंटे की बैठक एक आश्चर्यजनक घटना तथा मोड़ माना जा रहा है। यदि रूसी प्रवक्ता की बात माने तो पुतिन ने इस विद्रोह के बदले वैगनआर प्रमुख को गद्दारी के बदले समझौते में रूस की तरफ से फिर से युद्ध लड़ने और यूक्रेन को उसके राष्ट्रपति सहित भारी नुकसान करने का आदेश दे दिया है इस आदेश के पश्चात यह अनुमान लगाया जा रहा है कि रूस और वैगनर ग्रुप द्वारा संयुक्त रूप से यूक्रेन पर फिर भी हमला हो सकता है क्योंकि पुतिन ने वैगनर ग्रुप के मुखिया को युद्ध लड़ने के लिए फिर से कहा है।

बदली हुई परिस्थितियों में यूक्रेन की राजधानी कीव पर फिर से भीषण बमबारी की जा सकती है। पुतिन तथा वैगनर ग्रुप के प्रमुख के मध्य समझौते के फल स्वरुप उनके रुख को देखते हुए यूक्रेन तथा विश्व शांति के लिए यह बड़ा खतरनाक कदम माना जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि दूसरी तरफ अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा की भारत और उसके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस युद्ध को रुकवाने की पहल कर सकते हैं तो उनका अमेरिका तहे दिल से स्वागत करेगा। अमेरिकी प्रवक्ता ने कहा यदि भारत और उनके साथ अन्य देश यूक्रेन की अखंडता तथा संप्रभुता को दृष्टिगत रखते हुए रूस के साथ चल रहे 1 वर्ष से ज्यादा के इस युद्ध के संघर्ष को समाप्त कर सकतें है तो अमेरिका तथा नाटो देश उसका विनम्र स्वागत करेंगे। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मिलर ने यह भी कहा की यह रूस की बड़ी रणनीतिक तथा सामरिक विफलता के रूप में पूरे विश्व में सामने आई है क्योंकि इस युद्ध में न सिर्फ रूस के हजारों सैनिक मारे गए हैं बल्कि अरबों डॉलर के सैन्य उपकरण भी रूस के नष्ट हुए हैं।




## राहुल के चेहरे पर दांव लगाएंगी कांग्रेस, खड़गे के साथ प्रियंका संभालेगी चुनाव प्रचार



गोपाल झा

प्रबंध संपादक



पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पार्टी में आज किसी आधिकारिक पद पर नहीं हैं लेकिन भारत जोड़ो यात्रा के बाद देश की राजनीति की धुरी बने हुए हैं। भारत का मौजूदा राजनीतिक माहौल ऐसे बनता जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी की टक्कर में सिर्फ राहुल गांधी ही संसद से सड़क तक दिख रहे है। कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में सरकार बनाने के बाद कांग्रेस के हौसले बुलंद है। कांग्रेस के केंद्रीय मुख्यालय में अब 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर में मंथन का दौर जारी है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में राहुल गांधी छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलांगना, राजस्थान, उत्तराखंड और महाराष्ट्र के नेताओं के साथ बैठकें कर चुके हैं। इन बैठकों में कांग्रेस शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों, प्रदेश के प्रभारी, प्रदेश के बड़े नेताओं शामिल रहे हैं। महागठबंधन की ढीली पड़ती गांठें और क्षेत्रीय दलों के अपने-अपने प्रदेशों में दवाब में लेने की रणनीति की वजह से कांग्रेस ने अकेले चुनावी मैदान में उतरने का मन बना लिया हैं। इसकी घोषणा महाराष्ट्र के नेताओं के साथ हुई बैठक के बाद सामने खुल कर आई जब राहुल गांधी और खड़गे की मीटिंग के बाद प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने अंदर की बात सार्वजनिक करते हुए कहा कि पार्टी सभी 48 सीटों पर लोकसभा चुनाव के लिए तैयार है।

लोकसभा चुनाव मिशन 2024 के लिए प्रियंका गांधी को संगठन से अलग रखा जा रहा है। इसके पीछे उनके नाम से संगठन में हो रही लूटपाट से कांग्रेस को बचाना है। उनके साथ जुड़े संदीप सिंह और उनकी जेएनयू मंडली जिस प्रकार यूपी को राजनीतिक तौर पर बर्बाद कर चुकी है और छत्तीसगढ़ में अपना कारोबार फैलाने में फिराक में थे, उन पर लगाम लग चुकी है। कांग्रेस मुख्यालय के सभी बैठकों में प्रियंका गांधी और उनके चंपू नदारद हैं, लेकिन ये खेमा शांत नहीं है। राहुल के खिलाफ मोर्चाबंदी और प्रियंका गांधी को प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवार बनाने की वकालत करने वालों की कमान एआईसीसी में तारिक अनवर ने संभाली हुई है। वहीं मीडिया में प्रमोद त्यागी उर्फ प्रमोद कृष्णन स्वयंभू आचार्य ने बकायदा मोर्चा खोला हुआ है। कर्नाटक चुनाव में प्रियंका गांधी ने कुछ चुनावी रैलियों को संबोधित किया था। प्रियंका के घर में बैठा ये ग्रुप कर्नाटक की जीत का श्रेय उनकी चुनावी रैलियों को दे रहा है, लेकिन यूपी में पूरी तरह से कांग्रेस को संभालने वाला ये ग्रुप प्रदेश के मामले में बात पलट देता है।

2024 का लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है, वैसे-वैसे विपक्षी एकता के नाम पर क्षेत्रीय दल राहुल गांधी से अलग-अलग शर्तों पर नजदीक आने की कोशिशों में जुटे हैं। देश का वोटर पूरे तौर पर नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी पर बंटा दिख रहा है। इस रूझान के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए विपक्षी दलों के साथ-साथ प्रियंका गांधी का खेमा बेचैन है। प्रियंका गांधी के नाम पर ये खेमा अच्छी-खासी वसूली का खेल खेलता रहा है, जिस पर लगाम लगने से बेचैनी साफ नजर आने लगी है। अब तक प्रियंका गांधी का झोला ढोने और रायपुर अधिवेशन के दौरान काली सड़कों को गुलाब की पंखुड़ियों से ढक देने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पाला बदल लिया है। अब तक उनके एक ओएसडी रवि तिवारी, प्रियंका के निवास से ही सत्ता चला रहे थे। दिल्ली के बदले रूख को देखते हुए और पार्टी के एक उच्चस्तरीय फैसले के बाद यह तय माना जा रहा है कि प्रियंका गांधी किसी भी प्रदेश की प्रभारी नहीं बनायी जाएंगी। भाजपा की एक टीम कांग्रेस के उन असंतुष्ट नेताओं को साधने का प्रयास करती रही है जो मीडिया में राहुल गांधी की मुखालफत कर सकें। ऐसे नेताओं को कांग्रेस में तारिक अनवर और स्वयंभू खलीफा प्रमोद कृष्णन जोड़ने में लगे हैं लेकिन ये गिनती एक-दो के बाद तीन को ढूंढने में अब तक कामयाब नहीं हो सकी है। तारिक भी प्रियंका के लिए समर्थन जुटाने में केरल के अलावा अन्य प्रदेशों का बकायदा दौरा करते रहे हैं। इसी कड़ी में यही खेमा ग्रुप 23 के हाथ मिलाते हुए मुमताज पटेल को सक्रिय कर सीडब्लूसी में लाने का दवाब बनाए हुए है। मोदी 2014 में कांग्रेस की कड़ी आलोचना करते हुए प्रधानमंत्री बने। भारत का चुनाव दुनिया में सबसे बड़ा है, रहता है, इसलिए कोई भी राजनीतिक भविष्यवाणी करना बेहद मुश्किल है। राजनीतिक विश्लेषक और सर्वेक्षणकर्ताओं के इस बात से सभी आश्चर्यजनक रूप से सहमत हैं कि पीएम मोदी की लोकप्रियता उनके शुरुआती दिनों के मुकाबले कम हुई है। 2023 तक आते-आते केंद्र सरकार की लचर अर्थव्यवस्था, नौकरियां में कमी, देश में अपने चुनावी वायदों पर खरा नहीं उतरना भी लोकसभा चुनावों को खासा प्रभावित कर सकता है।

कंग्रेस अपने संगठन को भी चुस्त-दुरस्त करने में जुटी हैं जिसके परिणाम दिखने लगे हैं। छत्तीसगढ़ में नया प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री बनाकर प्रदेश के सभी गुटों को एकजुट करने की कवायद की गई है। कांग्रेस का एक बड़ा धड़ा पिछले प्रभारी पीएल पुनिया, मुख्यमंत्री बघेल व प्रदेश अध्यक्ष मरकाम के रवैये के प्रति मोर्चा खोले हुए था जिसे आलाकमान ने बेहद होशियारी से संभालने की कोशिश की है। प्रदेश अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री और प्रदेश प्रभारी को बदलने का सकारात्मक संदेश प्रदेश की राजनीति में गया। मध्य प्रदेश कांग्रेस में जिला अध्यक्षों के साथ प्रदेश संगठन में भी बदलाव किया गया। वहीं राजस्थान में भी सचिन पायलट के अलावा प्रदेश प्रभारी और नेताओं के साथ हुए मैराथन बैठक के परिणाम भी प्रदेश कमिटी की घोषणा के साथ सबके सामने हैं। तेलांगना में माणिक राव ठाकरे की जगह किसी अन्य नेता को ये जिम्मेदारी दी जाएगी। खड़गे के साथ राजनीतिक साठगांठ से माणिक राव ठाकरे लंबे समय तक महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष बने रहे थे, अब उनकी प्रदेश की राजनीति में वापसी हो सकती है।

मोदी वर्सेज राहुल गांधी की लड़ाई सड़कों पर है। राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता खत्म करने के खिलाफ देश भर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने कांग्रसियों ने पूरे दिन का मौन सत्याग्रह किया। कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को कठघरे में खड़ा किया। देश भर के कांग्रसियों का मानना है कि यह समय एकजुट होने और बताने का है कि न्याय की लड़ाई में राहुल गांधी अकेले नहीं है, बल्कि उनके साथ लाखों कार्यकर्ता और देश के नागरिक खड़े हुए हैं। आने वाले चुनाव में राहुल और मोदी के बीच राजनीतिक लड़ाई तेज होगी और देश की जनता की चुनावी अदालत में तय होगा कि किसके नेतृत्व में देश आगे बढ़ेगा। आपको बता दें कि सूरत की एक अदालत ने आपराधिक मानहानि के मामले में राहुल गांधी को 2 साल की सजा सुनाई गई थी जिसके बाद उन्हें अपनी सांसदी से हाथ धोना पड़ा था। मामला जिला अदालत से हाईकोर्ट होता हुआ अब सुप्रीम कोर्ट के पाले में है। चुनाव से पूर्व इसमें एक बड़ा चौकाने वाला फैसला आ सकता है जो देश की दशा और दिशा दोनों तय करेगा। इस पर सभी की निगाहें टिकी हैं।

गौरवशाली भारत

नई दिल्ली

शनिवार 15 जूलाई 2023

Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### शेरनी सोना ने ही मार दिया अपने दो शावकों को

**इटावा।** इटावा सफारी पार्क में शेरनी सोना अपने ही दो शावकों को मारकर खा गयी है। सफारी प्रशासन ने इसकी पुष्टि कर दी है। शेरनी सोना ने 6 जुलाई से 10 जुलाई के बीच 5 शावकों को जन्म दिया लेकिन बताया गया है कि दो शावकों पर शेरनी ने ही हमला बोल दिया ।शेरनी ने दोनों शावकों को बुरी तरह से काट खाया जिससे उनकी मौत हो गयी ।सफारी के बायोलॉजिस्ट बी एन सिंह का कहना है कि इटावा में पोस्टमार्टम नियमों के अनुरूप किया गया है। वन्यजीव विशेषज्ञ ऐसा बताते है कि जब कभी कोई शेरनी अपने बच्चों को अपनाती नहीं है तो उसको इसी तरह से नुकसान पहुंचा करके मौत के घाट उतार देती है। लायन सफारी में 6 जुलाई को सोना नामक शेरनी में पहली दफा एक शावक को जन्म दिया और उसके बाद एक एक करके 5 शावको को 100 घंटे में जन्म दिया है लेकिन एक के बाद एक करके 4 शावकों की मौत हो गई है ।

### लखनऊ से रात को फ्लाइट सेवा फिर हुई बहाल

**लखनऊ।** लखनऊ से रात को फ्लाइट सेवा फिर से बहाल हो गई है। एयरपोर्ट प्रशासन ने यहां से उड़ने वाले फ्लाइट सेवा का शेड्यूल जारी किया है। पिछले दिनों एयरपोर्ट पर काम होने की वजह से रात्रि सेवा की फ्लाइट का संचालन बंद कर दिया गया था। इसमें रात 9: 30 बजे से सुबह 6: 00 बजे तक एयरपोर्ट पर उड़ानों को बंदर रखने का निर्णय लिया गया था। अब वह पाबंदी हट गई है। इसकी वजह से यात्रियों को काफी फायदा होगा। करीब तीन हजार यात्री रात को यात्रा कर सकेंगे। एयरपोर्ट प्रशासन के साथ कंपनियों को भी काफी नुकसान हो रहा था। अब यह सेवा शुरू होने से उस नुकसान की भरपाई भी हो जाएगी। दरअसल एयरपोर्ट रनवे के टर्निंग पैड की परत उखड़ गई थी। इसकी वजह से यह सेवा बाधित थी। अधिकारियों का कहना था कि जहां पर काम होना था वहीं से जहाज रनवे पर पूरी ताकत के साथ चलना शुरू होता था।

### शाहजहांपुर में खेत में मिला युवक का शव

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में एक युवक का शव खेत में पड़ा मिला। खेत में बरसात का पानी भरा था। युवक का सिर मिट्टी धंसा था और उसके पैर खेत के बाहर थे। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने परिवार से पूछताछ शुरू कर दी। वहीं परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। बता दें कि, बदायूं जिले के मूसाझाग थाना क्षेत्र का रहने वाला युवक पिछले दो साल कलान थाना क्षेत्र के शिवनगर में रहने वाले रिश्तेदार के घर रहे रहा था। बदायूं जिले के थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव श्चेनगला निवासी 40 साल का नरेश पिछले दो साल से थाना कलान क्षेत्र के रहने वाले रिश्तेदार संजीव के घर रहे रहा था। मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण नरेश घर के अंदर रहता था। कोई काम नहीं करता था। दिन भर इधर उधर घूमने के बाद रात में घर आकर सो जाता था। शुक्रवार सुबह नरेश चाए पीने के बाद घर से बाहर निकला था। एक घंटे बाद रिश्तेदार को खबर मिली कि, नरेश का शव खेत में भरे बरसाती पानी में पड़ा है। सूचना के बाद नरेश के रिश्तेदार घर से करीब डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर स्थित खेत पर पहुंचे।

### कौशांबी में सड़क हादसे में बच्चे की मौत

कौशांबी। कौशांबी में सैनी थाना क्षेत्र के नदिया मई गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक 5 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। जबकि उसके माता पिता व भाई गंभीर रूप से घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस घायलों को सीएचसी सिराथू के बाद जिला अस्पताल इलाज के लिए लेकर पहुंचे हैं। बच्चे का शव कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अज्ञात वाहन का पता लगाने में जुटी है। सैनी के नगियामई गांव के रहने वाले अमित कुमार (27), उसकी पत्नी लालती देवी (25), बेटा आदर्श (3) और आंशू (5) शुक्रवार की दोपहर घर से बाजार किसी काम से एक बाइक पर सवार होकर निकले। वो लोग बाजार से वापस होकर घर जा रहे थे तभी नेशनल हाईवे-2 पर अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही बाइक सवार परिवार सड़क पर गिर पड़े। सभी को गंभीर चोट आई।

### आकाशीय बिजली गिरने से किशोरी की मौत

**श्रावस्ती।** श्रावस्ती जिले के हरदत्त नगर गिरन्ट थाना क्षेत्र के चौरिकोटिया में 1 किशोरी 3 अन्य लड़कियों के साथ धान की रोपाई कर रही थी। इस दौरान मौसम में बदलाव हुआ और गरज चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। आकाशीय बिजली किशोरी के ऊपर गिर गई, जिसके चलते किशोरी की मौत हो गई। तीन अन्य लड़कियां भी झुलस गईं, जिन्हें परिजनों के द्वारा इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं आकाशीय बिजली गिरने से अलग-अलग दो जगहों पर अब तक दो महिलाओं समेत तीन की मौत हो चुकी है। आपको बताते चलें की हरदत्त नगर गिरन्ट थाना क्षेत्र के चौरीकोटिया गांव में इन दिनों धान की रोपाई का कार्य चल रहा है। वहीं सुबीना पुत्री हनीफ मजदूरी पर धान की रोपाई करने खेतों में गई हुई थी तभी अचानक से गरज चमक के साथ बारिश होने लगी।

### मैनपुरी में रेप का आरोपी गिरफ्तार

**मैनपुरी।** मैनपुरी के थाना क्षेत्र की पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 8 वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म जैसी घिनौनी वारदात को अंजाम देने वाले अज्ञात आरोपी को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने पहचान छुपाकर 8 वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म जैसी घिनौनी वारदात को अंजाम दिया था। जिसके बाद मासूम को हालत बिगड़ने पर सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले पर जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि बीते 8 जुलाई को भोगांव थाना क्षेत्र में एक 8 वर्षीय किशोरी के साथ अधबने बने मकान में आरोपी ने पहचान छुपाकर दुष्कर्म जैसी घिनौनी वारदात को अंजाम दिया था। जिसमें मासूम के दादा की तहरीर पर अज्ञात दुष्कर्मी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

### कांवड़ मेला देखने आई बच्ची से दुष्कर्म

**सरधना (मेरठ)।** मेरठ में कांवड़ मेला देखने आई बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया। बच्ची मामा के साथ मेला देखने गई थी। मामा कांवड़ियों के सेवा में जुट गए। तब तक आरोपी बच्ची को जंगल में ले जाकर रेप की घटना को अंजाम दिया। मौके पर पहुंचे लोगों ने आरोपी को पकड़कर धुनाई की। इसके बाद पुलिस को सौंप दिया। ये मामला सरूरपुर थाना क्षेत्र का है। धनवाली में मंदिर पर कांवड़ मेला लगा हुआ है। यहां पर गुरुवार को 12 साल की बच्ची अपने मामा के साथ मेला देखने आई थी। मामा ने बताया, मंदिर में शिविर में कांवड़ियों की सेवा के लिए इंतजाम किए गए थे। उन्हें भोजन-पानी से लेकर सब कुछ दिया जा रहा था। मेला में जाते ही वह कांवड़ियों की सेवा में लग गए। इसी बीच उनकी भांजी कहीं चली गई। पीड़ित मामा ने बताया, कुछ देर बाद लोगों ने सूचना दी कि जूनियर हाई स्कूल के पास जंगल में बच्ची से रेप करते हुए एक आरोपी पकड़ा गया है।

### नशीली दवाओं के साथ नेपाली तस्कर गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर में 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी ककरहवा और पुलिस के जवानों ने नशीली दवाओं के साथ नेपाली तस्कर को पकड़ा है। जवानों द्वारा तस्कर को प्रतिबंधित दवाओं के साथ गिरफ्तार कर पुलिस चौकी ककरहवा को सुपुर्द कर दिया गया है। सशस्त्र सीमा बल के सीमा चौकी ककरहवा के चेक पोस्ट पर तैनात एसएसबी और पुलिस के जवानों ने नशीली दवाओं के साथ नेपाली तस्कर को गिरफ्तार किया है। कमांडिंग अधिकारी आरके डोगरा ने जानकारी देते हुए बताया की हमें जानकारी मिली थी कि सीमा स्तंभ संख्या 544(36) के समीप ककरहवा चेक पोस्ट के रास्ते प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी होने वाली है। सुचना प्राप्त होते ही सहायक उप निरीक्षक करन सिंह के नेतृत्व में चेक पोस्ट ड्यूटी पर तैनात मुख्य आरक्षी कमलेश कुमार ठाकुर, आरक्षी अवधेश कुमार यादव और आरक्षी आशीष यादव तथा चेक पोस्ट पर पिकेट ड्यूटी पर तैनात ककरहवा पुलिस चौकी के उप निरीक्षक तरुण कुमार शुक्ला, आरक्षी अनिल यादव को सूचित कर चेक पोस्ट के रास्ते आने-जाने वाले लोगों की गहन रूप से तलाशी ली जाने लगी।

# यूपी में भीषण बारिश-बाढ़, 96 ट्रेनें कैंसिल

## दिल्ली का पुराना लोहा पुल बंद, कालिंदी कुंज और डीएनडी पर डायवर्जन

एजेंसी

**कानपुर।** यूपी में बारिश लगातार जारी है। गंगा और यमुना खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। मेरठ, सहारनपुर और नोएडा में बाढ़ जैसे हालात हैं। मुरादाबाद मंडल की 50 ट्रेन और प्रयागराज, झांसी, आगरा मंडल की 46 ट्रेन कैंसिल कर दी गई हैं। यहां रेलवे पटरी और यार्ड में पानी भर चुका है। हथिनी कुंड से यमुना में छोड़े जाने वाले पानी से पैदा हुए खतरे के चलते दिल्ली के पुराने लोहा पुल को बंद कर दिया गया है। इसकी वजह से नेताजी एक्सप्रेस, जम्मूतवी एक्सप्रेस, योगा एक्सप्रेस, गाजियाबाद-नई दिल्ली, महानंदा समेत 14 ट्रेन को साहिबाबाद-नई दिल्ली, दिल्ली के रास्ते चलाई गई।

इसके अलावा गाजियाबाद-नई दिल्ली स्पेशल, कासिमपुर खेरी-दिल्ली, सहारनपुर-दिल्ली, मुरादाबाद-दिल्ली एक्सप्रेस निरस्त रही या अन्य ट्रेन के साथ लिंक करके चलाई गई। एहतियातन गौतमबुद्ध नगर में 14 जुलाई को कक्षा 12 तक के सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

लखीमपुर में शारदा नदी में पानी बढ़ गया है। यहां एक सरकारी प्राथमिक स्कूल की बिल्डिंग ढह गई। वहीं सीएम योगी शुक्रवार को सहारनपुर पहुंचे। यहां उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वे किया। चिलकाना में पीड़ितों से मुलाकात की। प्रेसवर्ता कर कहा कि बाढ़ से 2.75 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। सात लोगों की जान गई है। जिनकी जान गई हैं, उनके परिजनों को चार चार लाख रुपए दिए जाएंगे।

### ये ट्रेन शॉर्ट टर्मिनेट की गई

14617 जनसेवा एक्सप्रेस रुड़की स्टेशन पर, 19609 उदयपुर सिटी- योगनगरी एक्सप्रेस ज्वालापुर स्टेशन पर, 13009 दून एक्सप्रेस हरिद्वार स्टेशन पर, 14113 लिंक एक्सप्रेस हरिद्वार स्टेशन पर, 15001 मुजफ्फरपुर-देहरादून एक्सप्रेस हरिद्वार स्टेशन पर, 12369 हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस हरिद्वार स्टेशन पर, 15006 राप्ती-गंगा एक्सप्रेस हरिद्वार स्टेशन पर, 15903 डिब्रूगढ़-चंडीगढ़ एक्सप्रेस को चंदौक स्टेशन पर रोक दिया गया। 12237/12238 बेगमपुरा एक्सप्रेस, 12231/12232 लखनऊ-चंडीगढ़-लखनऊ एक्सप्रेस को भी रास्ते में निरस्त कर दिया गया। 15120 देहरादून-बनारस एक्सप्रेस, 13010 योग नगरी ऋषिकेश-हावड़ा एक्सप्रेस को तीन घंटे की देरी से चलाया जा रहा है।

### प्रेमी युगल ने ट्रेन के आगे लगाई छलांग, प्रेमिका की मौत, युवक घायल

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के जफराबाद-सुल्तानपुर रेल प्रखण्ड पर बछुआर रेलवे फाटक से दो सौ मीटर दूर शुक्रवार सुबह करीब छह बजे मालगाड़ी की चपेट में आने से एक युवती की मौत हो गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों प्रेमी प्रेमिका बताए गए। पुलिस के अनुसार जिले में सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के ग्राम बछुआर में स्थित रेलवे फाटक से दो सौ मीटर दूर रेलवे पटरी पर 20 वर्षीय रागिनी गौतम पुत्री अमरजीत गौतम निवासी पीथापुर थाना देवसरा जिला प्रतापगढ़ की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि 22 वर्षीय डेविड गौतम निवासी बरौली बदलापुर थाना बदलापुर जौनपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना गेटमैन अभिषेक सिंह ने हरपालगंज रेलवे स्टेशन अधीक्षक को दी। इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक ने स्थानीय पुलिस और आरपीएफ को सूचित किया और मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। घायल का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

# मथुरा में यमुना बह रही है चेतावनी निशान से ऊपर

**मथुरा।** ताजेवाला हेडवर्क्स एवं ओखला बैराज से लगातार पानी छोड़ने के कारण उत्तर प्रदेश के मथुरा में यमुना का जलस्तर चेतावनी निशान से ऊपर चला गया। शुक्रवार की सुबह प्रयाग घाट पर यमुना का जलस्तर 165.34 मीटर था।

अपर जिलाधिकारी योगानन्द पाण्डे ने बताया कि मथुरा में प्रयागघाट पर यमुना का चेतावनी का स्तर 165.20 मीटर है तथा खतरे का निशान 166 मीटर पर है ।उनका कहना था कि वैसे तो अभी मथुरा में बाढ़ का खतरा नही है किंतु यदि इसी प्रकार दिल्ली का पानी यमुना में छोड़ा गया तो मथुरा में बाढ़ आ सकती है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में आई बाढ़ सन 1978 के रिकार्ड को पार कर गई है इसलिए नागरिकों में भय का वातावरण फैलने से रोकने के लिए जिले के अधिकारी बाढ़ से प्रभावित संभावित गांवो तथा अन्य क्षेत्रों में जाकर लोगों को समझाते हुए व्यवस्थाओं की जानकारी भी दे रहे है।

उन्होंने बताया कि यमुना किनारे के निचले क्षेत्रों में रह रहे लोगों से सुरक्षित स्थानों पर अभी से जाने को कहा जा रहा है तथा इसके लिए मुनादी कराई जा रही है। वैसे प्रशासन ने संबंधिक लाइफ जैकेट आदि की व्यवस्था तहसील स्तर पर कर दी है जिससे आवश्यकता पड़ने पर उनका उपयोग बिना समय गंवाए किया जा सके।

उन्होंने बताया कि प्रशासन ने 66 नावों एवं 30 गोताखोरों से कहा है कि आवश्यकता पड़ने पर उनकी सेवाएं ली जाएंगी इसलिए उन्हें तैयार रहना चाहिए।

जिला प्रशासन ने 35 बाढ़ चैकियां आर 25 शेल्टर होम अभी से बना दिए हैं जिनमें सभी आवश्यक सामग्री को सुनिश्चित किया गया है।

अपर जिलाधिकारी के अनुसार जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष और सिंचाई विभाग के बाढ़ नियंचण कक्ष को 24सो घंटे चालू कर दिया है। आज 11 बजे ताजेवाला हेडवर्क्स से 54554 क्यूसेक पानी यमुना में छोड़ा गया। इसी प्रकार ओखला बैराज से 37225 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है जिससे मथुरा में जलस्तर में वृद्धि जारी है ।इस बढ़त को कम करने के लिए 70635 क्यूसेक पानी गोकुल बैराज से आगरा की ओर छोड़ा गया है।

# इटावा के ऐतिहासिक काली वाहन मंदिर में लागू हुआ 'ड्रेसकोड'

इटावा। उत्तर प्रदेश के इटावा में यमुना नदी के किनारे स्थापित महाभारत कालीन सभ्यता से जुड़े ऐतिहासिक काली वाहन मंदिर में ड्रेस कोड लागू किया गया है। इस मंदिर के बारे में यह जनश्रुति है कि महाभारत के अमर पात्र अश्वत्थामा सबसे पहले पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं।

इस ड्रेस कोड को लागू करने के पीछे ऐसा कहा जा रहा है कि मंदिर प्रबंधन ने तय किया है कि सनातन धर्म से जुड़ी हुई परंपराओं का निर्वाह करने के लिए ही श्रद्धालु मंदिर परिसर में पूजा अर्चना करने के लिए आए। मंदिर प्रबंधन ने सभी श्रद्धालुओं के लिए ड्रेस कोड लागू किया गया है। काली वाहन मंदिर के मुख्य पुजारी सचिन गिरी का कहना है कि फैशन के दौर में महिला हो या पुरुष सभी लोगों ने अपना परिधान अत्याधुनिक तरीके से पहनना शुरू कर दिया है। पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव इस कदर हावी हो चुका है युवा सामान्य तौर पर विभिन्न प्रकार की पोशाकों में देखे जा सकते हैं। ऐसी ही पोशाकों को पहनकर महिला हो या पुरुष मॉल, बाजार, पिकनिक स्पॉट, रेस्टोरेंट्स, होटल्स में पहने हुए लोग दिखाई देते हैं। इस तरह के परिधानों को पहनकर मंदिर दर्शन पर प्रतिबंध लगना शुरू हो गया है।

# फतेहपुर में हिस्ट्रीशीटर सहित 3 बाइक चोर गिरफ्तार

## चोरी की 8 बाइक बरामद, स्मैक का नशा करने के लिए करते थे बाइक चोरी

**फतेहपुर।** फतेहपुर में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीन शातिर बाइक चोरों को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर 8 चोरी की बरामद हुई हैं। पकड़े गए शातिर बाइक चोर स्मैक का नशा पूरा करने के लिये बाइकों की चोरी करते थे। पुलिस के अनुसार तीनों अपराधियों पर अलग-अलग थानों में कई मुकदमा दर्ज हैं।

जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन परिसर के मनोरंजन कक्ष में बाइक चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एसपी उदय शंकर सिंह ने जानकारी दी। बताया कि कोतवाली प्रभारी पुलिस टीम के साथ ज्वालागंज तिराहा पर वाहन चेकिंग कर रहे थे तभी



मुखबिर ने सूचना दिया कि एक बाइक पर तीन शातिर बाइक चोर चोरी की बाइक के साथ आ रहे हैं। इस पर पुलिस टीम ने मुखबिर के बताए गए बाइक सवारों को रोककर बाइक का कागज मांगा तो नहीं दिखा सके।

### अन्य लोगों की भी की जा रही तलाश

पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो लखनऊ बाईपास के पास बन्द पड़ी पुरानी सब्जी मंडी की झाड़ियों से 7 बाइक को बरामद किया गया। पकड़ा गया बाइक चोर शेखू अंसारी (35), जो स्मैक का नशा पूरा करने के लिए बाइक चोरी करता है और यह कोतवाली क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर भी है। इसके खिलाफ 11 मुकदमें पहले से अलग-अलग थानों में दर्ज हैं। इसके दो साथी आमिर उर्फ समीर (19) पर 4 मुकदमा और बउआ अली उर्फ इसरार (19) के ऊपर 4 मुकदमे दर्ज हैं। इन लोगों ने शहर के अलग-अलग जगह से बाइक चोरी करने की बात कही है। यह लोग बाइक चोरी कर किसको बेचते थे और कौन लोग चोरी की बाइक खरीदने का काम करते थे इसकी पूछताछ की जा रही है।

# भदोही : मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार कर लिया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने आज बताया कि भदोही कोतवाली इंस्पेक्टर अजय सेठ व रजपुरा पुलिस चैकी इंचार्ज महेश सिंह दलबल के साथ भदोही कोतवाली इलाके के भिखारीपुर में रात 11 बजे संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चेकिंग कर रहें थे। तभी एक बाइक पर सवार दो लोग आ रहे थे। पुलिस ने रूकने का इशारा किया तो बाइक सवार मेन सड़क से



उतरकर गांव की तरफ भागने लगे।

पुलिस ने कंट्रोल रूम को सूचना देते हुए भाग रहे बाइक सवारों का पीछा करना शुरू कर दिया। सूचना पर क्राइम ब्रांच सहित कई थाने की पुलिस पहुंच गई। रामरायपुर स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय डिग्री कॉलेज के समीप पुलिस टीम ने बाइक सवारों को घेर लिया।

पुलिस से घिरता देख बाइक सवारों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम भी जवाबी फायरिंग करने लगी। बाइक सवार बदमाश की गोली रजपुरा पुलिस चैकी इंचार्ज महेश सिंह को लगी लेकिन बुलेट प्रूफ जैकेट होने के चलते वह बाल-बाल बच गये। उधर, पुलिस की गोली एक बदमाश के पैर में लग गई।

और वहीं पर वह घायल होकर गिर गया जबकि बाइक पर सवार उसका साथी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। गोली लगने के बाद गिरफ्तार किये गये घायल बदमाश की पहचान भदोही शहर के छेड़ीबीर निवासी आजम अली के रूप में हुई है।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वह 25 हजार का इनामी बदमाश हँ तथा उसके ऊपर कई मुकदमें दर्ज हैं। बदमाश के पास से एक पिस्टर, कई कारतूस व बाइक बरामद की है। बाइक के नम्बर प्लेट पर वन विभाग का लोगो लगा है। घायल बदमाश को महाराजा बलवंत सिंह राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# नदी में नहाते हुए डूबे दो युवक, एक की मौत दूसरे की तलाश जारी

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में नदी में नहाते हुए दो युवक डूब गये हैं जिसमें से एक का शव बरामद कर लिया गया है जबकि दूसरे की तलाश अब भी जारी है।

पुलिस ने बताया कि पीपरपुर थाना क्षेत्र के अविहरन मजरे घोरहा गांव निवासी शिवराम यादव (28) व पहिया मजरे घोरहा निवासी दिनेश कोरी (22) बृहस्पतिवार की देर शाम गांव के पास गुजर रही मालती नदी में नहाने गए थे। दांडी घाट स्थित चेकडेम के पास नहाते समय दोनों युवक नदी में डूबने लगे ।आस पास मौजूद लोगों ने गुहार लगाते हुए दोनों को बचाने की कोशिश शुरू कर दी। लेकिन सफल नहीं हो सके। गांव के कुछ युवक नदी में उतर कर उनकी तलाश करने में जुट गए। सफलता नहीं मिली तो पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही एसओ पीपरपुर संदीप राय, प्रभारी संग्रामपुर निर्मल सिंह व टीकरमाफी चौकी प्रभारी दल बल के साथ पहुंच गए।

# एसपी की तस्वीर लगाकर अज्ञात मांग रहा है रूपये

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्रशांत वर्मा सोशल मीडिया फ्रॉड का शिकार हुए हैं।

एसपी का सोशल मीडिया पर फोटो लगाकर एक व्यक्ति लोगों से रूपये की मांग रहा है। इसकी जानकारी होने पर साइबर सेल प्रभारी ने कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज कराया है। सोशल मीडिया पर आम लोगों के साथ अब फ्रॉड करने वाले लोग अधिकारियों को भी निशाना बनाने लगे हैं। कुछ ऐसा ही मामला जनपद में पुलिस अधीक्षक के साथ देखने को मिला। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा की फोटो सोशल मीडिया पर डाल कर एक व्यक्ति द्वारा लोगों से रुपये की मांग की जा रही थी। इसकी जानकारी होने पर पुलिस अधीक्षक के जन संपर्क अधिकारी गौरव सिंह ने साइबर सेल प्रभारी पंकज कुमार सिंह को घटना की जानकारी दी है।

सोशल मीडिया पर जांच करने के बाद साइबर सेल प्रभारी ने कोतवाली देहात में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

### वाहन चोर गैंग के 8 आरोपी अरेस्ट

**अलीगढ़।** अलीगढ़ की सासनीगेट पुलिस ने शुक्रवार को अंतर जनपदीय वाहन चोर गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने गैंग के 8 सदस्यों को गिरफतार कर लिया है और उनकी निशानदेही पर चोरी किए गए 8 वाहन भी बरामद किए हैं। आरोपियों ने यह वाहन अलीगढ़ व आसपास के जिलों से चोरी किए थे और इसका इस्तेमाल कर रहे थे। इसके बाद यह मौका देखते ही इसे बेंचने वाले थे। लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपियों के ऊपर छापेमार कार्रवाई की और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। अब आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# सोनभद्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से पिता व दो बच्चों की मौत

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश में सोनभद्र के चोपन कोतवाली क्षेत्र में सोन नदी पर स्थित पुल पर शुक्रवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पिता व दो बच्चों की मौत हो गई। दुर्घटना में मृतक की पत्नी और दूसरा बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया।

कोतवाली क्षेत्र के अम्मा टोला गांव निवासी अंगद केवट (32) पुत्र मुन्नी लाल केवट अपनी पत्नी और तीन बच्चों को बाइक से लेकर राबर्टसगंज की तरफ जा रहा था। जब चोपन पुल




पर पहुंचे तो सामने से आ रहे किसी वाहन ने टक्कर मार दी ,इससे बाइक सवार सभी लोग सड़क पर जा गिरे।

इस हादसे में अंगद पुत्र स्वर्गीय मुन्नीलाल केवट, अर्चना (07), सनी(05) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मृतक की पत्नी संगीता देवी(28) और बिट्टू (03) गंभीर रुप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी होते ही मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। चोपन कोतवाली पुलिस ने तत्काल घायलों चोपन सीएचसी ले गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मां और बेटे को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिए। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है।

# जमीनी विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या

## थाने से 100 मीटर दूर बीच बाजार बरसाई गोलियां




**अलीगढ़।** अलीगढ़ के गोंडा थाना क्षेत्र में दुकान पर बैठे एक युवक पर बदमाशों ने ताबडतोड़ गोलियां चला दी। अचानक गोलियां चलने से जहां पूरे क्षेत्र में भगदड़ मच गई, वहीं दूसरी ओर युवक बुरी तरह से घायल होकर जमीर पर गिर गया। जिसके बाद आरोपी मौके से भाग गए।

वहीं, घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस युवक को लेकर जिला अस्पताल पहुंची, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर एसपी देहात पलाश बंसल समेत पुलिस के अन्य आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों से पूछताछ शुरू की। इसके साथ ही बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### दो परिवारों के बीच चल रहा जमीनी विवाद

गोंडा थाना क्षेत्र के कस्बा गोंडा निवासी नरेंद्र की गांव के ही एक परिवार से जमीन को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी।

दोनों परिवारों के बीच में पहले भी विवाद हुए थे और हत्याएं भी हुई थी। इसी रंजिश के चलते दूसरे पक्ष में गुरुवार देर रात भरे बाजार नरेंद्र के ऊपर हमला कर दिया और ताबड़-तोड़ गोलियां चलाई। नरेंद्र के भाई ने बताया कि गोंडा के बाजार में उसके भाई के ऊपर हमला किया गया। हमला जहां हुआ, वहां से थाना 100 मीटर दूरी पर है। 10 से 15 लोग उसकी दुकान पर आए और ताबड़तोड़ गोलियां चलाई, जिसमें गोलियां उसके भाई को लगी और उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई ने बताया कि गोली चलाने वालों में करन, अर्जुन, अंकी, सोनिया प्रधान भी शामिल थे। उनसे पुरानी रंजिश चल रही है।

# अगस्त से शुरू हो जाएगा बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का टोलटैक्स

**बांदा।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर बने टोल प्लाजा और रैंप प्लाजा को अब सिर्फ जनरेटरों का इंतजार करना पड़ रहा है। इसके लिए शासन को डिमांड भेजी गई है। जनरेटर लगते ही टोल वसूली का काम भी शुरू हो जाएगा। बता दें कि टोल टैक्स का ट्रायल भी हो चुका है और कर्मचारियों की तैनाती हो गई। है। टोल टैक्स वसूली के लिए यूपीडा ने इंद्रदीप कांट्रक्शन कंपनी को 1 साल के लिए 68.38 करोड़ रुपए में ठेका दिया गया है। चित्रकूट से इटावा तक 296.5 किमी लंबे बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे में छह टोल प्लाजा के साथ राम प्लाजा बनाए गए हैं। चित्रकूट के भरतकूप से इटावा भरथौल तक बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य को फरवरी 2020 में स्वीकृति मिली थी। पीएम मोदी ने 16 जुलाई 2022 को जालौन में इसका शुभारंभ किया था। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे बनकर तैयार होने के बाद कई बार टोल टैक्स वसूली के लिए यूपीडा की ओर से प्रयास किए गए। लेकिन ट्रैफिक कम होने और घाटे की बात कहकर कंपनियां टेंडर लेने से बचती रही हैं। अब शासन स्तर पर हुई बैठक में टोल टैक्स वसूली को लेकर करार हो गया है। पीआर कंपनी लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे में भी टोल टैक्स वसूली करती है।

## शार्ट न्यूज

### अमेजन फ्रेश पर भी प्राइम डे डील

**नयी दिल्ली।** ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन इंडिया ने दो दिवसीय प्राइम डे के सातवें संस्करण का लाभ अमेजन फ्रेश पर भी मिलेगा। कंपनी ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि 15 और 16 जुलाई को होने वाले प्राइम डे पर एक ही स्थान पर घरेलू सामान, पैकेज्ड भोजन और पेय पदार्थ, फिटनेस सप्लीमेंट, शिशु और पालतू जानवरों की देखभाल, स्वास्थ्य देखभाल उत्पाद आदि की सबसे बड़ी वैरायटी उपलब्ध होगी। उसने कहा कि प्राइम मेंबर सबसे बड़ी डील और फायदों का लुत्फ उठा सकते हैं, जैसे किराना सामान पर 50 प्रतिशत तक की छूट और पहले 4 ऑर्डर पर 450 रुपए तक का कैशबैक पा सकते हैं। इसके अलावा भी यहां ग्राहकों के लिए बहुत कुछ है। ग्राहक एक ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से सुविधाजनक डिलीवरी स्लॉट पर विविध तरह की चीजों की दिल खोलकर खरीददारी कर सकते हैं। आप दावत, क्रेकर, आशीर्वाद, पैम्पर्स, सर्फ एक्सल, टाटा टी, कैडबरी और डाबर जैसे मशहूर व नामचीन ब्रांड के किराना सामान का भंडारण करके बचत कर सकते हैं।

### बीएमडब्ल्यू ने लाँच की भारत निर्मित बीएमडब्ल्यू एक्स 5, कीमत 93.90 लाख से शुरू

**नयी दिल्ली।** लक्जरी यात्री वाहन बनाने वाली जर्मन कंपनी बीएमडब्ल्यू ने आज भारत में निर्मित अपनी नयी एसयूवी बीएमडब्ल्यू एक्स 5 लाँच करने की घोषणा की जिसकी शुरूआती एक्स शोरूम कीमत 93.90 लाख रुपये है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि इसका निर्माण चेन्नई स्थित संयंत्र में किया जा रहा है। इसको पेट्रोल और डीजल दोनों इंजन विकल्प में पेश किया गया है। इसके बाहरी और आंतिरक साजसज्जा में बदलाव कर आधुनिकता का समावेश किया गया है। बेहतर प्रदर्शन के लिए पेट्रोल और डीजल दोनों में ही नयी पीढ़ी की 48 वी माइल्ड हाईब्रिड टेक्नॉलॉजी दी गयी है। कंपनी ने कहा कि आंतरिक साज सज्जा में 14.9 इंच का बीएमडब्ल्यू कवर्ड डिस्प्ले के साथ ही कई आधुनिक फीचर भी दिये गये हैं। बीएमडब्ल्यू एक्स5 एक्स ड्राइव 40 आई एक्स लाइन की एक्स शोरूम कीमत 93.90 लाख रुपये और बीएमडब्ल्यू एक्स 5 एक्स ड्राइव 40 आई एम स्पोर्ट की कीमत 1,04,90,000 रुपये है। इसी तरह से बीएमडब्ल्यू एक्स 5 एक्स ड्राइव 30 डी एक्स लाइन की कीमत 95.90 लाख रुपये और बीएमडब्ल्यू एक्स5 एक्स ड्राइव 30 डी एम स्पोर्ट की कीमत 1,06,90,000 रुपये है।

### ट्विटर ने की ऐड रेवन्यू शेयरिंग प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा, यूजर को पैसे कमाने का मौका

नई दिल्ली। माइक्रोब्लॉगिंग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर के यूजर के लिए अच्छी खबर है। दरअसल, ट्विटर अपने क्रिएटर्स के साथ रेवन्यू (आय) साझा करने की तैयारी में है। सोशल मीडिया दिग्गज ट्विटर ने बहुत जल्द ऐड रेवन्यू शेयरिंग प्रोग्राम लॉन्च करने की घोषणा की है। हालांकि, मुद्रीकरण के लिए योग्यताएं काफी चुनौतीपूर्ण होंगी। इससे अधिकांश यूजर पैसे कमाने की दौड़ से बाहर हो सकते हैं। ट्विटर ने एक ट्वीट के जरिए यह जानकारी दी है। ट्विटर ने लिखा, अद्भुत! हम राजस्व साझा करने के लिए तैयार हैं। आपको बहुत जल्द अपना हिस्सा मिलेगा। अधिक जानकारी के लिए अपना ईमेल चेक करें। वहीं, वर्ल्ड ऑफ स्टैटिस्टिक्स ने ट्वीट किया, बड़ी घोषणा: ट्विटर क्रिएटर्स के साथ राजस्व साझा करने का प्रोग्राम शुरू कर रहा है। आपको बता दें कि पिछले महीने ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने घोषणा की थी कि जल्द ही ट्विटर पर ब्लू टिक वाले यूजर्स अपने ट्वीट के साथ में अन्य सत्यापित उपयोगकर्ताओं को दिखाए गए विज्ञापनों से होने वाली आय का हिस्सा पाने के लिए सक्षम होंगे। मस्क ने घोषणा की थी कि यह सुविधा कुछ हफ्तों में उपलब्ध होगा। इसलिए माना जा रहा है कि ट्विटर कभी भी इस प्रोग्राम की घोषणा कर सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ट्वीट के मुद्रीकरण के लिए जरूरी योग्यताएं अधिक होंगी।

### वारंटी पार्ट्स बदलने पर नहीं लगेगी कोई जीएसटी

**नई दिल्ली।** जीएसटी काउंसिल ने हाल ही में इस बारे में फैसला लिया कि वारंटी अवधि के दौरान पार्ट और वस्तुओं के रिप्लेसमेंट या रिपेयर सेवाओं पर टैक्स लगाया जाए या नहीं। उन्होंने घोषणा की कि वारंटी अवधि के दौरान मुफ्त में दिए जाने वाले पार्ट्स या सामान और उनसे जुड़ी सेवाओं पर कोई त्रस्क्ष नहीं लगेगा। हालांकि, कंपनियां अभी भी इस उद्देश्य के लिए अपने आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त पार्ट और वस्तुओं पर भुगतान किए गए करों का क्रेडिट प्राप्त कर सकती हैं। कभी-कभी, जब कंपनियां चीजें बनाती और बेचती हैं, तो उन्हें एक निश्चित अवधि के दौरान टूटने पर उन्हें मुफ्त में ठीक करना या बदलना पड़ता है, जिसे वारंटी या गारंटी अवधि कहा जाता है। जब करों की बात आती है तो यह एक समस्या हो सकती है। लोगों को आश्चर्य होता है कि क्या उन्हें मुफ्त में दिए जाने वाले पुर्जों पर या वारंटी अवधि के दौरान प्रदान की जाने वाली सेवाओं पर कर देना होगा। उन्हें यह भी आश्चर्य होता है कि क्या उन्हें उन हिस्सों पर पहले से भुगतान किए गए करों के पैसे वापस मिल सकते हैं। यह थोड़ा जटिल है, लेकिन मूल रूप से, जीएसटी परिषद ने स्पष्ट किया कि कंपनियों को वारंटी अवधि के दौरान मुफ्त पार्ट्स या सेवाओं पर अतिरिक्त कर नहीं देना होगा। और वे अभी भी उन हिस्सों पर पहले से भुगतान किए गए करों के लिए कुछ पैसे वापस पा सकते हैं।

### विदेशी गेमिंग प्लेटफॉर्मों के लिए सख्त मानकों पर चल रहा काम : राजस्व विभाग

राजस्व विभाग विदेश के ई-गेमिंग प्लेटफॉर्मों पर नजर रखने और उन्हें वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाने के लिए एक अलग व्यवस्था बनाने की योजना बना रहा है। इस व्यवस्था के तहत विदेश स्थित ऐप/प्लेटफॉर्म को बैंकिंग चैनल के माध्यम से भुगतान करने की स्थिति में सख्त घोषणा सुनिश्चित करनी होगी। विभाग विदेशी ऑफशोर इकाइयों के लिए एक नियत समयावधि में कर के मकसद से जीएसटी पंजीकरण अनिवार्य कर सकता है। एक वरिष्ठअधिकारी ने बिजनेस स्टैंडर्ड से कहा कि इसका अनुपालन न करने की स्थिति में भारत में उनकी पहुंच ब्लॉक की जा सकती है और कर वसूली के लिए कानूनी कदम उठाए जा सकते हैं। जीएसटी परिषद ने खिलाड़ियों से घरेलू ऑनलाइन गेमिंग फर्मों से प्राप्त राशि पर ज्यादा कर लगाने का फैसला किया था, जिसके बाद इस कदम की तैयारी चल रही है। घरेलू ऑनलाइन गेमिंग पर कर लगाने को लेकर मसौदा नियम की तैयारी के बीच विभाग ऑफशोर ई-गेमिंग प्लेटफॉर्मों के लिए बाध्यताओं पर काम कर रहा है, जिससे नए कर नियम लागू किए जा सकें। इस व्यवस्था के तहत बैंकों के माध्यम से विदेश में पैसे भेजने वाले लोगों को अपना मकसद बताने का दायित्व होगा। उदाहरण के लिए उन्हें लेन देन के दौरान ऐप या प्लेटफॉर्म का विवरण देना होगा, जिससे कि भेजी गई राशि पर तुरंत कर का भुगतान हो सके। अगर कोई व्यक्ति गलत जानकारी देता है तो उसके ऊपर जीएसटी नियमों के तहत कठोर जुर्माना लगाया जाएगा।

### जी-20 के अध्यक्ष के रूप में भारत का वैश्विक आम सहमति पर जोर

आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने कहा है कि जी-20 के अध्यक्ष के रूप में भारत का प्रयास वैश्विक आम सहमति बनाने पर है। गांधीनगर में होने जा रही तीसरी फाइनैंशियल ट्रैक बैठक के एक दिन पहले उन्होंने कहा कि भारत की प्रबल इच्छा है कि सभी देश आम सहमति के लिए मिलकर काम करें। उन्होंने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के असर के मसले को छोड़कर अन्य वैश्विक आर्थिक मसलों पर एक साझा आधार बना है। वहीं केवल अध्यक्षीय सारांश ही बन पाया है और इसके अलावा कोई दस्तावेज जारी नहीं किया गया है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वन ने भी कहा कि वृद्धि और वैश्विक अनिश्चितता के दौर में जब नीतियां अभी आकार ले रही हैं, ऐसे में अगर कोई सहमति नहीं बनती है, तब भी यह बैठक व चर्चा बहुत महत्त्वपूर्ण है। सीईए ने कहा कि कम महंगाई दर के 40 साल बाद विश्व में अब ज्यादा महंगाई का दौर शुरू हुआ है और विभिन्न देश इसका समाधान निकालने में लगे हैं। नागेश्वरन ने कहा कि जी-20 जैसे मंच इसलिए अहम हैं क्योंकि इसमें शामिल देशों की जीडीपी कुल वैश्विक जीडीपी के करीब 75 से 80 प्रतिशत के बराबर है। उन्होंने कहा, 'जी-20 राष्ट्रीय सीमाओं को तोड़कर विभिन्न मसलों पर चर्चा के लिए एक मंच मुहैया कराता है।

# सेंसेक्स पहली बार 66 हजार अंक के नए शिखर पर



**मुंबई।** अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दर में बढ़ोतरी के सिलसिले को रोकने की उम्मीद में स्थानीय स्तर पर आईटी और टेक समेत 16 समूहों में हुई 4.30 प्रतिशत तक की तेजी की बदौलत आज सेंसेक्स पहली बार 66 हजार अंक के नए शिखर पर पहुंच गया।
बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 502.01 अंक की छलांग लगाकर पहली बार 66 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 66,060.90 अंक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।
इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 150.75 अंक चढ़कर 19,564.50 अंक पर रहा। इसी तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। मिडकैप 1.00 प्रतिशत की तेजी लेकर 29,393.00 अंक और स्मॉलकैप 1.14 प्रतिशत बढ़कर 33,701.90 अंक पर रहा।
इस दौरान बीएसई में कुल 3567 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2208 में तेजी जबकि 1210 में गिरावट रही वहीं 149 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 34 कंपनियों में लिवाली जबकि 16 में बिकवाली हुई।
विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका में जून में खुदरा महंगाई घटी है। इससे फेडरल रिजर्व से उम्मीद की जा रही है कि वह इस साल ब्याज दरों में जारी बढ़ोतरी के सिलसिले पर विराम लगा सकता है। इससे बीएसई के 16 समूहों के प्रति निवेशकों की निवेश धारणा मजबूत रही। इस दौरान आईटी 4.30, टेक 3.74, कमोडिटीज 0.81, एफएमसीजी 0.79, दूरसंचार 1.08, धातु 1.37 और रियल्टी समूह के शेयर 1.19 प्रतिशत चढ़ गए।
अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.15, हांगकांग का हैंगसेंग 0.33 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.04 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं जर्मनी का डैक्स 0.16 और जापान का निक्केई 0.09 प्रतिशत गिर गया।
कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 217 अंक की तेजी लेकर 65,775.49 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से यह दोपहर से पहले 65,610.82 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं लिवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 66,159.79 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 65,558.89 अंक के मुकाबले 0.77 प्रतिशत की छलांग लगाकर 66,060.90 अंक पर रहा।
इसी तरह निफ्टी भी 80 अंक चढ़कर 19,493.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,433.50 अंक के निचले जबकि 19,595.35 अंक के उच्चतम स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,413.75 अंक की तुलना में 0.78 प्रतिशत की तेजी लेकर 19,564.50 अंक पर पहुंच गया।
इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में टीसीएस 5.13, टेक महिंद्रा 4.51, इंफोसिस 4.40, एचसीएल टेक 3.80, विप्रो 2.69, टाटा स्टील 1.92, एलटी 0.87, टाटा मोटर्स 0.59, आईसीआईसीआई बैंक 0.57, एचडीएफसी बैंक 0.24 और इंडसएंड बैंक 0.12 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.28, पावर ग्रिड 1.25, मारुति 0.51, एनटीपीसी 0.27, एसबीआई 0.21 और रिलायंस ने 0.15 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# अमेजन प्राइम डे पर 40 हजार नये उत्पाद होंगे लांच




नयी दिल्ली। ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन पर कल से दो दिवसीय प्राइम डे शुरू हो रहा है जिसमें 400 से अधिक घरेलू और विदेशी कंपनियों 40 हजार से अधिक नये उत्पाद लाँच करने वाली है।

कंपनी ने आज यहां जारी एक बयान में अपने प्राइम मेंबरों से प्राइम डे 15 और 16 जुलाई के लिए अपने कैलेंडर को सेट करने की अपील करते हुये कहा कि इस दौरान अविश्वसनीय बचत, ब्लॉकबस्टर एनटरटेनमेंट, न्यू प्रॉडक्ट लॉन्च प्राइम मेंबरों के स्वागत के लिए तैयार है।

उसने लोगों से अभी प्राइम नाउ को ज्वॉइन करने का आग्रह करते हुये कहा कि इससे मुफ्त एवं तेज डिलीवरी, असीमित वीडियो स्ट्रीमिंग, एड-फ्री म्यूजिक, स्पेशल डील और फायदों का लाभ उठाया जा सकता है। इस बार प्राइम डे पर, अमेजन पे आपकी खरीदारी के तरीके में एक नई क्रांति लाने के लिए तैयार है, जो आपको कई लाभ, कैशबैक और आसान क्रेडिट की पेशकश करेगा।

आनंद, निर्बाध भुगतान और अविश्वसनीय बचत की यात्रा शुरू करने के लिए आप तैयार रहें। कंपनी ने कहा कि इस प्राइम डे पर ड्रीम वेकेशन की योजना भी बनायी जा सकती है क्योकि नए लॉन्च हुए इंटरनेशनल फ्लाइट और होटल बुकिंग अनुभव का लाभ उठाइए तथा 110,000 से अधिक इंटरनेशल होटल, होमस्टे, विला आदि की रेंज से चयन किया जा सकता है। प्राइम डे के हिस्से के रूप में प्राइम मेंबर घरेलू उड़ानों पर 25 प्रतिशत तक की छूट और इंटरनेशनल फ्लाइट पर 17 प्रतिशत तक की छूट के साथ 100,000 होटल स्टे पर 50 प्रतिशत तक की छूट पा सकते है। गैर-प्राइम मेंबर भी सभी ट्रैवल बुकिंग पर एक्सक्लूसिव ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।

अमेजन ने कहा कि इस बार प्राइम डे पर डिलीवरी स्पीड को एक नई ऊंचाई दी जा रही है जिसमें 24 से 48 घंटे के भीतर डिलीवरी की जायेगी। भारत में 25 शहरों के प्राइम मेंबर योग्य उत्पादों पर उसी दिन या अगले दिन डिलीवरी का आनंद उठा सकते हैं। अधिकांश टियर-2 शहरों के ग्राहक भी अपने प्राइम डे ऑर्डरों को 24 से 48 घंटे के भीतर प्राप्त कर सकेंगे।

## हाउसिंग डॉटकॉम का 10 लाख रुपये का त्वरित होम लोन

नयी दिल्ली। प्रॉपटेक प्लेटफार्म हाउसिंग डॉटकॉम ने 10 लाख रुपये के त्वरित होम लोन की पेशकश के लिए क्रेडिट इंफ्रास्ट्रक्चर मुहैया कराने वाले फिनबॉक्स के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस सेवा के तहत ग्राहकों को 10 लाख रुपये तक की लोन की सुविधा उपलब्ध होगी। इस सेवा का लक्ष्य रेंटल सिक्योरिटी डिपाजिट, बुकिंग की शुरुआती राशि, मरम्मत के खर्च और फर्नीचर खरीदने सहित विविध ज़रूरतों के लिए ग्राहकों की मदद करना है। डिजिटल ऋृण की प्रक्रिया को आसान और सुलभ बनाने के लिए प्रॉपटेक प्लेटफॉर्म ने इस सेवा को अपने ऐप और वेब इंटरफ़ेस के साथ एकीकृत किया है। यूजर हाउसिंग एज के माध्यम से इस सेवा को सुविधापूर्वक प्राप्त कर सकते हैं। हाउसिंग एज एक सम्पूर्ण रेंटल और सम्बंधित सेवा प्लेटफॉर्म है जो एक संपूर्ण डिजिटल अनुभव प्रदान करता है। हाउसिंग डॉटकॉम के ग्रुप सीईओ ध्रुव अगरवाला ने कहा अब लोन आवेदन की कठिन एवं थकाने वाली प्रक्रिया और ढेरों कागजी कारवाईयों के दिन चले गए। हाउसिंग डॉटकॉम और फिनबॉक्स ने इस प्रक्रिया को सुचारू बनाया है जिससे आवेदक महज 3 मिनट में लोन आवेदन की सम्पूर्ण प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। एक बार आवेदन स्वीकृत हो जाने पर आवेदकों को त्वरित लोन ऑफर मिल जाते हैं और आमतौर पर 24 घंटों के भीतर राशि का वितरण कर दिया जाता है।

## फेमा के तहत 3.94 करोड़ रुपये जब्त, धनशोधन मामले में पूर्व आईटी अधिकारी समेत तीन ईडी हिरासत में भेजे गए

नई दिल्ली। ईडी ने फेमा 1999 की धारा 37ए के तहत पिजन एजुकेशन टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मामले में 3.94 करोड़ रुपये जब्त किए। जांच में पता चला कि उक्त इकाई का स्वामित्व और नियंत्रण चीनी नागरिकों की ओर से किया गया था और विज्ञापन खर्च के बहाने कंपनी से 82.72 करोड़ रुपये की राशि चीन और हांगकांग भेजी गई। ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने बताया कि मामले में कुल 12.25 करोड़ रुपये जब्त किए गए। उधर, मुंबई की एक विशेष अदालत ने 263 करोड़ रुपये के कथित स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) घोटाले के सिलसिले में शुक्रवार को एक पूर्व आयकर अधिकारी और दो अन्य को 24 जुलाई तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। पूर्व आयकर अधिकारी तानाजी अधिकारी और कारोबारी भूषण पाटिल व राजेश शेट्टी को दिन में गिरफ्तारी के बाद विशेष पीएमएलए न्यायाधीश एमजी देशपांडे के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने कहा कि दस्तावेजों के अवलोकन से स्पष्ट संकेत मिलता है कि आरोपी अपराध से अर्जित धन जुटाने में शामिल हैं। अदालत ने कहा कि कथित तौर पर जो धनशोधन किया गया है वह राष्ट्र की संपत्ति है। अदालत ने तीनों को 24 जुलाई तक ईडी की हिरासत में भेज दिया।

## बंधन बैंक का मुनाफा 19 फीसद गिरा

**नयी दिल्ली।** निजी क्षेत्र के बंधन बैंक ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही 721 करोड़ रुपये का लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 886 करोड़ रुपये की तुलना में 19 प्रतिशत कम है। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ चंद्र शेखर घोष ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद जारी वित्तीय लेखाजोखा में यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि 30 जून को समाप्त इस तिमाही में बैंक की शुद्ध ब्याज आय 2491 करोड़ रुपये रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 2514 करोड़ रही थी। इस तिमाही में बैंक का सकल एनपीए 6.76 प्रतिशत पर रहा है जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 7.25 प्रतिशत रहा था।

## लिवप्योर ने चिमनी की नयी श्रृंखला की पेश




**नयी दिल्ली।** होम एवं लिविंग कंज्यूमर प्रोडक्ट निर्माता लिवप्योर ने चिमनी सेगमेंट के लॉन्च की घोषणा की है।
कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि चिमनी की पेशकश के साथ लिवप्योर ने रसोईघर के क्षेत्र में अपनी मौजूदगी बनाते हुए ग्राहकों के लिये भरोसेमंद, कुशल एवं स्टाइलिश उपकरण पेश किये हैं, ताकि उनका कुकिंग का अनुभव बेहतर हो और किचन के स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा मिले। चिमनी उत्पाद आज से फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध है। कंपनी भविष्य में चिमनी रेंज की उपलब्धता को मॉडर्न और जनरल ट्रेड चैनलों तक विस्तारित करने की योजना में भी है, ताकि देशभर में ग्राहकों को ज्यादा सुलभता मिल सके। लिवप्योर ने चार श्रेणी में चिमनी के 10 मॉडल उतारे हैं। चिमनी में इन-बिल्ट थर्मल ऑटो-क्लीन टेक्नोलॉजी है, जो रख-रखाव को आसान बनाती है। कंपनी ने ब्राण्डेड चिमनी की बढ़ रही मांग को ध्यान में रखते हुये इस श्रेणी में प्रवेश किया है।
लिवप्योर के प्रबंध निदेशक राकेश कौल ने कहा, हम फ्लिपकार्ट पर लिवप्योर चिमनी की पेशकश करते हुए उत्साहित हैं, जिससे कि हमारे ग्राहकों के सुख को बढ़ाने वाले बेजोड़ उत्पाद देने के लिये हमारी प्रतिबद्धता का पता चलता है। रसोईघर के विस्तृत क्षेत्र में कदम रखते हुए हमारा लक्ष्य कुकिंग का एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाना है, जो वाटर प्यूरीफायर्स की हमारी मौजूदा श्रृंखला का पूरक हो। हमारी चिमनी उपभोक्ता की बढ़ती जरूरत और पसंद के अनुरूप हैं और हमें विश्वास है कि उनके नए-नए फीचर्स और उच्च-गुणवत्ता का प्रदर्शन रसोईघर के क्षेत्र में आनंद को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि लिवप्योर नवाचार पर ज्यादा ध्यान देती है और यह नई-नई कैटेगरीज पेश करना और अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार करना जारी रखेगी और अपने ग्राहकों की विकसित होती आवश्यकताएं पूरी करती रहेगी।

# थोक मूल्य-सूचकांक में गिरावट जारी, जून में महंगाई वृद्धि शून्य से 4.12 फीसदी नीचे

नयी दिल्ली। खाद्य उत्पादों, मूल धातुओं और क्रूड पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस आदि के थोक भाव में गिरावट के चलते जून 2023 में थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति शून्य से 4.12 प्रतिशत नीचे रही।

जून महीने में थोक महंगाई की वार्षिक दर का यह अक्टूबर 2015 के बाद का निम्नतम स्तर है। दो दिन पहले जारी खुदरा मूल्य सूचकांक के अनुसार खुदरा मुद्रास्फीति बढ़ कर 4.81 प्रतिशत पर पहुंच गयी, जबकि मई में यह 4.25 प्रतिशत पर 25 माह के निचले स्तर पर थी।

यह लगातार तीसरा महीना है जबकि थोक मुद्रास्फीति में उत्तरोत्तर गिरावट दर्ज की गयी है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष मई में थोक मुद्रास्फीति 3.48 प्रतिशत नीचे और अप्रैल में यह शून्य से 0.79 प्रतिशत नीचे थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी थोक मूल्य सूचकांक के (अनंतिम) आकड़ों में कहा गया है, 'अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति की वार्षिक दर जून, 2023 के लिए (जून, 2022 से की तुलना में) (-) 4.12त्न (अनंतिम) रही, जबकि मई, 2023 में यह (-) 3.48 प्रतिशत दर्ज की गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है, जून, 2023 में थोक मुद्रास्फीति में गिरावट मुख्य रूप से खनिज तेल, खाद्य उत्पादों, मूल धातुओं, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और कपड़ा की कीमतों में गिरावट के कारण है।

रिपोर्ट के मुताबिक प्राथमिक वस्तुओं के वर्ग में थोक मुद्रास्फीति शून्य से 2.87 प्रतिशत नीचे, ईंधन-बिजली वर्ग में शून्य से 12.63 प्रतिशत नीचे और विनिर्माण उत्पादों के वर्ग में थोक मुद्रास्फीति की वर्षिक दर शून्य से 2.71 प्रतिशत नीचे रही।

खाद्य वर्ग में थोक मुद्रास्फीति सालाना आधार पर शून्य से 1.24 प्रतिशत नीचे रही।

## विदेशी मुद्रा भंडार 1.23 अरब डॉलर बढ़कर 596.3 अरब डॉलर पर

**एजेंसी**

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 07 जुलाई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.23 अरब डॉलर बढ़कर 596.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 1.9 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 595.1 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 07 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 98.9 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 528.9 अरब डॉलर पर पहुंच गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 22.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 44.1 अरब डॉलर हो गया।

वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 40 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 18.2 अरब डॉलर पर आ गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 1.5 करोड़ लाख डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 5.02 अरब डॉलर हो गई।

## जून में निर्यात 22 प्रतिशत घटा

नयी दिल्ली। भारत का निर्यात में जून 2023 में 22 प्रतिशत गिरकर 32.97 अरब डॉलर पर आ गया जबकि जून 2022 में यह 42.28 अरब डॉलर रहा था। जून 2023 के निर्यात में हुयी गिरावट पिछले तीन सालों में सबसे अधिक है। निर्यात में गिरावट की बड़ी वजह अमेरिका और यूरोप के बाजारों में मांग में कमी आने को माना जा रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय आज जारी निर्यात आंकडों के अनुसार जून 2023 में व्यापार घाटा 20.3 अरब डॉलर पर रहा है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 22.07 अरब डॉलर था। इस दौरान आयात भी 17.48 प्रतिशत गिरकर 53.10 अरब डॉलर पर रहा जबकि जून 2022 में यह 64.35 अरब डॉलर रहा था। इस तरह से व्यापार घाटा 20.3 अरब डॉलर का रहा है। मई 2020 में कोरोना के कारण निर्यात में 36.47 प्रतिशत की गिरावट हुई थी। वैश्विक कारणों के चलते आई गिरावट पर वाणिज्य सचिव सुनिल बर्थवाल ने कहा कि व्यापार क्षेत्र की वृद्धि वैश्विक कारणों पर निर्भर करती है। बड़ी अर्थव्यवस्थाओं जैसे यूरोप और अमेरिका में गिरावट के कारण निर्यात में गिरावट हुई है। इसके पीछे की बड़ी वजह महंगाई भी है। दुनिया के केंद्रीय बैंकों की ओर से मौद्रिक नीति को सख्त करने के कारण मांग में कमी देखने को मिली है। पहली तिमाही अप्रैल-जून तिमाही के दौरान निर्यात में 15.13 प्रतिशत की गिरावट आयी है। यह 102.68 अरब डॉलर रहा है। पिछले साल के मुकाबले आयात 12.67 प्रतिशत गिरकर 160.28 अरब डॉलर रहा। इसी कारण पहली तिमाही में व्यापारिक घाटा 7.9 प्रतिशत घटकर 57.6 अरब डॉलर रह गया है जो पिछले साल समान अवधि में 62.6 अरब डॉलर था।

## आईटी हार्डवेयर में पीएलआई के की अवधि 31 जुलाई तक बढ़ी

नयी दिल्ली। सरकार ने आईटी हार्डवेयर विनिर्माण ईकोसिस्टम को गति देने के उद्देश्य से लाये गये उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाकर 31 जुलाई 2023कर दी है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आज यहां यह जानकारी देते हुये कहा कि इसके लिए 17 हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। उसने कहा कि पीएलआई 2.0 के तहत आवेदन करने की तिथि बढ़ाकर 31 जुलाई कर दी गयी है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इस संबंध में पहले ही ऑपरेशनल दिशा निर्देश जारी किये जा चुके हैं जो विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# शक्कर में नरमी, खाद्य तेलों में सुधार, दलहन- दाल मजबूत, चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर मांग कमी से गिरावट लिए रही। खाद्य तेल तेजी लिए रहे। तिलहनों में उठाव रहा। दलहन तथा दाल में मजबूती दर्ज की गई। अनाज में पूछपरख सामान्य रही ।शक्कर में मांग सुस्ती से नरमी दर्ज की गई। शक्कर में 04 गाड़ी आवक हुई। खोपरा गोला, हल्दी में खरीदी रही, इससे भाव ऊंचे बोले गए। साबूदाना उठाव बताया गया। खाद्य तेल मांग से महंगा बिका। सोयाबीन रिफाइंड ऊंचा होकर बिका। तिलहनों में लिवाली रही। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन लिवाली होने से भाव मजबूती लिए बताए गए। दालों में खरीदी रही, इससे भाव ऊंचे बोले गए। आज चना के साथ मूंग दाल महंगी बिकी। चावल में कामकाज सामान्य बना रहा। शक्कर 3840 से 3880 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 115 से 130 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 1900 से 3300 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 210 से 220 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 6700 से 7300, पैकिंग में 7600 से 7800 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों निमाड़ी 6200 से 6300, सोयाबीन 4700 से 4900 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल इंदौर 1780 से 1800, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 925 से 930, साल्वेंट 875 से 880, पाम तेल 915 से 920 रुपये प्रति 10 किलो। चना (कांटा) 5250 से 5300, चना विशाल 4950 से 5150, मसूर 5700 से 5750, तुअर निमाड़ी 8700 से 10000, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 10200 से 10400, तुअर (कर्नाटक) 10300 से 10600, मूंग 7500 से 8500, मूंग हल्की 6800 से 7200, उड़द 7400 से 8500, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल। चना दाल 6600 से 7100, तुअर दाल सवा नंबर 12600 से 12700, तुअर दाल फूल 13000 से 13100, मूंग मोगर 9900 से 10200, उड़द दाल 9800 से 10100, उड़द मोगर 10800 से 11100 रुपये प्रति क्विंटल।

नई दिल्ली
शनिवार 15 जुलाई 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान ने आयोजित की प्रशिक्षण कार्यशाला

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान ने अपने बी.एस.सी., बी.पी.एड. और एम.पी.एड. विद्यार्थियों के लिए विशेष समावेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम एकीकृत खेल : कौशल विकास पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की। प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन स्पेशल ओलंपिक्स के राष्ट्रीय खेल निदेशक (महिला विभाग) एकता झा, (मीडिया प्रभारी), रमन रेखी, (क्षेत्र निदेशक) विक्रम सिंह तथा संस्थान के प्रधानाचार्य, (कार्यवाहक) प्रोफेसर संदीप तिवारी ने किया। कार्यशाला का उद्देश्य विशेष आवश्यकताओं के विद्यार्थियों को खेलों के माध्यम से समाज की मुख्य धारा में लाना एवं उनका मानसिक, शारीरिक, भावनात्मक बौद्धिक एवं सामाजिक विकास करवाना है। उनकी सिखाई के तरीकों मूल्यांकन, व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं को किस प्रकार से विकसित करने के तरीकों को, संस्थान के भविष्य के विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम के पहले दिन वक्ताओं ने स्पेशल ओलिंपिक भारत के इतिहास, मिशन और मूल्यों को बताया।

### अजीत ने बनाया एशियाई रिकॉर्ड, लेकिन कैटेगरी में किए गए डिसक्वालिफाई

टोक्यो पैरालंपिक की कहानी पेरिस में खेली जा रही पैरा विश्व चैंपियनशिप में दोहराई गई। अजीत कुमार पांचाल ने डिस्कस थ्रो की एफ-52 कैटेगरी में एशियाई रिकॉर्ड के साथ न सिर्फ स्वर्ण जीता बल्कि पेरिस पैरालंपिक का टिकट भी हासिल किया, लेकिन एक घंटे बाद ही पदक समारोह से ठीक पहले उन्हें डिस्क्वालिफाई कर उनका स्वर्ण छीन लिया गया। विश्व चैंपियनशिप में हुई किरकिरी के पीछे क्लासिफिकेशन का मामला है। अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक कमेटी (आईपीसी) ने अजीत को एफ-52 कैटेगरी में खेलने के अयोग्य घोषित किया है। अजीत पांचाल ने 11 जुलाई को 21.17 मीटर डिस्कस फेंककर एशियाई रिकॉर्ड बनाकर देश को विश्व पैरा एथलेटिक्स में पहला स्वर्ण पदक दिलाया, लेकिन उनकी यह खुशी कुछ ही देर में गायब हो गई। सूत्र बताते हैं कि उनकी कैटेगरी के खिलाफ प्रोटेस्ट किया गया, जिसमें कहा गया कि अजीत की इंजुरी उतनी घातक नहीं है जिससे वह एफ-52 कैटेगरी में खेल सकें।

### विश्व चैंपियनशिप में मीराबाई चानू करेंगी भारतीय चुनौती की अगुवाई

नई दिल्ली। स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू सितंबर में सऊदी अरब के रियाद में होने वाली विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में फिर भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी। दो बार की पदक विजेता चानू (49 किग्रा) के अलावा राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता बिंदियारानी देवी (55 किग्रा) और अचिंता शेउली (73 किग्रा), शुभम टोडकर (61 किग्रा) और नारायण अजीत (73 किग्रा) भी इस विश्व प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। टोडकर को छोड़कर यही टीम एशियाई खेलों में भाग लेगी। मई में एशियाई चैंपियनशिप में छठे स्थान पर रहने के बाद यह टोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता चानू की पहली प्रतियोगिता होगी। चानू और बिंदियारानी इस समय पूर्व भारोत्तोलक से फिजियोथेरेपिस्ट और 'स्ट्रेंथ एंव कंडिशनिंग' कोच बने डा आरोन होर्शिग के मार्गदर्शन में 65 दिन के शिविर के लिए अमेरिका में हैं। राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा भी इस वक्त अमेरिका में हैं, उन्होंने कहा, मीरा चोटिल नहीं है, हम उनके मजबूत पक्षों पर काम कर रहे हैं। वह विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों में हिस्सा लेंगी।

### पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन की पहले दौर में आसान जीत, सुब्रमणियन ने किया उलटफेर

नई दिल्ली। कनाडा ओपन का खिताब जीतकर आ रहे लक्ष्य सेन और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने यूएस ओपन बैडमिंटन सुपर 300 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। वहीं, बी साई प्रणीत को कड़े मुकाबले में ऑल इंग्लैंड चैंपियन ली शी फेंग ने तीन गेमों के संघर्ष में पराजित किया। क्वालिफायर शंकर सुब्रमणियन ने उलटफेर करते हुए आयरलैंड के नहाट एनगुएन को पराजित किया। लक्ष्य ने फिनलैंड के काले कोलजोनेन को सिर्फ 30 मिनट में 21-8, 21-16 से पराजित किया। सिंधू ने भारतीय मूल की अमेरिकी शटलर दिशा गुप्ता को 27 मिनट में 21-15, 21-12 से हराया। क्वालिफाइंग दौर के दो कठिन मैच खेलकर आए ने नहाट एनगुएन को 44 मिनट में 21-11, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई, जबकि प्रणीत को ली शी फेंग के हाथों कड़े संघर्ष में एक घंटे 19 मिनट के संघर्ष में 21-16, 14-21, 19-21 से हार मिली।

### सूडान हिंसा में मारे गए 87 लोगों के शव दारफुर सामूहिक कब्र में मिले

खार्तूम। सूडान के अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) और उनके सहयोगियों द्वारा कथित तौर पर मारे गए करीब 87 लोगों के शव को पश्चिम दारफुर प्रांत की राजधानी एल-जेनिना के बाहर एक सामूहिक कब्र से बरामद किये गए हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त के कार्यालय ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी है। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने कहा कि गत 13-21 जून के आसपास एल-जेनिना के अल-मदारेस और अल-जमरेक जिलों में 87 जातीय मसलित और अन्य लोग मारे गए थे। इसमें 14 जून को आरएसएफ की हिरासत में पश्चिमी दारफुर के गवर्नर खामिस अब्बकर की हत्या के बाद हुई हिंसा के कई पीड़ित शामिल थे। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने एक विश्वसनीय जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि मृतकों में सात महिलाएं और सात बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा, जो लोग घायल हो गए थे उन्होंने समय पर उपचार नहीं मिल पाने की वजह से दम तोड़ दिया।

### दक्षिण कोरिया ने मिसाइल प्रक्षेपण के बाद उत्तर कोरिया पर लगाए नये प्रतिबंध

सोल। दक्षिण कोरिया ने प्योंगयांग द्वारा अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल के नवीनतम प्रक्षेपण के बाद उत्तर कोरिया के चार व्यक्तियों और तीन संस्थाओं पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने योनहाप समाचार एजेंसी के हवाले से एक बयान में कहा, उत्तर कोरिया के लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण के जवाब में, जो कोरियाई प्रायद्वीप और अंतर्राष्ट्रीय समाज की शांति और सुरक्षा के लिए खतरा है, सरकार ने परमाणु और मिसाइल विकास और वित्त पोषण में शामिल चार व्यक्तियों और तीन संगठनों के खिलाफ एकतरफा प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। समाचार एजेंसी ने बताया कि प्रतिबंधित किए गए चार व्यक्ति सक्रिय और पूर्व शीर्ष-रैंकिंग सैन्य अधिकारी हैं, जबकि तीन संस्थाएं कथित तौर पर 1980 के दशक से अफ्रीका और मध्य पूर्व में कला और निर्माण परियोजनाओं के माध्यम से प्योंगयांग को वित्त पोषित करने के लिए जिम्मेदार हैं।

### मोल्दोवा के प्रधानमंत्री ने हवाईअड्डा गोलीबारी के बाद कई मंत्रियों के त्यागपत्र की घोषणा की

चिसीनाउ । मोल्दोवा के प्रधानमंत्री डोरिन रेकेन ने शुक्रवार को चिसीनाउ हवाई अड्डे पर गोलीबारी के बाद गृह मंत्री एना रेवेनको, बुनियादी ढांचा मंत्री लिलिया डाबीजा के साथ ही शिक्षा और अनुसंधान मंत्री अनातोली टोपाला के त्यागपत्र की घोषणा की। गोलीबारी की यह घटना 30 जून को हुई जब ताजिक नागरिक को मोल्दोवा में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। जब 43 वर्षीय व्यक्ति को निर्वासन के लिए हवाई अड्डे के क्षेत्र में ले जाया जा रहा था, तो उसने एक अधिकारी से पिस्तौल छीन ली और सीमा रक्षक और हवाई अड्डे के एक सुरक्षा अधिकारी को गोली मार दी, साथ ही एक यात्री को घायल कर दिया। बाद में हमलावर की अस्पताल में मौत हो गई। रेकेन ने एक ब्रीफिंग में कहा, आंतरिक मंत्री एना रेवेनको, बुनियादी ढांचा मंत्री लिलिया दबीजा और शिक्षा और अनुसंधान मंत्री अनातोली टोपाला, तीन मंत्रियों ने अपने त्यागपत्र सौंप दिए हैं।

# रोहित-यशस्वी की दोहरी शतकीय साझीदारी, भारत को 162 की लीड

डोमिनिका। यशस्वी जयसवाल (143 नाबाद) के पदार्पण टेस्ट में शतक और कप्तान रोहित शर्मा (103) के साथ दोहरी शतकीय साझीदारी की बदौलत भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरूवार को दो विकेट पर 312 रन बना कर 162 रनों की मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। रविचंद्रन अश्विन के पांच विकेट की घातक गेंदबाजी के चलते वेस्टइंडीज की पहली पारी में महज 150 रन पर सिमट गयी थी।

मुबंई के 21 वर्षीय खिलाड़ी का जादू विंडसर पार्क की पिच पर सिर चढ़ कर बोला जिसका मेजबान गेंदबाजों के पास कोई तोड़ नहीं था। दूसरे छोर पर कप्तान रोहित शर्मा ने अपने टेस्ट करियर को 10वां शतक बनाया। वेस्टइंडीज ने दूसरे सत्र में दो विकेट चटकाए मगर उनके गेंदबाज मेहमान टीम को बड़ी लीड हासिल करने से नहीं रोक सके। पहले सत्र में पिच से टर्न और उछाल मिलने के चलते वेस्टइंडीज के स्पिनरों ने रोहित और जयसवाल को खुल कर खेलने का मौका नहीं दिया। भारतीय बल्लेबाज 32 ओवरों में केवल 66 रन ही बना सके। इस बीच जयसवाल केवल एक चौका लगाने में सफल रहे और उन्होंने अपना पहला अर्धशतक पूरा किया।



दूसरे घंटे में स्पिनरों का दबदबा रहा और उन्होंने टर्न और बाउंस से भारतीय सलामी बल्लेबाजों को परेशान किया। इस बीच राखीम कोरवाल की एक गेंद जायसवाल के बल्ले के बेहद करीब से गुजरी मगर डीआरएस ने मुंबईकर को राहत दी। राखीम एक बार फिर दुर्भाग्यशाली रहे जब रोहित ने एक उछाल लेती गेंद को बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर हवा में फेंका मगर वह कैच आउट होने से बच गये।

लंच के बाद जयसवाल ने मैदान के चारों ओर आकर्षक शाट्स लगाये और टेस्ट डेब्यू पर शतक बनाने वाले 17 वें भारतीय बल्लेबाज और तीसरे भारतीय सलामी बल्लेबाज बनने का गौरव हासिल किया। रोहित के साथ उनकी 229 रनों की साझेदारी भी वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ ओपनिंग साझेदारी थी। विदेशी जमीन पर एक ही पारी में दोनों भारतीय सलामी बल्लेबाजों द्वारा शतक बनाने का केवल छठा उदाहरण है। शतक पूरा करने के बाद रोहित अपना विकेट गंवा बैठे वहीं नये बल्लेबाज शुभमन गिल जोमेल वारिकन की गेंद पर दूसरी स्लिप में कैच आउट हो गए।

चाय से पहले विराट कोहली (36 नाबाद) वारिकन की गेंद पर लेग-स्लिप पर लगभग लपक लिए गए थे और पहले लेग-बिफोर रिव्यू से बचे लेकिन बाद में उन्होंने जयसवाल के साथ मिलकर पारी को आगे बढाया। जयसवाल ने जोसेफ की गेंद पर चौका जड़कर कोहली के साथ तीसरे विकेट के लिए 50 रन का आंकड़ा पार किया। कोहली भी एक्शन में आए और वारिकन की गेंद पर कवर के जरिए अपनी पहली बाउंड्री लगाई।

## तारा शाह और रक्षिता एशिया जूनियर के 16वें राउंड में

नई दिल्ली। भारत के उभरते शटलर तारा शाह और रक्षिता ने गुरुवार को इंडोनेशिया के योग्यकार्ता में खेली जा रही बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप में अपने-अपने मैच जीतकर 16वें चरण में जगह बना ली है। असाधारण कौशल और आक्रामकता का प्रदर्शन करते हुये तारा शाह पूरे मैच में अपने प्रतिद्वंद्वी जापान के मिकू कोहारा पर हावी रहीं और 21-6, 21-17 के शानदार स्कोर के साथ जीत हासिल की। तारा अगले दौर में चीन की जू वेन जिंग से भिड़ेंगी। रक्षिता श्री एस ने भी कोर्ट पर अपना कौशल दिखाया और 24 मिनट तक चले मैच में मलेशिया की कैरिन टी को 21-8, 21-10 से हराया। प्री-क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला चीन की हुआंग लिन रान से होगा। तनीषा और कर्णिका की लड़कियों की युगल जोड़ी ने जापान की बुई और ट्रान के खिलाफ 27 मिनट में 21-14, 21-19 से जीत दर्ज की। वे कल राउंड 16 मैच में चीन के चेन फैन शू और जियांग पेई शी से भिड़ेंगे। लड़कों के एकल में, आयुष शेट्टी ने कड़े मुकाबले में जापान के युना नाकागावा के खिलाफ लचीलापन दिखाया जिसका खामियाजा उन्हे करीबी मैच में 19-21, 22-20, 16-21 से हार से चुकता करना पड़ा। इसी तरह मिश्रित युगल में समरवीर और राधिका शर्मा चीन के गाओ जिया जुआन और चेन फैन शू तियान के खिलाफ तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में जीत से चूक गए। लड़कों की युगल जोड़ी दिव्यम और मयंक तथा निकोलस राज और तुषार सुवीर अपने मैच हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गये जबकि लड़कियों की युगल जोड़ी तन्वी शर्मा और राधिका शर्मा का भी अभियान 32वें राउंड में समाप्त हो गया।

लड़कों के एकल वर्ग में लक्ष्य शर्मा और समरवीर और लड़कियों के एकल वर्ग में श्रियांशी वलीशेट्टी और अनमोल खरब ने अपना सब कुछ झोंक दिया लेकिन अपने-अपने मैच हार गए।

## दिसंबर-जनवरी में साउथ अफ्रीका दौरा करेगी टीम इंडिया

मुंबई। टीम इंडिया वर्ल्ड कप के बाद दिसंबर-जनवरी महीने में साउथ अफ्रीका दौरा करेगी। भारतीय टीम वहां 3 टी-20, 3 वनडे और 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। दौरे का पहला टी-20 मुकाबला 10 दिसंबर को डरबन के मैदान पर खेला जाएगा। जबकि आखिरी टेस्ट 3 से 7 जनवरी तक कैपटाउट के मैदान पर खेला जाएगा। बीसीसीआई ने शुक्रवार को साउथ अफ्रीका दौरे का ऐलान किया है। भारतीय बोर्ड ने 8 मुकाबलों का फिक्चर भी जारी किया है। भारत-साउथ अफ्रीका सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 2023-25 सीजन का हिस्सा है। इस सीजन के तहत भारत को तीन सीरीज घर में और 3 सीरीज घर से बाहर खेलनी है। भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन के पिछले दो सीजन में फाइनल में पहुंची है।

# पदार्पण टेस्ट में शतक लगाने वाले यशस्वी 17वें भारतीय

डोमिनिका। वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पदार्पण टेस्ट में गुरूवार नाबाद शतक जड़ कर यशस्वी जायसवाल भारत के उन महान बल्लेबाजों की फेहरिस्त में शामिल हो चुके हैं जिन्होने अपने पहले ही टेस्ट में यह कारनामा कर दिखाया है।

यशस्वी ने पारी के 70वें ओवर में एलिक अथानाज़े की गेंद पर एक रन लेकर यह इतिहास रचा। इससे पहले 16 भारतीय बल्लेबाज यह कारनामा कर चुके हैं जिनमें लाला अमरनाथ (1933), दीपक शोदन (1952), एजी कृपाल सिंह (1955), अब्बास अली बेग (1959), हनुमंत सिंह (1964), गुंडप्पा विश्वनाथ (1969), सुरिंदर अमरनाथ (1976), मोहम्मद अजहरुद्दीन (1985), प्रवीण आमरे (1992), सौरव गांगुली (1996), वीरेंदर सहवाग (2001), सुरेश रैना (2010), शिखर धवन



(2013), रोहित शर्मा (2013), पृथ्वी शॉ (2018), श्रेयस अय्यर (2021) शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश के छोटे से शहर भदोही में जन्मे यशस्वी ने 15 प्रथम श्रेणी मैचों में 80 की औसत से 1845 रन बनाये हैं जिसमें उनके नौ शतक और दो अर्धशतक शामिल है। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका अधिकतम स्कोर 265 रहा है। इसके अलावा वह 32 लिस्ट ए मैचों में 1511 रन स्कोर कर चुके हैं। 21 वर्षीय यह खिलाड़ी यूं तो कई बार अपनी बेमिसाल बल्लेबाजी से चयनकर्ताओं को प्रभावित कर चुका है मगर हाल ही संपन्न इंडियन प्रीमियर लीग में वह खूब सुर्खियों में रहे थे।

यशस्वी जायसवाल और कप्तान रोहित शर्मा के बीच नाबाद शतकीय साझीदारी की मदद से भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को चायकाल से कुछ समय पहले तक बगैर विकेट खोये 224 रन बना लिये थे। वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में 150 रन बनाये थे।

भारतीय क्रिकेट इतिहास में यह पहला मौका है जब भारत ने बगैर विकेट खोये विपक्षी टीम के खिलाफ लीड हासिल की है। भारत की कुल लीड समाचार लिखे जाने तक 74 रन की हो चुकी थी। रोहित शर्मा 98 रन और यशस्वी जायसवाल 110 रन बना कर क्रीज पर मौजूद थे।

# खालिस्तानियों ने भारतीय छात्र को रॉड से पीटा

## खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए, कहा- हमारा विरोध किया तो दोबारा सबक सिखाएंगे

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के पश्चिमी टाउन मैरीलैंड्स में खालिस्तानी समर्थकों ने एक भारतीय छात्र पर हमला कर दिया। घायल छात्र का इलाज वेस्टमीड अस्पताल में चल रहा है।

घायल छात्र ने द ऑस्ट्रेलिया टुडे को बताया- मैं सुबह 5.30 बजे काम पर जा रहा था। तभी 4-5 खालिस्तान समर्थकों ने मुझ पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इस दौरान आरोपी खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे।

पीड़ित छात्र स्वप्निल सिंह (बदला हुआ नाम) ने बताया- मुझे मारते हुए वो वीडियो भी बना रहे थे। सब कुछ करीब 5 मिनट तक चला। उन्होंने मुझे धमकी देते हुए कहा कि ये मेरे लिए एक सबक है।

अगर मैंने दोबारा उनका विरोध किया तो वो फिर सबक सिखाने आएंगे। पुलिस के मुताबिक, स्वप्निल के सिर, पैर और हाथ पर गंभीर चोट लगी है।



### कार में घुसकर चेहरे पर मारी रॉड

ऑस्ट्रेलिया टुडे से बात करते हुए स्वप्निल ने बताया- मैं सिडनी में बतौर ड्राइवर काम करता हूं। जहां मैं रहता हूं वहां से मेरी कारड़ी सिर्फ 50 मीटर की दूरी पर खड़ी थी। जैसे ही मैं अपनी ड्राइविंग सीट पर बैठा, खालिस्तानी अचानक आ गए।

उनमें से एक ने कार का दरवाजा खोला और मेरी बाईं आंख के नीचे गाल की हड्डी पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इसके बाद उन्होंने खींचते हुए मुझे बाहर निकाला और मारना शुरू कर दिया। जब हमलावर वहां से चले गए, तो आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

### 14 मार्च को ब्रिस्बेन में इंडियन कॉन्स्युलेट के गेट को ब्लॉक किया था

इससे पहले 14 मार्च को ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तानियों ने भारतीयों पर हमलों की धमकी दी थी। इसके अगले दिन 15 मार्च को ब्रिस्बेन शहर में खालिस्तान समर्थकों ने इंडियन कॉन्स्युलेट के मेन गेट को जबरदस्ती ब्लॉक कर दिया था।'

द ऑस्ट्रेलिया टुडे' की रिपोर्ट के मुताबिक खालिस्तान समर्थक झंडे, पोस्टर और बैनर लेकर यहां पहुंचे थे। उन्होंने कॉन्स्युलेट में प्रवेश कर रहे लोगों को अंदर नहीं आने दिया था। इसके अलावा खालिस्तानी समर्थको ऑस्ट्रेलिया में कई बार मंदिरों पर भी हमला कर चुके हैं।

वे मंदिरों की दिवारों पर भारत विरोधी नारे लिख चुके हैं। फरवरी में जब ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज भारत आए थे, तो पीएम मोदी ने उनके सामने ये मुद्दा उठाया था।

### पीएम अल्बनीज ने दिया था कार्रवाई का आश्वासन

तब पीएम अल्बनीज ने आश्वासन दिया था कि हिंदू मंदिरों पर हमला करने वालों के लिए ऑस्ट्रेलिया में कोई स्थान नहीं है। 11 फरवरी को नई दिल्ली में अल्बनीज ने कहा था- हमारा देश एक मल्टीकल्चर नेशन है।

हम सबकी आस्था का सम्मान करते हैं। यहां धार्मिक स्थलों की इमारतों पर हमला करने वालों को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

अल्बनीज ने कहा था- ऑस्ट्रेलिया में धार्मिक इमारतों पर किसी भी तरह के हमले को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चाहे वह हिंदू मंदिर हों, मस्जिद हों या चर्च हों।

# इजराइली डॉक्टरों ने जोड़ा बच्चे का सिर

डुयरुशलम। इजराइल में डॉक्टरों ने 12 साल के एक बच्चे के सिर को दोबारा जोड़ दिया है। द टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक, सुलेमान हसन का एक्सीडेंट हो गया था। वे साइकिल चलाते समय कार से टकरा गए थे जिसके बाद उनका सिर अंदरूनी तौर पर गर्दन से अलग हो गया था। इस स्थिति को मेडिकल साइंस में इंटर्नल डिकैपिटेशन कहा जाता है।

इंटर्नल डिकैपिटेशन में सिर, रीढ़ की हड्डी के ऊपरी हिस्से से अलग हो जाता है, लेकिन बहारी तौर पर चमड़ी से जुड़ा रहता है।

दूसरे शब्दों में कहें तो यह ऐसी स्थिति है जब सिर को स्पाइनल कॉर्ड (रीढ़) के टॉप वर्टिब्रे से जोड़ने वाली मांसपेशियां जोर का झटका लगने पर फट जाती हैं।

### 17 सालों में ऐसे सिर्फ 16 मामले

डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, इस तरह की चोट बहुत ही दुर्लभ है। रीढ़



की हड्डी में ऐसी चोट के मामले एक प्रतिशत से भी कम सामने आते हैं। हालांकि, इंटर्नल डिकैपिटेशन के मामलों की ज्यादा जानकारी नहीं है क्योंकि इससे पीड़ित 70 प्रतिशत लोगों की मौके पर ही या अस्पताल ले जाते समय मौत हो जाती है। फिलाडेल्फिया के चिल्ड्रेन्स हॉस्पिटल में हुई स्टडी के मुताबिक, 1983 से 2003 के बीच (17 सालों में) इंटर्नल डिकैपिटेशन के 16 मामले सामने आए।

### बच्चे की रिकवरी चमत्कारी : डॉक्टर्स

टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक, ये घटना पिछले महीने यानी जून की है, लेकिन डॉक्टरों ने जुलाई तक इस घटना को सार्वजनिक नहीं किया। डॉक्टर्स का कहना है कि सुलेमान हसन की रिकवरी किसी चमत्कार से कम नहीं थी क्योंकि उसके जीवित रहने की संभावना बेहद कम थी। सर्जरी कई घंटे चली। फिलहाल सुलेमान को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

### सिर को रॉड के जरिए स्पाइनल कॉर्ड से जोड़ा

डॉक्टर्स ने बताया कि सर्जरी के दौरान उन्होंने सुलेमान के सिर को रीढ़ की हड्डी से जोड़ने के लिए रॉड, स्क्रू, प्लेट्स और बोन ग्राफ्ट्स का इस्तेमाल किया।

उन्होंने कहा कि ये सर्जरी इसलिए संभव हुई क्योंकि सड़क हादसे में सुलेमान की मुख्य नसों को नुकसान नहीं हुआ था। इससे दिमाग में ब्लड सर्कुलेशन बना रहा। ऐसा नहीं होता तो ब्रेन डेड हो जाता और उसकी मौके पर ही मौत हो जाती।

## मोदी ने बास्तील दिवस परेड में भाग लिया

पेरिस। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस के मुख्य समारोह बास्तील दिवस की परेड में बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के निमंत्रण पर यहां आये श्री मोदी यहां चैंप्स-एलिसीस पर आयोजित इस परेड में शामिल हुए। परेड में एक सैन्य बैंड के नेतृत्व में भारतीय सशस्त्र बलों की 241 सदस्यीय संयुक्त टुकड़ी ने भाग लिया। भारत की तीनों सेनाओं की इस संयुक्त टुकड़ी का नेतृत्व राजपूताना राइफल्स रेजिमेंट और पंजाब रेजिमेंट ने किया। पश्चिम बंगाल के हाशिमारा वायुसैनिक अड्डे पर तैनात 101 स्क्वाड्रन के भारतीय वायुसेना के राफेल जेट परेड के दौरान फ्लाई पास्ट का हिस्सा बने। उल्लेखनीय है कि कल फ्रांसीसी क्रांति के दौरान 14 जुलाई 1789 को बैस्टिल जेल पर हमले की सालगिरह मनाई गई।

### संरा मिशन ने लीबिया में अपहरण, मनमानी गिरफ्तारियों पर की चिंता व्यक्त

त्रिपोली। लीबिया में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएसएमआईएल) ने गुरुवार को लीबिया में विभिन्न सुरक्षा एजेन्सियों द्वारा नागरिकों और सार्वजनिक हस्तियों के लगातार अपहरण, मनमानी गिरफ्तारियों और लापता होने पर चिंता व्यक्त की। देश के पूर्व वित्त मंत्री फराज बौमतारी को कथित तौर पर बुधवार को मिटिगा हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया और एक अज्ञात स्थान पर ले जाया गया, जबकि हाई काउंसिल ऑफ स्टेट के पांच सदस्यों को कथित तौर पर गुरुवार को उसी हवाई अड्डे पर यात्रा करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। यूएनएसएमआईएल ने एक बयान में कहा, ये कृत्य भय का माहौल पैदा करते हैं, समुदायों और जनजातियों के बीच तनाव को बढ़ावा देते हैं और राष्ट्रीय संस्थानों के एकीकरण पर गंभीर प्रभाव डालते हैं। बयान में कहा गया कि ऐसा आचरण न तो पारदर्शी और समावेशी चुनाव कराने और न ही राष्ट्रीय सुलह के लिए अनुकूल है। यूएनएसएमआईएल ने लीबियाई अधिकारियों और सुरक्षा संस्थाओं से मनमाने ढंग से हिरासत में लिए गए सभी लोगों को रिहा करने, सभी कथित गैर-कानूनी हिरासतों और अपहरणों की स्वतंत्र जांच सुनिश्चित करने और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान किया। बयान के अनुसार, उन्हें शांत रहना चाहिए, संयम बनाए रखना चाहिए और किसी भी एकतरफा कार्रवाई से बचना चाहिए।

### ब्राजील में चक्रवात से एक व्यक्ति की मौत

साओ पाउलो। ब्राजील के दक्षिणी क्षेत्र में एक और उष्णकटिबंधीय चक्रवात ने तबाही मचायी है। चक्रवाती तूफान में एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य 24 घायल हो गए है। स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सिविल डिफेंस ने बताया कि बुधवार रात से गुरुवार सुबह के बीच चक्रवात के कारण अर्जेंटीना और उरुग्वे की सीमा के पास रियो ग्रांडे डो सुल और सांता कैटरीना राज्यों में बाढ़ आई। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। यहां के करीब 7.90 लाख उपयोगकर्ता बिजली आपूर्ति बंद रहने के कारण अंधेरे में हैं। क्षेत्रीय सरकार ने बताया कि रियो ग्रांडे शहर में कल सुबह 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाओं के कारण एक घर पर पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस बीच, राष्ट्रीय मौसम विज्ञान संस्थान ने अतिरिक्त उष्णकटिबंधीय चक्रवात के कारण ब्राजील के दक्षिणी क्षेत्र में रेड अलर्ट घोषित कर दिया है, जो एक महीने से भी कम समय में इस क्षेत्र में तीसरा है। इसके अलावा, नागरिक सुरक्षा और नगर पालिकाओं के कर्मियों ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए व्यायामशालाओं और स्कूलों को आश्रय के रूप में तैयार किया है। स्थानीय प्रेस रिपोर्टों के अनुसार, चक्रवात से हुई क्षति के कारण रियो ग्रांडे डो सुल में कम से कम 10 राजमार्ग अवरुद्ध हो गए।

### नाइजीरिया में आपातकाल की घोषणा

अबुजा। नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टीनुबू ने देश में खाद्य सुरक्षा को खतरे में डालने वाली उच्च मुद्रास्फीति के कारण आपातकाल की घोषणा कर दी है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति के प्रवक्ता डेले अलाके ने अबुजा की राजधानी में एक प्रेस वार्ता में यह खुलासा किया। उन्होंने कहा, टीनुबू भोजन की बढ़ती लागत और यह नागरिकों को कैसे प्रभावित करता, इससे अनजान नहीं है। देश के सभी हिस्सों में सर्वाधिक नागरिक इस ज्वलंत समस्या से जूझ रहे हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के आंकड़ों से पता चला है कि नाइजीरिया में हेडलाइन मुद्रास्फीति दर जनवरी 2021 से काफी ऊंची बनी हुई है। मई में यह बढ़कर 22.41 प्रतिशत हो गई। श्री अलाके ने कहा कि सरकार मुद्रास्फीति को उलटने और आम नाइजीरियाई लोगों को भविष्य में किफायती खाद्य पदार्थों की निर्बाध आपूर्ति की गारंटी देने के लिए कई दृष्टिकोण लागू करेगी। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा पर राष्ट्रपति की आपातकाल की घोषणा का उद्देश्य संकट को कम करने के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों को जुटाना है। अधिकारी के मुताबिक, सरकार ईंधन सब्सिडी खत्म होने के बाद बचाए गए कुछ पैसे का इस्तेमाल अल्पावधि में कृषि क्षेत्र में सुधार के लिए करने की योजना बना रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### 'भोजपुरी भाषा और संस्कृति के विकास में किशोर और युवा की भूमिका' विषयक संगोष्ठी संपन्न



हनुमान विद्या मंदिर इंटर कालेज वराव, देवरिया में भोजपुरी साहित्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय था- भोजपुरी भाषा और संस्कृति के विकास में किशोर और युवा की भूमिका,जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक श्री वैभवकान्त मिश्र ने की। मुख्य अतिथि डॉ. लारी आजाद, विशिष्ट अतिथि रमेश तिवारी, कैप्टन वीरेंद्र सिंह और भोजपुरी पुनर्जागरण मंच , देवरिया के संयोजक नरसिंह थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री बसंत कुमार मिश्र और प्रबंधक श्री वैभवकान्त मिश्र ने अतिथियों को अंग वस्त्र, अभिनन्दन पत्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अपने अभिभाषण में नरसिंह ने कहा कि मातृभाषा भोजपुरी को सम्मान देना हम सभी का कर्तव्य है ।साथ ही साथ सभी भाषाओं के प्रति आदर का भाव रखना चाहिए। भाषा ईश्वर का वरदान है। भोजपुरी भाषा हमारी पहचान है, अस्मिता है, संस्कृति है। रमेश तिवारी ने कहा कि दुनिया की सब भाषा जानिये परन्तु अपने मातृभाषा भोजपुरी को मत भूलिए। कैप्टन वीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह विद्यालय परिसर महान विभूतियों को बनाने वाला है। डॉ. लारी आजाद ने बच्चों के साथ शिक्षक की भूमिका में संवाद किया।

### घरों के सामने कीचड़ व गन्दगी से परेशान ग्रामवासी



**हथियागढ़( गोण्डा )।** गांव में स्वच्छता के लिए सरकार से लेकर विभाग तक मुहिम छेड़े हुए हैं। संचारी रोग नियंत्रण को जलजमाव रोकने को कसरत चल रही है परंतु यहां पर गांव सब्बनजोत में बेईमानी दिखता है। पूरा गांव कीचड़ से जूझ रहा है। गौरा विधानसभा के बभनजोत ब्लाक की ग्राम पंचायत सिंगार घाट के सब्बनजोत में दशकों से विकास को तरस रहा है। गांव की मुख्य सड़क पर दशकों पहले ईंट का खड़ंजा लगा था जो अब वो भी जर्ज हो गया। खुद ग्रामीणों को भी याद नही की खड़ंजा कब लगा था। नालियां कब बनी थी। खड़ंजा क्षतिग्रस्त हो चुका है नालिया टूट चुकी हैं। करीब 5 साल पहले गांव के बाहर डामरीकरण हुआ था। पर दशकों से गांव में कीचड़ व गंदगी से ग्रामवासी परेशान हैं। घर से बाहर निकलने के लिए पानी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार इस संबंध में अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक शिकायत की जा चुकी है। परंतु आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। अब ग्रामीणों ने शिकायती पत्र लिखकर जिलाधिकारी से सड़क की दुर्दशा सुधारने की मांग की है।

### वराणसी-शक्तिनगर राजपथ पर सोनभद्र के सोननद पुल पर गंभीर हादसा

**सोनभद्र।** वाराणसी-शक्तिनगर हाइवे पर चोपन में सोन नदी पुल पर शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हुआ। तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार पिता-पुत्र और पुत्री की मौत हो गई। हैंडसम मृतक की पत्नी और् एक पुत्र को गंभीर चोट आई है। उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया। चोपन थाना क्षेत्र के कोटा गांव निवासी नटवर उर्फ अंगद (30) शुक्रवार को अपनी पत्नी संगीता (25) और तीन बच्चों को लेकर बाइक से रॉबर्ट्सगंज जा रहा था। चोपन में सोन नदी पर निर्मित पुल पर विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में सड़क पर गिरने से नटवर और उसके पुत्र सनी (5) व पुत्री अर्चना (7) की मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी संगीता और पुत्र जीतू को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सभी जिला अस्पताल के लिए रवाना हो गए। चोपन एसओ विश्ववनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि तीनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पीएम आवास ग्रामीण के तहत यूपी को मिला अतिरिक्त 1.44 लाख घरों का कोटा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के ग्रामीण लोगों को अधिक घर मुहैया कराने के उद्देश्य से सीएम योगी द्वारा की गई पहल रंग लाई है। केंद्र सरकार ने सीएम योगी की अपील पर प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के अंतर्गत प्रदेश को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अतिरिक्त 1,44,220 घरों का कोटा आवंटित किया है। इस तरह तैयार आवासों में राज्य का कुल कोटा 21,68,574 पहुंच जाएगा। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी ने 18 मई 2023 को केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय को अतिरिक्त आवास लक्ष्य आवंटित करने का निवेदन किया था। सीएम योगी की इस पहल पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रदेश सरकार के ग्राम विकास विभाग को पत्र लिखकर अनुमोदन की जानकारी दी है। पत्र में लिखा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मई 2023 में पत्र लिखकर अतिरिक्त लक्ष्य की मांग की थी। ग्रामीण विकास मंत्रालय में सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आपके राज्य को 1,44,220 घरों का अतिरिक्त लक्ष्य आवंटित किया गया है। योजना के अनुरूप, राज्य को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए कम से कम 60ऋ लक्ष्य निर्धारित करने की आवश्यकता है, जो आवास डेटाबेस में उनकी उपलब्धता पर निर्भर करता है। यह भी अनुरोध है कि मंत्रालय द्वारा जारी आवास पर उपयोगकर्ता मैनुअल के अनुसार अपने राज्य में जिला/ब्लॉक/जीपी-वार और श्रेणी-वार लक्ष्यों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

# क्षेत्राधिकारी ने जिले के दो थानों में शांति समिति की बैठक ली

## मुहर्रम और कांवड यात्रा के विषयगत हुई वार्ता - मंथन

सोनभद्र। जिले के थाना कर्मा तथा थाना शाहगंज में मोहर्रम के जुलूस के दृष्टिगत शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्राधिकारी घोरावल अमित कुमार, थाना करमा में प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक विमलेश कुमार, उपनिरीक्षक आशीष पटेल, उपनिरीक्षक अजय यादव एवं थाना कर्मा क्षेत्र के विभिन्न जनप्रतिनिधि, मीडिया बंधु, ताजिया दार व मोहर्रम जुलूस के आयोजक उपस्थित रहे। अमन - चैन के साथ शांति - सद्भाव कायम रहे, इस आशय के साथ आहूत बैठक - सभा में ताजियादारों और धर्मगुरुओं के साथ ही गणमान्य अभिजनों की भी विभिन्न बिंदुओं पर रेशुमारी ली गई।

इसी अनुक्रम में थाना शाहगंज क्षेत्र में आयोजित बैठक में क्षेत्राधिकारी घोरावल , प्रभारी निरीक्षक केदारनाथ मौर्य व चौकी कस्बा प्रभारी शाहगंज सुजीत सेठ तथा शाहगंज थाना क्षेत्र के ताजिया दार, ताजिया निर्माता, विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु एवं मोहर्रम जुलूस के आयोजक भारी संख्या में उपस्थित रहे।



शांति समिति की बैठक के दौरान विभिन्न बिंदुओं पर कानून एवं शांति व्यवस्था तथा अन्य सुविधाओं के दृष्टिगत वार्ता की गई।

विषयगत श्रृंखला में अवगत कराया गया कि थाना क्षेत्र कर्मा में ताजियों की कुल संख्या 15 है जबकि थाना क्षेत्र शाहगंज में 56 ताजियों की संख्या है। त्यौहार रजिस्टर से जानकारी की गई पूर्व में मोहर्रम के जुलूस पर। यह तथ्य सम्मुख हुआ कि विगत 5 वर्षों में दोनों थाना में कभी कोई विवाद प्रकाश में नहीं आया है। ताजिया दफन किए जाने वाले स्थलों की संख्या थाना कर्मा में 6 तथा थाना शाहगंज में तीन है।

जुलूस में भाग लेने वाले अखाड़ों की संख्या थाना कर्मा में 11 तथा थाना शाहगंज में तीन होने की बात सामने आई।

शांति समिति की बैठक में उपस्थित विभिन्न गणमान्य लोगों से व धर्मगुरु तथा जुलूस आयोजकों से जानकारी मिलेगी चंद्र दर्शन के अनुसार फातिया पढ़ने के साथ मोहर्रम का प्रारंभ होने की तथा इस्लामिक माह की सातवीं के दिन कर्बला से ताजिया के लिए मिट्टी ली जाएगी और दसवीं के दिन ताजियों के जुलूस के साथ कर्बला में दफन किया जाएगा।

ताजियादारों एवं जुलूस आयोजकों द्वारा विज्ञ कराया गया कि कई स्थानों पर बिजली की लाइट तार बहुत नीचे तक लटक रही है जिसको टाइट कर सही कराने की आवश्यकता है।

### नाबालिग की हत्या के आरोप में पांच नाबालिग समेत छह गिरफ्तार

**बैतूल।** मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के मुलताई थाना क्षेत्र में एक नाबालिग की हत्या के मामले में पांच नाबालिग समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुलताई अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नम्रता सोंधिया ने आज बताया कि मुलताई थाना क्षेत्र के मासोद पुलिस चौकी के ग्राम सिरडी से सहन गांव रोड पर अंबादास के खेत की मेड़ पर गौना निवासी नाबालिग (17 वर्ष) का शव कल मिला था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान जानकारी लगी कि नाबालिक मृतक की हत्या प्रेम प्रसंग को लेकर की गई थी। नाबालिग मृतक गांव की ही एक लड़की से प्रेम करता था, जिसके बाद लड़की के परिजनों ने लड़की को रिश्तेदार के पास भेज दिया था, लेकिन इसके बाद भी मृतक लड़की से फोन पर बात करता था। लड़की ने यह बात अपने एक अन्य मित्र को बताई थी। लड़की के मित्र ने मृतक को फोन पर समझाया था कि वह लड़की से बात नही करे लेकिन इसके बाद भी मृतक नहीं मान रहा था। मृतक को ठिकाने लगाने के लिए आरोपी रुपेश धोटे निवासी मंगोनाखुर्द ने योजना बनाकर अन्य पांच नाबालिको का सहयोग लेकर मृतक को प्रतीक्षालय के पास रात में बुलाकर तार से गला घोट कर हत्या कर शव को उठाकर सहनगांव के पास एक खेत में फेंक दिया।

# गोवा में नयी आयुष सुविधाएं शुरू हुई

नयी दिल्ली। आयुष मंत्रालय ने गोवा के रिबंदर में स्वास्थ्य देखभाल और अनुसंधान सुविधाओं के लिए आयुष सेवाओं की शुरुआत की जिससे स्थानीय समुदाय को उच्च गुणवत्ता वाली तथा सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने और खनिज एवं समुद्र मूल की दवाओं पर अनुसंधान में मदद मिलेगी।

केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इन सुविधाओं का उद्घाटन गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और केन्द्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग तथा पर्यटन राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर गोवा के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे और आयुष मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

सोनोवाल ने कहा,भारत के इस प्राचीन चिकित्सा विज्ञान के जरिये हम पूरे मानव समाज का कल्याण कर सकते हैं और अनेक स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होंगे। नई सुविधाओं में स्वास्थ्य देखभाल और अनुसंधान सुविधाओं के लिए आयुष स्वास्थ्य सेवाओं में सीसीआरएएस- खनिज और समुद्री औषधीय संसाधनों के लिए क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, सीसीआरएच- क्लीनिकल रिसर्च यूनिट (होम्योपैथी), सीसीआरएस- सिद्ध क्लीनिकल रिसर्च यूनिट, सीसीआरवाईएन- क्लीनिकल रिसर्च यूनिट और सीसीआरयूएम- यूनानी स्पेशलिटी क्लीनिक शामिल हैं। खनिज और समुद्री मूल की दवाओं पर ध्यान केंद्रित करने वाले अनुसंधान के लिए ओपीडी, औषधालय, पंचकर्म और प्रयोगशाला का प्रावधान किया गया है।

सोनोवाल ने कहा कि संस्थान आयुष चिकित्सा प्रणालियों के माध्यम से राज्य के हर क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली और किफायती स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने के लिए काम करेंगे।

इनका उद्देश्य बुनियादी ढांचे और मानव संसाधनों का विस्तार, प्रतिष्ठित समान विचारधारा वाले संगठनों के साथ प्रभावी सहयोग के माध्यम से पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों में अनुसंधान को बढ़ावा देना है। यह आधुनिक दवाओं के साथ आयुष सेवाओं को मुख्यधारा में लाने और जोड़ने की दिशा में भी काम करेंगे और नवाचारों को प्रोत्साहित करेंगे।

# बाढ़ प्रभावित हिमाचल के लिए 180 करोड़ रुपए की राशि मंजूर

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बाढ़ प्रभावित हिमाचल प्रदेश के लिए राज्य आपदा मोचन कोष से केंद्रीय हिस्से की दूसरी किस्त के रूप में वर्ष 2023-24 के लिए 180.40 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि जारी करने को मंजूरी दे दी है।

राज्य सरकार को इस राशि से मौजूदा मॉनसून मौसम के दौरान प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने में मदद मिलेगी।

केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश में हाल ही में अचानक आई बाढ़ और बादल फटने तथा भूस्खलन के कारण उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए राज्य सरकार को सभी आवश्यक रसद और वित्तीय सहायता प्रदान की है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की 11 टीमें बचाव अभियान के लिए बचाव नौकाओं और अन्य आवश्यक उपकरणों के साथ तैनात की गई है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए सशस्त्र बलों की भी मदद ली जा रही है। इसके लिए वायु सेना के हेलीकॉप्टर तैनात किए गए हैं।

केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे राहत कार्यों और स्थिति का मौके पर आकलन करने के लिए अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम का भी गठन किया है। यह तीन 17 जुलाई को अपना दौरा शुरू करेगा।

# वृक्षरोपण अभियान को जन आन्दोलन अभियान बनायें

## मेरा वृक्ष-मेरी संतान, मेरा पेड़-मेरा पूर्वज जैसे स्लोगन के माध्यम से आमजन को पौध रोपण हेतु किया जाय प्रेरित: प्रभारी मंत्री

सोनभद्र। प्रभारी मंत्री रविन्द्र जायसवाल प्रभारी राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार स्टाम्प तथा न्यायलय शुल्क (पंजीयन) जी की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों के निमित्त हुई बैठक में प्रभारी मंत्री ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण महाभियान के अन्तर्गत पूरे प्रदेश मे 35 करोड़ पौध रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें जनपद सोनभद्र में 1 करोड़ 23 लाख 93 हजार 779 पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप वृक्षारोपण महाभियान को जन



आन्दोलन का रूप देते हुए लोगों को अधिक से अधिक पौधरोपण करने हेतु प्रेरित किये जाने की बात कही। आगे कहा कि जनपद में ऐसी कार्ययोजना बनायी जाय जिससे हेलीकाप्टर के माध्यम से पहाड़ियों पर बीज बिखेरा जाय जिसका प्रतिफलित स्वरूप यह रहे कि नये-नये प्रकार के पौधे तैयार हो सकें। पूरे जनपद में लोगों को इसके लिए जागरूक किये जाने के प्रसंग उद्धृत करते हर व्यक्ति के अनिवार्य रूप से ज्यादा से ज्यादा पौध रोपित करने के संदर्भगत उद्देश्य व्याख्यायित किये और अपने पौधे का नामकरण स्वयं करने का आह्वान किया।

मेरा वृक्ष-मेरी संतान और मेरा पेड़, मेरा पूर्वज जैसे स्लोगन के माध्यम से आमजन को पौध रोपण हेतु प्रेरित किया जाय। उन्होंने कहा कि वृक्ष लगाने के बाद ट्री गार्ड की व्यवस्था करायी जाय, जिससे अधिक से अधिक पौधे सुरक्षित रहें। सूक्त वाक्य के आलोक में कहा प्रभारी मंत्री ने कि सभी विभाग पूरी तन्मयता के साथ इस वृक्षारोपण अभियान को सफल बनायेंगें, जिन विभाग को पौध रोपण हेतु जो भी जिम्मेदारी दी गयी है, उसका वह ससमय अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे, खानापूर्ति की कार्यवाही कदापि नहीं करेंगें।

# म्यूच्यूअल ट्रांसफर में सेवाकाल की 5 वर्ष की बाध्यता होने से शिक्षक परेशान

सोनभद्र। बेसिक शिक्षा विभाग में अन्तरजनपदीय स्थानांतरण के बाद शुरू हुई बहुप्रतीक्षित अंतर्जनपदीय पपारस्परिक/म्यूच्यूअल स्थानांतरण (एक ज़िले से दूसरा जिला) प्रक्रिया में 5 वर्ष की बाध्यता से शिक्षकों में निराशा एवं मायूसी छाई हुई है। उनका कहना है कि पिछली बार स्थानांतरण प्रक्रिया में इस प्रकार की बाध्यता में शिथिलता प्रदान की गई थी लेकिन इस बार 5 साल की बाध्यता से प्रमुख रूप से उन शिक्षकों को अधिक निराशा है जिनके पारस्परिक स्थानांतरण के साथी 68500 शिक्षक भर्ती और 69000 शिक्षक भर्ती से संबंधित हैं। चूंकि पूर्व की भर्तियों के शिक्षकों का सेवा काल 7-10 साल है लेकिन जिनसे म्यूचुअल स्थानांतरण होना है उन शिक्षकों का सेवाकाल 5 वर्ष से कम है ।शिक्षकों का कहना है कि सरकार पूर्व की भाँति इस बार भी इस बाध्यता को ख़त्म करे क्योंकि पारस्परिक स्थानान्तरण में जिले में शिक्षको की कमी भी नहीं होती है क्योंकि कि शिक्षक एक दूसरे के प्रतिस्थानी हो जाते हैं और शिक्षक-छात्र अनुपात भी संतुलित बना रहता है । समस्या के समाधान हेतु शिक्षक सरकार और अधिकारियों से लगातार गुहार लगा रहे हैं।



मेरा सेवाकाल 5.2 साल का है लेकिन देवरिया ज़िले के जिस शिक्षक साथी से म्युचुअल करना चाहता हूँ उनका सेवाकाल मात्र 2.6 साल का है।

**-अर्जुन रानावत ,सोनभद्र**



मैं जौनपुर जिले में 2012 से कार्यरत हूँ और जालौन जिले में म्यूचुअल स्थानांतरण के लिए जिस शिक्षक को चुना है वो भी 69000 शिक्षक भर्ती के है यानी उनका सेवाकाल अभी 5 साल का नहीं हुआ है।

**- लक्षीकान्त,जौनपुर**



मैं झाँसी में नियुक्त हूँ। मेरा सेवाकाल 5 साल से कम है जबकि जौनपुर जिले में म्यूचुअल स्थानांतरण के लिए जो शिक्षक साथी चुना है,उनका सेवा काल 10 साल का है।

**- विवेक यादव, झाँसी।**

### योगी ने पुष्पवर्षा कर कांवडियों का किया अभिवादन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद मेरठ के पल्लवपुरम में दिल्ली-रुड़की मार्ग पर कांवड़ यात्रियों पर पुष्पवर्षा की। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार उन्होंने कांवड़ यात्रियों का अभिवादन किया और उनकी पवित्र कांवड़ यात्रा के सकुशल सम्पन्न होने की कामना की। मुख्यमंत्री ने उच्चाधिकारियों से कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इस सम्बन्ध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। गौरतलब है कि प्रदेश में पवित्र श्रावण मास में कांवड़ यात्रा श्रद्धा एवं उमंग के साथ सम्पन्न होती है। इस अवसर पर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह व सूचना संजय प्रसाद सहित शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने काशी विश्वनाथ मिल्क ऐंड मिल्क प्रोडक्ट का किया उद्घाटन



**सोनभद्र।** मधुपुर-नौगढ़ सम्पर्क के किनारे स्थापित की गयी काशी विश्वनाथ मिल्क एण्ड मिल्क प्रोडक्ट का उद्घाटन फीता काटकर किया, जिलाधिकारी ने। मिल्क डेयरी में लगे मशीनों को देखा और दूध से बनने वाले सामग्रियों के रख-रखाव, साफ-सफाई के साथ ही किये गये अन्य आवश्यक प्रबन्ध व्यवस्थाओं की जानकारी प्रोडक्ट जनरल मैनेजर से प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने जनरल मैनेजर से वार्ता के दौरान जिले के पशुपालकों को किस तरह से लाभ होगा के सम्बन्ध में गहनता पूर्वक अहम जानकारी प्राप्त की, तो जनरल मैनेजर द्वारा बताया गया कि दुग्ध उत्पादन वाले क्षेत्र के प्रत्येक गांवों में इस कम्पनी द्वारा चयंनित सचिव नियुक्त किया जायेगा, जो दूध को एकत्र करेगा, इसके बाद टैंकर के माध्यम से इकठ्ठा किये गये दूध को डेयरी मिल्क में लाया जायेगा और दूध के फैट के अनुसार मूल्य का भुगतान पशुपालकों को किया जायेगा जिससे पशुपालकों के आय में वृद्धि होगी तथा उचित दाम मिलेगा दूध का। कहा कि स्थानीय लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध होंगें। मिल्क डेयरी के स्थापित होने पर जिलाधिकारी ने कम्पनी खुलने से प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि जनपद में फैक्ट्री के स्थापना से स्थानीय लोगों को रोजगार के साथ ही दुध से उत्पादित सामग्रियां आसानी से व उचित दर उपलब्ध हो सके।

# इंद्रोली -कंडार ( चकराता, देहरादून ) के भवन में पारम्परिक गढवाली शैली की काष्ठ कला, अलकंरण, उत्कीर्णन, अंकन

**भीष्म कुकरेती**

गाँव, ब्लॉक , जनपद -इंद्रोली -कंडार , चकराता , देहरादून भवन का प्रकार अर्थात पुर व खंड - जौनसारी -उत्तरकाशी की क्षेत्रीय शैली जो हिमपात क्षेत्र में हेतु अति उपयुक्त , तिपुर , दुखंड। कोटि बनाल शैली अर्थात पत्थर व काष्ठ का भवन। मिट्टी दृष्टिगोचर नहीं हुआ। भवन में काष्ठ कला समीक्षा हेतु मुख्य अंग -जंगला , भवन के तीसरे तल में काष्ठ कक्ष दीवार

### जंगले का तल - प्रथम

छज्जा काष्ठ का है या पाषाण का ? काष्ठ व छज्जा काष्ठ के दासों पर टिका है। छज्जा काष्ठ के पटिलों /तख्तों से निर्मित हुआ है।



आभार : जगत सिंह नेगी

### जंगले में कितने स्तम्भ हैं -पांच

स्तम्भ कला - स्तम्भ के आधार में अधोगामी पद्म पुष्प दल का उत्कीर्णन हुआ है जो घट नितमित करता है जिसके ऊपर चूड़ी या ड्यूल अंकन है जिसके ऊपर उर्ध्वगामी पद्म पुष्प दल के अंकन से घट निर्मित हुआ है। ऊपर भी यही पद्म पुष्प दलों के उत्कीर्णन से घटों का पुनरावर्तन हुआ है। यहां से स्तम्भ थांत आकृति धारण करता है व यहीं से तोरणम का अर्ध चाप भी शुरू होता है जो दुसरे अर्ध चाप से मिल तोरणम निर्मित करता है। यदि तोरणम की कला चर्चा - तोरणम की आंतरिक परत बहु पत्तीय कोण से बने हैं जो आकर्षक हैं। तोरणम के स्कंध सपाट है।

### इंद्रोल कंडार में भवन के तीसरे तल में काष्ठ कला

तीसरे तल की दीवारें काष्ठ पत्तियों (तख्तों ) से निर्मित हुए हैं। तीसरे तल की छत भी काष्ठ पटिलों की है व जौनसार के भवनों की शैली अध्ययन से अनुमान लगाना सरल है कि तीसरे तल के ऊपर भी चौथा तल था।

निष्कर्ष- अपने यौवन काल में भवन अवश्य ही आकर्षक व गाँव का गर्व रहा होगा। भवन में प्राकृतिक व ज्यामितीय अलंकरण की कला विद्यमान है।

# पृथक पूर्वांचल राज्य सुगठित होने से ही पलायन रुकेगा यहां के युवा व बाशिंदों का

**सोनभद्र।** अलग पूर्वांचल राज्य की मांग कर रहे संगठन पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा के तत्वाधान में दिन के साढ़े ग्यारह बजे सोनभद्र के बढ़ौली, राबर्ट्सगंज स्थल पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष काकू सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई विशद सभा। बैठक में पूर्वी उत्तर प्रदेश प्रांत को अलग पूर्वांचल राज्य बनाने की रणनीति पर विधिवत विचार -विमर्श, चर्चा - परिचर्चा करते पूर्व के खाका के साथ नई रूपरेखा तय की गई।

राष्ट्रीय महासचिव एडश पवन कुमार सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश का पूर्वी भाग सबसे पिछड़ा हुआ है, इसकी वजह नागरिको के लिए बुनियादी सुविधाओं की कमी, उचित ग्रामीण शिक्षा और रोजगार की व्यवस्था न हो पाना, बेलगाम कानून व्यवस्था, कृषि घाटा, बराबर चिंता के प्रमुख कारण रहे है । इन तथ्यगत विषय बिंदुओं के



आलोक में आगे कहा कि पूर्वांचल सांस्कृतिक रूप से समृद्ध क्षेत्र है फिर भी पूर्वांचल हमेंशा उत्तर प्रदेश सरकार तथा भारत की केन्द्रीय सरकार द्वारा नजर अंदाज़ होता रहा है। यहाँ के नौजवानों ने माना है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश का भाग पूर्वांचल में बेरोजगारी की भीड़ पैदा करने वाली, सामाजिक रुप से अनुपयोगी, वर्तमान ख़स्ता शिक्षा व्यवस्था व यहां जर्जर हो चुके मूलभूत आवश्यकताओं की व्यवस्था पूरे ढ़ाँचे और पूर्वांचल को पिछड़ा रखने वाली नीति पर गहन गौर करें तो इनमें आमूलचूल परिवर्तन संग राजनीतिक परिवर्तन भी लाना जरुरी है और यही यहाँ के लिए सक्रिय- सार्थक उपाय होगा जिससे बेरोजगारों का पलायन रुक सके, थम सके युवाओं के बेरोजगारी के मद्देनजर पलयन के साथ - साथ प्रौढ़ एवं वृद्ध भी रोजगार मजदूरी के लिए दूरदेश तक जाते हैं स्वदेश छोड़ कर।

वक्तव्य को बगैर विराम दिये उडबोधन जारी रखा और आगे कहा कि अतएव इस व्यवस्था को समाप्त करना होगा, इसीलिए आज पूर्वांचल राज्य की मांग की लौ बढ़ती जा रही है जन- जन में! राष्ट्रीय प्रवक्ता एड0 अतुल प्रताप पटेल ने कहा कि अलग पूर्वांचल राज्य के मुद्दा मसला के रूप में तब्दील होता जा रहा है और इसकी लौ प्रखर होती जनज्वार का रूप लेती जा रही है अब। चंद्र भूषण मिश्र कौशिक ,पवन कुमार सिंह एडश, सीमा सिंह व कवि इंद्रजीत तिवारी निर्भीक सहित प्रबुद्ध जनों ने अपने विचार पूर्वांचल राज्य गठन से संबंधित जनहित में पर तल्ख तेवर में व्याख्यायित किये।

वक्तव्यों में कहा लोग ने कि पूर्वांचल राज्य की मांग को लेकर बराबर आवाज उठाते रहे , फिर क्या था पूर्वांचल राज्य की परिकल्पना जो लोग भूल चुके थे उनमें अपना हक़ पाने की ललक पैदा हो गई, पूर्वांचल राज्य आन्दोलन की लहर पैदा हो गई। पूर्वांचल राज्य पृथक करने की माँग आगे बढ़ती जा रही है , अब हर रोज पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा से सैकड़ों लोग दिन-प्रतिदिन जुड़कर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। प्रदेश सचिव नवीन कुमार पांडेय एड ने कहा कि पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा सितंबर माह में गांव गांव जाकर जन पंचायत लगाएगा। बैठक का संचालन राष्ट्रीय सचिव संदीप जायसवाल ने किया । इस अवसर पर राम गोपाल दुबे, मनोज जायसवाल, दीपनारायण पटेल, अशोक कुमार कनौजिया एड, मनीष रंजन एड, संतोष चतुर्वेदी , विकास त्रिपाठी, शाहनवाज हुसैन, नेतराज पटेल ,पवन कुमार द्विवेदी एडवोकेट, राजकुमार सिंह ,फूल सिंह,सहित अन्यान्य लोग उपस्थित रहे।